GORAKHPUR POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:-11-03-2024

लोस चुनाव को लेकर जवानों ने किया फ्लैग मार्च

पाली (एसएनबी)। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस व सीआईएसएफ के जवानों ने थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र के नेतृत्व में रविवार को सहजनवा थाना क्षेत्र के विभिन्न अति संवेदनशील व संवेदनशील गांवों व कस्बों में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया। सहजनवा, पाली, माट, मटियारी, वनकटीया, घघसरा कस्बा, डुमरी नेवास समेत अन्य कस्बों व गांवों में फ्लैग मार्च किया। मार्च में चौकी इन्चार्ज अवधेश पांडेय, सीआईएसएफ के एएसआई प्रदीप कुमार, इंस्पेक्टर संजय सिंह, राजेश कुमार, मनोज कुमार, प्रदीप सिंह, रूद्र प्रताप सिंह, श्रीराम समेत अन्य जवान मौजूद रहे।

मोतीराम अड्डा चौकी प्रभारी लाइनहाजिर

गोरखपुर (एसएनबी)। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने मोतीराम अड्डा चौकी प्रभारी रहे एसआई आशुतोष कुमार राय को पुलिस लाइन का रास्ता दिखा दिया है। इसी क्रम में पांच दारोगाओं को चौकी का प्रभार सौंपा है वहीं 26 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।

- पांच उपनिरीक्षकों को चौकियों का प्रभार
- 26 उपनिरीक्षकों के कार्यभार में बदलाव

एसआई अशोक कुमार सिंह को बलुआ चौकी, एसआई नितिन श्रीवास्तव को कस्बा पीपीगंज चौकी, एसआई अभिषेक राय को चौकी प्रभारी तरकुलहा, एसआई जनार्दन चौधरी को चौकी प्रभारी असवनपार एवं पुलिस लाइन में तैनात एसआई अभय नरायन सिंह को चौकी प्रभारी मोतीराम अड्डा का प्रभार सौंपा है। पुलिस लाइन में रहे एसआई राजेश यादव को एसएसआई झंगहा, एसआई शिवराज सिंह को एसएसआई कोतवाली की जिम्मेदारी दी है। एसआई संतोष कुमार सिंह को पीटर मोबाइल से थाना पिपराईच, एसआई आरिफ अली सेर को थाना सिकरीगंज से महिला थाना, एसआई धर्मराज चौबे को थाना चिलुआताल, एसआई विनय कुमार सिंह को झंगहा, एसआई राधेश्याम सेहरा को बेलघाट, एसआई अजय कुमार यादव को थाना पिपराईच, एसआई दिनेश कुमार चौधरी को थाना सिकरीगंज, एसआई गजेंद्र रघुवंशी को थाना राजघाट, एसआई रूप नरायन सिंह थाना रामगढ़ताल, एसआई संतोष पासवान को थाना रामगढ़ताल, एसआई शिव प्रकाश सिंह थाना बेलघाट, एसआई राहुल राव थाना चौरीचौरा, एसआई नंद किशोर सिंह रामगढ़ताल, एसआई अशोक कुमार चौबे को गुलरिहा, एसआई विजय शंकर सिंह उरुवा, एसआई राम प्रवेश सिंह गोरखनाथ, एसआई कन्हैया राम थाना शाहपुर, एसआई मनोज कुमार सिंह थाना कैम्पियरगंज, एसआई घुरा प्रसाद को एम्स, एसआई राजनाथ सिंह को कैंट, वीर बहादुर सिंह को बांसगांव, एसआई अवधेश तिवारी को झंगहा, एसआई अखिलेश उपाध्याय को हरपुर बुदहट, एसआई प्रभात सिंह को सिकरीगंज एवं एसआई अमित कुमार सिंह को थाना कैम्पियरगंज पर तैनाती दी गयी है।

हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

खोराबार (एसएनबी)। थाना क्षेत्र में बुलाकर बीती रात हार्डवेयर कारोबारी भाइयों पर जानलेवा हमला किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इस मामले में फौरी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उन्हें दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत रविवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। खोरावार थाना क्षेत्र के सिकटौर सहारा एस्टेट निवासी राजवीर यादव तथा राजदीप यादव पुत्रगण वैजनाथ यादव हार्डवेयर का होलसेल कारोबार करते है। पीड़ित राजवीर की तहरीर पर पुलिस गोविंद ठाकुर पुत्र अज्ञात तथा आठ से दस अज्ञात के खिलाफ धारा 147 , 148 , 149 , 323 , 504 , 506 , 307 , 397 आईपीसी के तहत पुलिस मुकदमा दर्ज करके रविवार को गोविंद ठाकुर और दो अन्य को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश की जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया। **दुकानदार और राहगीर रहे दहशत में :** बीती रात खोरावार थाना क्षेत्र के रामवरन चौराहे पर मनबढ़ो का तांडव देख कर स्थानीय दुकानदार और राहगीर भी सहम गए। लोगो ने बताया की गुंडो का तांडव देख कर कोई दुकानदार डर से मौके पर नही पहुंचा। स्थानीय लोगो ने बताया कि मनबढ़ असलहा लहरा रहे थे। बताया जा रहा है कि गोविंद ठाकुर बिहार में शराब सप्लाई का भी कारोबार करता है। जिसका रैकेट बड़े स्तर पर बिहार और यूपी में फैला हुआ है।

घर में घुसे चोरों को पकड़ पुलिस को सौंपा

जासं, भीटी रावत: सहजनवां थाना क्षेत्र के सहबाजगंज में एक बंद मकान में चोरी करते छह चोरों को गांव वालों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। सहबाजगंज वार्ड नंबर पांच की रहने वाली गृहस्वामिनी बच्ची पत्नी रामलाल ने बताया कि मैं परिवार के साथ बस्ती जिले में रहती हूं। शनिवार की रात सुनसान घर में एक गांव का रहने वाला युवक अपने पांच साथियों के साथ घुसकर चोरी कर रहा था। पड़ोसियों ने सभी को पकड़ लिया।

एम्स थाना क्षेत्र में दूसरे दिन भी महिला के गले से उड़ाई चेन

जासं, कुसम्ही बाजार : एम्स थाना क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन रविवार को भी महिला के गले से बाइक सवार दो बदमाशों सोने की चेन उड़ा दी। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों के पहुंचने पर वह फरार हो गए। जानकारी होने पर एम्स पुलिस सीसी कैमरे के फुटेज से बदमाशों की पहचान करने में लगी है। शनिवार को एम्स में उपचार कराने आई पिपराइच बसडीला की आशा त्रिपाठी के गले से सोने की चेन लेकर फरार हो गए थे।

पिपराइच क्षेत्र के खड़राइच निवासी गुड्डी सिंह रविवार को किसी काम से मोहद्दीपुर गई थीं। काम समाप्त होने के बाद वह आटो से कुसम्ही बाजार तक आईं। इसके बाद 1:30 बजे पैदल ही अपने घर की तरफ जा रही थीं। गुड्डी ने बताया कि अभी वह पिपराइच मोड़ पर पहुंची थीं कि पीछे से दो बाइक सवार बदमाश आए और गले से सोने का चेन खींचकर पिपराइच की तरफ फरार हो गए। सूचना पर पुलिस आसपास लगे सीसी कैमरे की फुटेज देखी तो उसमें बाइक सवार दो बदमाश चेन छीनकर ले जाते हुए दिख रहे हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

बीमारी दूर करने का झांसा दे गहने व पर्स ले भागे जालसाज

जागरण संवाददाता,गोरखपुर : फिजियोथेरेपी कराने आयी महिला की बीमारी झाड़फूंक से ठीक करने का झांसा देकर सोने की बाली व पर्स लेकर जालसाज फरार हो गए। अज्ञात के विरुद्ध जालसाजी व चोरी का मुकदमा दर्ज कर कैंट थाना पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। देवरिया जिले के गौरीबाजार, देवगांव में रहने वाले अभय प्रताप सिंह मां के साथ बेतियाहाता के पास किराए पर कमरा लेकर रहते हैं। आठ मार्च को मां रुस्तमपुर के पास फिजियोथेरेपी कराने गई थीं। लौटते समय रुस्तमपुर ढाला के पास दो जालसाज मिल गए और बीमारी के बारे में बताने लगे। मां उनकी बातों में आ गईं, इसके बाद जालसाज ने झाड़फूंक के बहाने कान की बाली व पर्स ले लिया।

सास-देवर पर छेड़खानी व मारपीट का केस दर्ज

गोरखपुर : गुलरिहा क्षेत्र की महिला ने रविवार को तहरीर देकर देवर व सास के विरुद्ध छेड़खानी व मारपीट का केस दर्ज कराया है। देवर इस्माइल गंदी नजर रखता है। शुक्रवार को देवर ने जबरदस्ती की। विरोध करने पर मारा पीटा। सास रहीसुन निशा से शिकायत की तो वह गाली देकर भगा दी। सीओ गोरखनाथ योगेन्द्र सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। (जास)

नर्सिंग के तीन छात्र-छात्राओं का नामांकन फर्जी, मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: बीआरडी मेडिकल कालेज के राजकीय नर्सिंग कालेज के प्रथम वर्ष (2023-24 बैच) के तीन छात्र-छात्राओं का नामांकन फर्जी पाया गया है। प्राचार्य की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने उनके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। इनमें एक छात्रा व दो छात्र शामिल हैं। जांच में प्रवेश परीक्षा के लिए भरे गए फार्म और नामांकन फार्म में अलग-अलग फोटो होने से मामला पकड़ में आया। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने इन तीनों छात्र-छात्राओं के नामांकन की वैधता पर सवाल उठाते हुए बीआरडी मेडिकल कालेज के प्राचार्य को इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया था। नर्सिंग प्रथम बैच की परीक्षा 24 जनवरी से शुरू हुई थी। उसके पहले यूनिवर्सिटी से पत्र आ गया, जिसमें इन तीनों छात्र-छात्राओं के नामांकन की वैधता पर सवाल उठाया गया था। कालेज प्रशासन ने जांच कराई तो सच्चाई सामने आ गई। फर्जी तरीके से प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं में गाजीपुर के चक जैनब जहूराबाद, बहरियाबाद के फरदीन अहमद, लखनऊ कमिश्नरेट के बहादुरपुर कल्याणपुर की नेहा सिंह व देवरिया जिले के सलेमपुर क्षेत्र के बंजरिया गांव निवासी शिवम सिंह शामिल हैं।

भतीजों पर दर्ज कराया छेड़खानी का मुकदमा

जासं, पादरी बाजार : शाहपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने सगे भतीजों पर मारपीट और छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया है। 50 वर्षीय अविवाहित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि भाइयों के परिवार के साथ रहती हूं। माता-पिता की मृत्यु हो गई है। इसके बाद से भाभी व भतीजे प्रताड़ित करने लगे। शनिवार की दोपहर दो से शाम छह बजे भतीजा नितेश बेन्स, सलीमन बेन्स व सैमसन बेन्स ने पिटाई करते हुए छेड़खानी की।

दिनदहाड़े छीन ली जाती थी गाड़ियां अब भागता फिर रहा माफिया अजीत!

ONCE UPON A TIME GORAKHPUR

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (10 March): गोरखपुर का एक परिवार कार से बाहर जा रहा था. बनारस रोड पर कुछ लोगों ने उसकी गाड़ी रुकवाई और परिवार को बाहर आने के लिए बोला. तू तू मैं मैं शुरू हुई और मनबढ़ी ने हाथ में असलहा निकाला और बोला कि अबे तेरी गाड़ी की किस्त बाकी है, बाहर निकल नहीं तो कार के अंदर ही परिवार समेत मार दूंगा. तू जानता नहीं हम लोग अजीत शाही के आदमी है. यह कहते हुए मनबढ़ी ने कार छिनकर परिवार को पैदल कर दिया. पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत भी की. पुलिस की मानें तो एक समय ऐसा था जब शहर के हर बैंक की रिकवरी का काम माफिया अजीत शाही संभालता था. तब सड़कों से गाड़ियां ओनर से छिन ली जाती थीं और घरों से भी लोन वाली कार गुंडों के दम पर उठा ली जाती थी. इतनी दहशत थी माफिया अजीत शाही की. आज वो माफिया शहर से भागा-भागा फिर रहा है.



पीडब्ल्यूडी कांड ने बढ़ाई अजीत की दहशत

पुलिस का कहना है कि गोरखपुर में अजीत शाही का एक समय राज चल रहा था. तभी ठाकुरों का ठेका मैनेज करने वाले विनोद उपाध्याय को चुनौती अजीत शाही की मिलनी शुरू हुई. अजीत शाही की आंख अब विनोद उपाध्याय का नाम खटकने लगा था. पीडब्ल्यूडी जहां सब क्रॉस काम अजीत शाही की टीम करती थी. साल 2007 में विनोद उपाध्याय ने भी पीडब्ल्यूडी में कदम रखा. करोड़ों रुपए का एक सड़क निर्माण का ठेका निकला. जिसको लेकर दोनों गैंग के बीच खेमाबंदी पर कशमकश शुरू हो गई.

लाल बहादुर ने कैप्चर किया पीडब्ल्यूडी

जाने माने एक सोशल रिसर्च ने बताया कि साल 2007 में पीडब्ल्यूडी में करोड़ों के ठेका के लिए टेंडर पड़ना शुरू हुआ. उस दिन अजीत शाही की टीम के सदस्य बहादुर यादव ने पूरा पीडब्ल्यूडी कैप्चर कर लिया यानी बाकायदी की टीम चारों तरफ फैला दी. खुद चीफ इंजीनियर के कमरे में बैठ गया. तभी पीडब्ल्यूडी गेट के सामने एक लग्जरी कार रुकी, जिससे विनोद उपाध्याय अपनी टीम के साथ पैदा हुआ था.

साल 2014 में फिर बैंगवार

पुलिस की मानें तो साल साल बाद एक बार फिर साल 2014 में दोनों ही गैंग का गैंगवार हुआ. इस बार अजीत शाही गैंग का मेन सदस्य लाल बहादुर यादव की यूनिवर्सिटी के सामने लग्जरी कार से उतरे हुए गोली मार हत्या कर दी गई. जिसमें विनोद उपाध्याय समेत 11 वारदातों को अंजाम दिया गया.

मुठभेड़ में मारा गया विनोद

साल 2023 में एक बार फिर अजीत शाही का नाम खबरों में आया. उसके ऊपर कोऑपरेटिव बैंक में जाकर फायरिंग करने का मुकदमा दर्ज हुआ. जिसके बाद पुलिस टीमों के सभी माफिया की पहचान खंगालना शुरू कर दी. जैसे जैसे इनमें ही चुके अजीत शाही ने कोर्ट में हाजिर होकर जेल में समय से सरेंडर हो गया. वहीं इसी बीच माफिया विनोद उपाध्याय का भी वारंट जारी हुआ. जिसके बाद वो फरार हो गया. पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए एक लाख का इनाम रखा. फरारी के दौरान ही पक्का जनवरी 2024 को सुल्तानपुर में पुलिस से मुठभेड़ में विनोद मारा गया.

माफिया पर दर्ज हुआ मुकदमा

इस मामले में माफिया अजीत शाही, संजय यादव, सतीश सिंह, इंद्रदेव पाण्डेय समेत 6 के खिलाफ बैंट थाने में मुकदमा दर्ज हुआ. इसके बाद विनोद और अजीत शाही गैंग की दुश्मनी और बढ़ गई.

पीडब्ल्यूडी में लड़खड़ाने लगी गोलियां

उस लग्जरी कार से दो युवक उतरे. एक युवक टेंडर डालने पीडब्ल्यूडी के अंदर जाने लगा. पुलिस को जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उसके अनुसार विनोद का साथी सत्येन्द्र और त्रिभुवन राय टेंडर डालने जा रहे थे. गेट पर जाने से पहले इंद्रदेव पांडेय और अन्य बदमाशों ने सत्येन्द्र पर गोलियां की बौछार कर दी. सत्येन्द्र मौके पर जमीन पर गिर गया. जबकि त्रिभुवन राय को भी गोली लगी थी, पीडब्ल्यूडी से आतंकी को लोग भागने लगा. उसके पीछे लाल बहादुर, इंद्रदेव पाण्डेय भी दौड़े. तभी एक चाय की गुमटी के पास से त्रिभुवन राय भी गिर गया. सत्येंद्र और त्रिभुवन की वहीं मौत हो गई.

अजीत शाही पर दर्ज मुकदमे 33

विनोद उपाध्याय पर दर्ज मुकदमे 40

"अजीत शाही की अवैध प्रापर्टी सीज की गई है. आगे भी कार्रवाई चल रही है. पुलिस इसके जीतने भी केस हैं, उसकी पैरवी तेज कर सजा दिलाने का भी प्रयास कर रही है.

कृष्ण कुमार बिश्नोई,
एसपी सिटी

पति, सास व ननद पर दहेज उत्पीड़न का केस

घघसरा। सहजनवा निवासी एक विवाहिता ने पति सहित ससुराल वालों पर दहेज में चार पहिया वाहन और 5 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए थाने में रविवार को तहरीर दी है। सहजनवा निवासी माधुरी पुत्री राम प्रसाद ने दिए तहरीर में बताया कि शादी 13 फरवरी 2015 में अभिषेक राज निवासी मनहनडिह जिला अस्पताल बस्ती के साथ हुई थी। शादी में विवाहिता के परिजन ने उपहार 5 लाख का सामान और सात लाख रूपये नकद दिए थे। विदाई के बाद ससुराल पहुंची तो कुछ दिन तक ठीक ठाक चला।

इस के बाद पति, सास, ननद दहेज में चार पहिया वाहन, 5 लाख रुपये की मांग करने लगे। विवाहिता ने मायके लोगों को बताई जो असमर्थता जाहिर किए। इसके बाद पति और ससुराल के लोग मारपीट कर उत्पीड़न करना शुरू कर दिए। मारपीट कर घर भगा दिए।

हिट एंड रन : कार ने छह लोगों को कुचला, तीन मरे

गोरखपुर। गोरखनाथ और रामगढ़ताल इलाके में रविवार रात हिट एंड रन के मामले में तीन लोगों की मौत हो गई। गोरखनाथ इलाके में रामनगर चौराहे पर तेज रफ्तार कार ने तीन लोगों को कुचल दिया, जिसमें दो की मौत हो गई। उधर, रामगढ़ताल इलाके के नौकायन चंपा देवी पार्क के पास अनियंत्रित कार, स्कूटी और बाइक में टक्कर मारते हुए पलट गई। हादसे में बाइक और स्कूटी सवार तीन लोग घायल हो गए। बाद में इसमें से एक की जान चली गई। >> विस्तृत पेज 3 पर

छेड़खानी का विरोध करने पर पीटा, मुकदमा

घघसरा। गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की शाम 7 बजे किशोरी अपनी मां के साथ नित्यकर्म के लिए गई हुई थी। एक युवक किशोरी संग छेड़खानी करने लगा था। मां ने युवक की हरकत देखकर शोर मचाया तो आरोपी फरार हो गया। किशोरी के परिजन आरोपी के घर पर उलाहना देने पहुंचे तो घर में घुस कर किशोरी की मां और उसके पिता को पीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने संदीप, गोविंद, सतीश, श्याम पर केस दर्ज किया।

चौराहे पर मनबढ़ों ने युवक को पीटा, केस

घघसरा। शाहपुर निवासी संगीता देवी ने पुलिस को बताया कि बेटा नीरज अपने दोस्त मुन्ना के साथ जानवरों के लिए चोकर लेने जा रहा था। थरुआपार चौराहे के पास आधा दर्जन की संख्या में मनबढ़ रास्ते में रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर मारने पीटने लगे। सिर पर चोट लगने से वह बेहोश हो गया। पुलिस ने पीड़ित की मां की तहरीर पर आरोपी अजय, विवेक, रामराज, आजाद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भाइयों पर हमले में हत्या के प्रयास और चेन स्नेचिंग का मुकदमा

खोराबार,हिंदुस्तान संवाद। पैसा मांगने गए भाइयों पर हमले में पुलिस ने गोविंद ठाकुर और उनके सात साथियों पर केस दर्ज कर बसडीला बुजुर्ग तमकुहीराज कुशीनगर हालमुकाम खोराबार के रामबरन चौराहा से गोविंद, जंगल सिकरी के विकास व दुर्गेश सिंह महुआ पाटन थाना कटया जिला गोपालगंज को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया।

खोराबार के रामबरन चौराहा निवासी गोविंद ठाकुर ने मकान बनवाते समय सहारा इस्टेट निवासी हार्डवेयर के कारोबारी राजबीर यादव से सामान लिया था। हार्डवेयर कारोबारी का एक लाख दस हजार रुपये गोविंद ठाकुर का बकाया था। कारोबारी एक साल से पैसे का तगादा कर रहा था। आठ मार्च शनिवार को रात करीब 8.30 बजें गोविंद ने पैसा देने के लिए राजबीर को रामबरन चौराहे पर बुलाया। राजबीर यादव अपने भाई राजदीप के साथ पहुंचा। गोविंद ठाकुर ने जानलेवा हमला कर दिया।

तीन छात्रों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

बीआरडी नर्सिंग

- जालसाजी से तीनों ने ले लिया था प्रवेश, जांच में पकड़ा गया फर्जीवाड़ा
- एक आरोपी देवरिया, दूसरा गाजीपुर व तीसरा लखनऊ का निवासी

गुलरिहा, हिन्दुस्तान संवाद। बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज में फर्जी तरीके से प्रवेश लेने वाले तीन छात्रों के खिलाफ पुलिस ने नामांकन में फर्जीवाड़ा का केस दर्ज किया है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा के दौरान एडमिट कार्ड, सी-नेट फॉर्म व काउंसलिंग फॉर्म में लगी फोटो और पढ़ाई कर रहे छात्रों के चेहरों का मिलान न होने पर छात्रों से जवाब मांगा गया था। किसी छात्र की तरफ से जवाब नहीं मिलने और प्रवेश में फर्जीवाड़ा मिलने पर नर्सिंग कालेज के प्रधानाचार्य ने तीनों के खिलाफ तहरीर दी थी। इससे पहले भी एक छात्र के खिलाफ केस दर्ज हो चुका है।

बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग कालेज में प्रवेश ले चुके तीन छात्रों पर फर्जीवाड़ा कर प्रवेश लेने का संदेह होने पर प्रधानाचार्य ने अटल बिहारी बाजपेई चिकित्सक विश्विद्यालय को पत्र लिख जांच की मांग की थी। प्रवेश के बाद से ही आरोपित तीनों छात्र कालेज आना बंद कर दिए थे। विश्वविद्यालय द्वारा गठित जांच टीम ने पाया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा के दौरान एडमिट कार्ड, सी-नेट फॉर्म व काउंसलिंग फॉर्म में लगी फोटो पढ़ाई कर रहे छात्रों के चेहरे से अलग मिले। अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा फर्जी तरीके से प्रवेश लेने वाले गाजीपुर जिले के चक जैनब जहूराबाद, बहरियाबाद निवासी फरदीन अहमद, लखनऊ कमिश्नरेट के बहादुरपुर कल्याणपुर निवासी नेहा सिंह व देवरिया जिले के बंजरिया सलेमपुर निवासी शिवम सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का निर्देश नर्सिंग कॉलेज प्रशासन को मिला था।

गत 5 फरवरी को कालेज की प्रधानाचार्या अलका सक्सेना द्वारा दी गई तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने तीनों छात्रों के खिलाफ धारा 420 आईपीसी, 6/10 उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 के उल्लंघन का केस दर्ज किया है। इससे पहले भी कॉलेज से दो छात्र लापता हो चुके हैं। उनमें से एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने आईसीसीसी का किया शुभारम्भ

रविवार को नगर निगम परिसर में सीएम योगी ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर का उद्घाटन करने के बाद उसका निरीक्षण कर सुझाव दिए। ■ हिन्दुस्तान

उद्घाटन

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। नगर निगम के लोकार्पण शिलान्यास समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम के नवीन भवन में भूतल पर निर्मित इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर (आईसीसीसी) का फीता काटकर उदघाटन किया। कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को कुछ सुझाव भी दिए। यह भी निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम को ट्रैफिक और शहर की सुरक्षा के लिए लगाए गए कैमरों से भी जोड़ा जाना चाहिए।

नगर आयुक्त गौरव सिंह सोनगरवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि राज्य स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत आईसीसीसी के निर्माण पर 5.15 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। शहर में त्रिनेत्र एवं अन्य स्रोतों से लगाए गए कैमरों को जोड़ा जाएगा। शहर की सुरक्षा को बल मिलेगा ही, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट की सेवाओं को भी जोड़ा जाएगा। उनकी निगरानी भी सुगम होगी। उदघाटन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाई मित्रों का मनोबल बढ़ाते हुए उनके साथ फोटो खिंचवाई।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

सीएम योगी आदित्यनाथ का स्वागत महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव और आभार ज्ञापन गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह ने किया। मंच पर जिप अध्यक्ष राधना सिंह, विधायक कमलेश बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, पूर्व महापौर सीताराम जायसवाल, अंजू चौधरी, डॉ. सत्या पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, नगर निगम के उप सभापति धर्मदेव चौहान, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोनगरवाल, पूर्व उपसभापति पार्षद ऋषि मोहन वर्मा, मनु जायसवाल, अजय राय, रणंजय सिंह जुगनू, विश्वजीत त्रिपाठी, विष्णु गौड़, रामगति निषाद, पवन त्रिपाठी, नीरा यादव, सौरभ पिल्लकर्मा समेत अन्य भाजपा पार्षद उपस्थित रहे।

अपराध संक्षेप

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोला। नाबालिग को बहला-फुसला कर भगाने और दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गोला थानाध्यक्ष अवधेश चंद मिश्रा के मुताबिक, संतकबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी गोला क्षेत्र में रिश्तेदारी में रह रही थी। ब्यूरो

जमीन का फर्जी दस्तावेज बना बेचने का आरोप

गोरखपुर। तिवारीपुर इलाके के जाफरा बाजार निवासी मोहम्मद हमजा ने जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर उन्होंने बताया कि 1975 में पिता ने चिलमापुर में 75 डिसमिल जमीन ली थी। बाहर रहने की वजह से इसकी जानकारी नहीं थी। बाद में पता चला कि जमीन पिता के नाम से है। इसी बीच 2012 में पिता की मौत हो गई। आरोप है कि गोरखपुर आने पर जमीन के बारे में पता किए तो मालूम हुआ कि तीन लोगों ने जमीन का फर्जी कागज तैयार कर बेच दिया है। ब्यूरो

झाड़-फूंक के बहाने गहने लेकर फरार

गोरखपुर। कैंट इलाके के बेतियाहाता के पास झाड़-फूंक के बहाने बीमारी दूर करने का झांसा देकर महिला से सोने की बाली और पर्स लेकर ठग फरार हो गए। महिला फिजियोथेरेपी कराकर लौट रही थी। घर जाकर उसने बेटे को जानकारी दी, जिसके बाद बेटे ने कैंट थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी देखा है।

हनुमान मंदिर बेतियाहाता के पास किराये के मकान में रहने वाली महिला के बेटे अभय प्रताप सिंह ने केस दर्ज कराया है। देवरिया जनपद के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के देवगांव के मूल निवासी अभय ने दी तहरीर में लिखा है कि आठ मार्च को मां रुस्तमपुर के पास फिजियोथेरेपी कराने गई थी। लौटते समय ढाला के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास घटना हुई। ब्यूरो

बीआरडी : नर्सिंग प्रवेश में जालसाजी

तीन छात्रों के खिलाफ केस दर्ज

लखनऊ, गाजीपुर और देवरिया के रहने वाले हैं आरोपी छात्र

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा (गोरखपुर)। बीआरडी मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज में फर्जी तरीके से प्रवेश लेने वाले तीन छात्रों के खिलाफ पुलिस ने जालसाजी का केस दर्ज किया है।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा के दौरान एडमिट कार्ड, सी-नेट फॉर्म और काउंसिलिंग फॉर्म में मौजूद तथ्यों और पढ़ाई कर रहे छात्रों के चेहरों का मिलान नहीं होने पर उनसे जवाब मांगा गया था। किसी छात्र की तरफ से उत्तर नहीं मिलने और प्रवेश में फर्जीवाड़ा मिलने पर नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज करने की लिखित तहरीर दी थी। इससे पहले भी एक छात्र के खिलाफ केस दर्ज हो चुका है।

अपनी जगह दूसरे को बैठाकर परीक्षा पास करने की आशंका

जानकारी के मुताबिक, बीआरडी मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग में प्रवेश ले चुके आरोपी तीनों छात्रों ने कॉलेज आना बंद कर दिया था। अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ की ओर से गठित जांच टीम ने पाया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा के दौरान एडमिट कार्ड, सी-नेट फॉर्म व काउंसिलिंग फॉर्म में मौजूद फोटो से पढ़ाई कर रहे छात्रों के चेहरे अलग हैं।

> पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। प्रकरण की गंभीरता से जांच की जाएगी। जांच और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> **- कृष्ण कुमार बिश्नोई,** एसपी सिटी

इसके बाद विश्वविद्यालय ने फर्जी तरीके से प्रवेश लेने वाले गाजीपुर जिले के चक जैनब जहूराबाद, बहरियाबाद निवासी फरदीन अहमद, लखनऊ के बहादुरपुर कल्याणपुर निवासी नेहा सिंह और देवरिया जिले के बंजरिया सलेमपुर निवासी शिवम सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश नर्सिंग कॉलेज प्रशासन को दिया गया था।

पांच फरवरी को कॉलेज की प्रधानाचार्य अलका सक्सेना की ओर से दी गई तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने तीनों छात्रों के खिलाफ जालसाजी, आईटी और उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 के उल्लंघन की धारा में केस दर्ज किया है। आशंका है कि अपनी जगह दूसरे को बैठाकर परीक्षा पास की गई है। इससे पहले भी कॉलेज से दो छात्र लापता हो चुके हैं। इसमें से एक के खिलाफ केस दर्ज कराया जा चुका है।

देवर पर छेड़खानी और मारपीट का केस दर्ज

गुलरिहा। इलाके के एक गांव की महिला ने देवर पर छेड़खानी और मारपीट का केस दर्ज कराया है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति मुंबई में काम करते हैं। शुक्रवार को वह बाथरूम में नहाने गई तो देवर घुसकर जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर मोबाइल फोन तोड़ दिया। पीड़िता की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

रुपये मांगने पर मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

खोराबार (गोरखपुर)। खोराबार इलाके के रामबरन चौक के पास उधार के रुपये मांगने पर मारपीट, फायरिंग करने के आरोप में तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान कुशीनगर के तमकुहीराज, बसडीला बुजुर्ग निवासी गोविंद ठाकुर, विकास और गोपालगंज के कटया थाना क्षेत्र के महुआ निवासी दुर्गेश सिंह के रूप में हुई है। ब्यूरो

मेडिकल कॉलेज : नर्सिंग प्रवेश में जालसाजी तीन छात्रों पर केस दर्ज

गुलरिहा (गोरखपुर)। बीआरडी मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज में फर्जी तरीके से प्रवेश लेने वाले तीन छात्रों के खिलाफ पुलिस ने जालसाजी का केस दर्ज किया है।

लखनऊ गाजीपुर व देवरिया के रहने वाले हैं आरोपी छात्र

संयुक्त प्रवेश परीक्षा के दौरान एडमिट कार्ड, सी-नेट फॉर्म और काउंसिलिंग फॉर्म में मौजूद तथ्यों और पढ़ाई कर रहे छात्रों के चेहरों का मिलान नहीं होने पर जवाब मांगा गया था। किसी छात्र की तरफ से उत्तर नहीं मिलने और प्रवेश में फर्जीवाड़ा मिलने पर नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य ने तीनों पर केस दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी। मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग में प्रवेश ले चुके आरोपी तीनों छात्रों ने कॉलेज आना बंद कर दिया था। >> विस्तृत पेज 10 पर

सात भू-माफिया पुलिस के रडार पर

ठगी के शिकार पीड़ितों को एनाउंस कराकर बुलाएगी पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। सीलिंग की जमीन बेचने वाले जालसाज कमलेश यादव, दीनानाथ ही नहीं शहर में कई और जालसाज भी हैं, जो लोगों से ठगी किए हैं। एसपी सिटी के पास एक ही जालसाज के खिलाफ कई प्रार्थनापत्र आने के आधार पर सात ठगों के नाम सामने आए हैं जो पुलिस के रडार पर हैं। इसमें से किसी ने सरकारी जमीन बेच दी है तो किसी ने कइयों से रुपये वसूल कर हड़प लिए।

जमीन तो दूर रुपये भी वापस नहीं किए हैं। अब इन जालसाजों की सूची तैयार कर एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सीओ कैंट को जांच सौंप दी है। खबर है कि पुलिस ऐसे ठगों के खिलाफ कमलेश की तरह ही इनके ठगी वाले इलाकों में एनाउंस कराकर पीड़ित को बुलाएगी।

दरअसल, पुलिस लगातार ठगों पर

गोली-बोली से हथियाते थे जमीन, चाबुक चला तो खोज रहे ठौर

6 मार्च को प्रकाशित खबर।

एक ने बेच दी है सरकारी जमीन

इन सब में एक जालसाज एम्स इलाके का रहने वाला है। उसके खिलाफ आई अब तक की शिकायत से यही सामने आया है कि इसने भी सरकारी जमीन को बेचने की जालसाजी की है। यही वजह है कि पुलिस इसके खिलाफ इलाके में एलाउंस कराने की तैयारी में है, ताकि और पीड़ित सामने आ सकें और केस दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

कार्रवाई कर रही है। इसमें से कई जमीन के नाम पर ठगी करने वाले भी

सात लोगों की सूची तैयार की गई है। पूरे प्रकरण की जांच सीओ कैंट को सौंपी गई है। इनके खिलाफ भी एलाउंस कराने की तैयारी है, ताकि पीड़ित आगे आएं और केस दर्ज कर जालसाजों पर कार्रवाई की जाए सके। आम लोगों के रुपये हड़पने वालों पर पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी। - **कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी सिटी

सामने आए हैं। सबसे बड़े जालसाज ओमप्रकाश और कमलेश यादव सामने आए हैं।

पुलिस अब इसी तरह से लोगों को पीड़ित करने वाले ठगों पर कार्रवाई करने के लिए सूची तैयार की है। एसपी सिटी ने कार्यालय में प्रार्थनापत्र लेकर आने वाले पीड़ितों के बताए अनुसार एक अलग रजिस्टर तैयार किया था, जिसमें तीन से अधिक प्रार्थनापत्र एक ही जालसाज के खिलाफ आने के बाद नाम दर्ज किया गया है। अब उस रजिस्टर में सात नाम शामिल हो गए हैं।

DEORIA POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2024

पशुओं से भरा ट्रक खराब ट्रक छोड़ भागे तस्कर

लार (एसएनबी)। लार रामजानकी मार्ग के रास्ते पशुओं को बंगाल ले जा रहे तस्करों की ट्रक रविवार की सुबह लार के सुकठ मोड़ पर अचानक खराब हो गई। इसके बाद तस्कर ट्रक छोड़ फरार हो गए। ट्रक के अंदर ग्रामीणों ने देखा तो क्रूरता पूर्वक गोवंश लदे थे। इसकी सूचना लोगों ने पुलिसको दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस गोवंश लदी ट्रक को कब्जे में ले लिया। ट्रेक्टर से टोचन कर पशुओं से भरी ट्रक को गोशाला लेकर चले गए जहां पशुओं को उतारा गया। पुलिस के मुताबिक ट्रक में कुल 24 गोवंशों में 11 गाय, 5 सांढ़, 5 बछिया व 4 बछड़ा क्रूरता पूर्वक लादे गए थे।ट्रक से सभी गोवंश को उतार कर गोशाला में सुपुर्द कर दिया गया। ट्रक से कुल 25 पशुओं में से 4 पशुओं मृत उतारा गया। उन्हें जेसीवी की सहायता से नीचे उतार कर मिट्टी में दफन कर दिया गया। पुलिस ट्रक के नंबर से तस्करों को ट्रेस करने में जुटी हुई है। उधर ग्रामीणपुलिस पर गोवंश तस्करी कराने का आरोप लगा रहे हैं। उक्त सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी ने बताया कि गोवंश लदे ट्रक को कब्जे में लेकर पशुओं को गोशाला में उतरवाया गया है। मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाया कर पशुओं की जांच कराई गई है। मृत पाए गए 4 पशुओं को मिट्टी में दफन कर दिया गया है। सीओ दीपक शुक्ला ने बताया की मामला संज्ञान में है। जल्द ही पुलिस टीम तस्करों तक पहुंच जाएगी।

युवक पर छेड़खानी का केस दर्ज

लार (एसएनबी)। लार थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने गांव के ही एक युवक पर छेड़खानी का आरोप लगाया है।पुलिस इस मामले में केस दर्ज कर छान बीन में जुट गई है। लार थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती लार पुलिस को तहरीर देकर बताई है कि मेरे ही गांव का एक युवक रास्ते में आते जाते अपने घर के पास तथा रास्ते में मेरे साथ अश्लील हरकत करता था मना करने पर कहता था कि मैं तुमसे शादी करूँगा।मैं मर्यादा के कारण चुप रही। मैं अपनी इज्जत को लेकर चिंतित हूँ। पुलिस ने इस मामले युवती के गांव के ही पीयूष सिंह पुत्र मृत्युंजय सिंह के विरुद्ध छेड़खानी का केस दर्ज की है।इस संबंध में इंस्पेक्टर कपिलदेव चौधरी ने बताया कि केस दर्ज कर आगे की कार्यवाई की जा रही है।

दो मोबाइल बरामद, दो धराये

देवरिया(एसएनबी)। थाना जीआरपी एवं आरपीएफ पोस्ट देवरिया की संयुक्त टीम ने यात्रियों से चोरी किए गए दो अदद मोबाइल के साथदो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम व पता अरसद अंसारी पुत्र मुख्तार अहमद निवासी खरजरवा थाना कोतवाली जनपद देवरिया एवं मनीष वर्मा उर्फ मंटू वर्मा पुत्र नन्हे वर्मा निवासी बैरौना थाना खुखुंदू जनपद देवरिया बताया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से बरामद मोबाइल जीआरपी देवरिया पर दर्ज मु अ सं 41 2023, धारा 379, 411 आईपीसी एवं मु अ सं 05 2024 धारा 379, 411 आईपीसी से सम्बंधित है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जीआरपी थाना देवरिया के प्रभारी निरीक्षक सुधाकर उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए स्वयंसेवकों ने निकाली रैली

भाटपार रानी (एसएनबी)। रविवार को कस्बे के मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठें दिन सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने प्रार्थना, योगाभ्यास कर ,लक्ष्य गीत गाकर, श्रमदान व साफ सफाई का कार्य किया। कार्यक्रम का मुख्य विषय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान रहा। स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली । रैली को समाजसेवी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिव प्रसाद ने झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली महामना संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण से शुरू होकर, सोहनपार होते हुए पूरे नगर में भ्रमण की । अपने बैनर, पोस्टर, स्लोगन, नारों से नगर वासियों को सुरक्षित यातायात हेतु जागरूक किया । रैली का विशेष आकर्षण स्वयंसेवक और स्वयंसेवकों द्वारा लगाए जाने वाले नारे रहे। जो नगर वासियों का ध्यान आकर्षण करने में प्रभावी सिद्ध हुए। तदोपरांत सांस्कृतिक और बौद्धिक कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शक्ति सिंह रहें।उन्होंने सुरक्षित यातायात हेतु छोटी-छोटी बातों की तरफ ध्यान देने को कहा। यात्रा में जल्दबाजी न करें, मोड़ पर गाड़ी धीरे चलाएं, यात्रा करते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें। सुरक्षित जीवन रखें। अंत में सुरक्षित यातायात हेतु उन्होंने यातायात के नियमों को पालन हेतु शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रणजीत सिंह ने कहा कि अपनी यात्रा तो आप सुरक्षित रखें।

सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश देते छात्र।

अपशब्द बोलने वाले युवक पर केस

देवरिया। गांव की पोखरी व अन्य सार्वजनिक जमीनों पर अबैध कब्जे की आनलाइन शिकायत से नाराज एक युवक ने दरवाजे पर पहुंचकर अपशब्द कहने लगा, घर में घुसकर परिवार वालों को जान से मारने की धमकी देने लगा। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को देने पर गाली देने वाला धमकी देकर भाग गया। सदर कोतवाली पुलिस ने इस मामले में शहर के सोंदा निवासी मनीष मिश्र की तहरीर पर सोंदा निवासी अमन चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया है।

दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में मुकदमा

भागलपुर। सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में मईल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बलिया उत्तर गांव निवासी इब्राहिम का लड़का धन्नू उर्फ इस्माइल 26 फरवरी की रात लगभग 9 बजे बाइक पर उन्हें लेकर घर आ रहा था। उसी दौरान एक अन्य बाइक के अज्ञात चालक ने उन्हें ठोकर मार दिया। इस हादसे में धन्नू उर्फ इस्माईल की मौत हो गई थी।

अलाव की आग से झोपड़ी में लगी आग

पिण्डी। लार थाना क्षेत्र के पिण्डी गांव निवासी देवेंद्र साहनी पुत्र विंदेश्वरी साहनी तटबंध पर झोपड़ी डाल कर पशु पालन करते हैं। उक्त झोपड़ी में घूरे की आग से आग पकड़ लिया और झोपड़ी जलने लगा। ग्रामीणों के अथक प्रयास के पश्चात आग पर काबू पाया गया। जब लोग आग पर काबू पाया तबतक देवेंद्र साहनी के झोपड़ी में रखा चौकी, बिस्तर,लकड़ी,भूसा,बाल्टी, गेहूं, पुआल, चारा मशीन सहित सारा सामान जल कर खाक हो गया। संयोग अच्छा रहा की लोगों ने प्रयास कर पशुओं को झोपड़ी से बाहर कर दिया वरना पशु भी हताहत हो गए होते।

गोवंश ले जा रहे ट्रक को ग्रामीणों ने पकड़ा

लार। थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर रविवार की सुबह एक ट्रक बीच सड़क पर खराब हो गया। ट्रक खराब होने के बाद चालक ट्रक छोड़ फरार हो गए। बीच सड़क पर खड़ा ट्रक देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने ट्रक के अंदर देखा तो उसमें क्रूरता से गोवंश लादा गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर थाने चली आयी।

पकड़े गये ट्रक में 25 पशुओं को क्रूरता पूर्वक लादा गया था। पुलिस ट्रक के चेचिस नंबर से तस्करों को ट्रेस करने में जुट गई है।

सुरक्षा में छतों से ओवरब्रिज तक मुस्तैद रही पुलिस

देवरिया, निज संवाददाता। चीनी मिल ग्राउंड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस, पीएसी के साथ खुफिया एजेंसी को तैनात किया गया था। हेलीपैड से मंच तक एनएसजी के साथ कमांडों का पहरा था।

शहर के चीनी मिल परिसर में मुख्यमंत्री की सभा के लिए विशाल पांडाल बनाया गया था। सीओ अलग-अलग हिस्से में की कमान संभाले हुए थे। इसके साथ कार्यक्रम स्थल के समीप के घरों के छत पर पुलिस को तैनात किया गया था। एक एएसपी, सात सीओ, 28 इंस्पेक्टर, 94 दरोगा, 492 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, महिला कांस्टेबल 110 तैनात किया गया था। इसके साथ ही बम निरोधक दस्ता, अग्निशमन विभाग, ट्रैफिक पुलिस को लगाया गया था। इसके लिए संतकबीर नगर और बस्ती से सीओ आए हुए थे। हेलीपैड की सुरक्षा में एक सीओ, दो इंस्पेक्टर, छह दरोगा, 40 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल और 10 महिला कांस्टेबल को तैनात किया गया था।

गोरखपुर ओवरब्रिज के पास रूट डायवर्जन में लगे पुलिसकर्मी।

हेलीपेड से मंच की सुरक्षा के लिए एक सीओ, एक एसओ, दो दरोगा, दो महिला और 10 पुरुष हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल को लगाया गया था। वहीं, महिलाओं की भीड़ को पुलिस को सम्भालने में परेशानी का सामाना करना पड़ रहा था।

रूट डायवर्ट होने से लग गई वाहनों की कतार : सीएम के कार्यक्रम के चलते शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लग गया था। इसके लिए बाहर से आने वाले वाहनों को पुरवा से कसया बाईपास होते हुए कसया ढाला के रास्ते महुआनी - सोनूघाट भेजा जा रहा था। वहीं सलेमपुर और बरहज से आने वाले वाहनों को भी इसी रास्ते भेजा जा रहा था।

वहीं कसया के तरफ से आने वाले भारी वाहनों को कसया रोड पर ही रोक दिया गया था। रुद्रपुर के तरफ से आने वाले वाहनों को अमेठी मोड़ और कतरारी चौराहे पर रोका गया था।

तीन घंटे तक घरों में कैद रहे लोग

देवरिया, निज संवाददाता। चीनी मिल कार्यक्रम स्थल के समीप अली नगर में सुबह से पुलिस को तैनात किया गया था। मुख्यमंत्री के आगमन के पहले ही पुलिस कर्मी महिला, बच्चो और लोगों को अंदर कर दरवाजे पर मुस्तैद हो गए। लोंगों को छतों पर भी नहीं जाने दिया गया।

वहीं लोग अपने मकान और कमरों के जंगले और लान से मुख्यमंत्री को देख और सुन रहे थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते तीन घंटे तक लोग अपने घरों में कैद रहे।

सेफ हाउस पर जमे रहे आलाधिकारी : सीएम के कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम स्थल के समीप ही सेफ हाउस बनाया गया था। जहां जिले के साथ लखनऊ से आए अधिकारी सेफ हाउस में जमे हुए थे।

मीडिया गैलरी में भाजपाइयों का कब्जा: सीएम की सभा के लिए पंडाल में डी एरिया के पास मिडिया गैलरी बनाया गया था। उसमें भाजपा नेताओं ने कब्जा कर लिया था। जिससे मीडिया के लोगों को खड़े होकर सीएम के कार्यक्रम को कवर करना पड़ा।

सीएम की ड्यूटी में लगे रहे आधा दर्जन चिकित्सक

मुख्यमंत्री की सभा को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम सभा स्थल पर सुबह से मुस्तैद थी। टीम के सदस्य ब्लाड के साथ पांच चिकित्सक सभा स्थल पर थे। वहीं जिला अस्पताल में कंटिजेंसी अस्पताल बनाया गया था वही सेफ वार्ड भी आरक्षित कर रखा गया था। कार्यक्रम स्थल पर दो एम्बुलेंस और एक अस्पताल में रखा गया था। वहीं मुख्मंत्री के ब्लड ग्रुप की चार यूनिट ब्लड भी ले गई थी। मुख्मंत्री योगी आदित्यनाथ का ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव है।

युवती से छेड़खानी मामले में केस दर्ज

लार। एक युवती के साथ हुई छेड़खानी के मामले में लार पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध छेड़खानी का केस दर्ज किया है लार थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके गांव का युवक रास्ते में आने जाने पर अश्लील हरकत करता है। जबरन शादी करने को धमकी देता है। पुलिस ने पियुष सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

मार्च कर सुरक्षा का कराया अहसास

प्रतापपुर। श्रीरामपुर पुलिस ने रविवार को फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। चुनाव व होली, रमजान को लेकर रविवार को श्रीरामपुर थानाध्यक्ष कल्याण सिंह सागर के नेतृत्व में पुलिस ने बार्डर क्षेत्र के चित्रसेन बनकटा, रामपुर प्रतापपुर, हरेराम चौराहा, हाता बाजार, बलिवन बाजार, भवानीछापर बाजार, चकिया कोठी में फ्लैग मार्च निकाला लोगों से शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की।

पुलिसकर्मियों ने चलाया अभियान

महुआडीह। महिला पुलिस द्वारा शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल की ओर से महिलाओं व छात्राओं आत्मरक्षा को जागरूक किया गया। इस दौरान महिला कास्टेबल रोहणी , सरिता , सुमन रही ।

आजाद हिंद सेना को पुलिस ने रोका

देवरिया। रविवार को चीनी मिल ग्राउंड परिसर में जिले में विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उद्योग विभाग व अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के संदर्भ में पत्रक देने सभास्थल पर जाते समय पुलिस ने आजाद हिन्द सेना वाहिनी के अध्यक्ष ऋषि पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ताओं को एलआईयू प्रभारी ने रोक दिया। जिससे वे मुख्यमंत्री को पत्रक नहीं सौंप सके।

लापरवाही से बाइक चलाने वाले पर केस

देवरिया। लापरवाही से बाइक चलाने वाले के चलते पति, पत्नी गिरकर घायल हो गये। इसमें पत्नी को गंभीर चोट लगी इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

भाटपाररानीके महुजा निवासी कृष्ण पाण्डेय ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दिया कि 7 मार्च-24 की शाम करीब 6 बजे वह पत्नी के साथ सब्जी खरीदने भीमपुर चौराहे पर जा रहे थे। अभी वह देवरिया-कसया मार्ग के पोखरभिंडा चौराहे पर पहुंचे थे कि सामने से गलत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे एक बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया।

चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

मईल। थाना क्षेत्र के एक गांव में पिछले दिनों 9 मार्च की शाम हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

मईल थाना क्षेत्र के तेलिया कला गांव निवासी बुच्ची देवी पत्नी ध्रुपदेव साहनी ने मईल पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 9 मार्च की शाम को गांव के ही योगेश साहनी पैसे मागने को लेकर हमें व मेरे बेटो को गाली गुप्ता देने लगे। सुनिल साहनी , संजीव साहनी, सुबाष साहनी लाठी डण्डे से हम लोगों को मारने पिटने लगे।गांव के लोग हम लोगों को उनसे बचाया।

मारपीट के मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गौरीबाजार। बारातियों के साथ मारपीट करने व कुर्सी मेज तोड़ने के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रतनपुर निवासी ऊषा देवी विश्वकर्मा पत्नी रामनिवास की पुत्री की 6 मार्च को शादी थी। उनका आरोप है कि बारात आने पर गांव के कुछ लोग बिना बुलाए पहुंच गए और बारातियों के साथ बेवजह मारपीट करने लगे। कुर्सी व मेज तोड़ डाले और एक गैस सिलेंडर लेकर चले गए। मारपीट में चार बाराती घायल हो गए थे। ऊषा देवी के तहरीर पर पुलिस ने रतनपुर के दीप पटेल, नीरज पटेल, अनिल पटेल, सुनील पटेल, रितिक विश्वकर्मा, छोटेलाल पटेल के खिलाफ मारपीट के मुकदमा दर्ज किया है।

गांव से ही जुड़ा है दुकानदार की हत्या का तार

फालोअप

- सदर कोतवाली के धनौती खुर्द के समीप सब्जी दुकानदार की चाकू मारकर हत्या का मामला
- छठवें दिन भी गांव में ही जमी रही एसओजी, पुलिस ने कई दुकानों का खंगाला फुटेज

जासं, देवरिया: दुकान बंद कर घर जा रहे साइकिल सवार सब्जी दुकानदार की चाकू मारकर हुई हत्या के मामले में छह दिन गुजर जाने के बाद भी खाली हाथ है। पुलिस गांव व आसपास से ही दुकानदार हत्या कांड का तार जुड़ा होने की बात कहकर जांच कर रही है। रविवार को भी एसओजी गांव में जमी रही और कुछ जगहों का फुटेज खंगाला।

पुलिस अधिकारी जल्द ही इस घटना का पर्दाफाश कर देने का दावा कर रहे हैं। उधर घटना का पर्दाफाश न होने से लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है।

रामपुर कारखाना के पिपराइच गांव के रहने वाले 55 वर्षीय गब्बूलाल मद्धेशिया शहर के मोतीलाल स्थित सब्जी मंडी में सब्जी बेचने का कार्य करते थे। मंगलवार की रात दुकान बंद कर साइकिल से घर जा रहे थे, अभी वह धनौती खुर्द के समीप पहुंचे थे कि किसी ने चाकू मारकर हत्या कर दी। अज्ञात के विरुद्ध पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो अभी तक पुलिस को इस घटना का तार जोड़ने में सफलता नहीं मिल सकी है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है, लेकिन उनसे घटना का राज उगलवाने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। घटना या तो गांव से जुड़ा है या फिर आसपास के गांवों से जुड़ा हुआ है। सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि टीमें लगी हैं। जल्द ही इस घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

दलाल ने किशोरी का किया सौदा पिता ने किया शादी से इन्कार

शादी कराने को बहराइच की महिला से 40 हजार रुपये लिया था

- बनकटा के एक गांव में अपने बेटे के साथ पहुंची महिला तो भनक लगते ही पहुंची पुलिस
- दिन भर थाने में चली पंचायत, पिता ने बालिग होने के बाद ही बेटी की शादी करने की कही बात

जासं, बनकटा: क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी की दलाल ने 40 हजार रुपये में बाल विवाह को सौदा तय कर दिया। जब लड़के की मां शादी के लिए अपने बेटे को लेकर लड़की के दरवाजे पर पहुंची तो इसकी भनक लगी।

सूचना पर पुलिस पहुंच गई और जांच की। साथ ही दलाल को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। थाने में चली पंचायत में लड़की के पिता ने बेटी के बालिग होने के बाद ही शादी करने की बात कही। जिसके बाद लड़के की मां लौट गई।

बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की रात एक महिला अपने बेटे को लेकर पहुंच गई। साथ ही एक घर पर पहुंच कर अपने बेटे की शादी की जिद करने लगी। चंद मिनट में सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए। महिला ने बताया कि वह बहराइच की रहने वाली है।

एक व्यक्ति ने इनकी लड़की का फोटो भेजा था और 40 हजार रुपये में बेटी के शादी का सौदा तय किया था। इसलिए हम हम अपने बेटे को शादी के लिए लेकर आए हैं, ताकि मंदिर में शादी हो जाए। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस लड़के की मां व लड़के को उठाकर थाने लेकर चली गई। रविवार को थाने में पंचायत चली। जिसके बाद लड़की के पिता ने शादी करने से इन्कार कर दिया, जिसके बाद बहराइच से आए लोगों को पुलिस ने छोड़ दिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक जयप्रकाश दुबे ने बताया कि दोनों पक्षों से बातचीत की गई। कोई कार्रवाई नहीं की गई है। दोनों पक्ष अपने घर चले गए हैं।

ट्रक से बिहार भेजे जा रहे 25 गोवंश बरामद

- राम-जानकी मार्ग पर सुकठ मोड़ के समीप ट्रक हो गया खराब
- ट्रक खराब होते ही तस्कर बीच रास्ते में ही छोड़कर हो गए फरार

जागरण संवाददाता, लार: ट्रक से बिहार भेजे जा रहे 25 गोवंश रविवार की तड़के पुलिस ने बरामद किया, हालांकि तस्करों की गिरफ्तारी में पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस आसपास के दुकानों में लगे सीसी कैमरा की फुटेज खंगाल तस्करों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

सुबह लोगों ने देखा कि सुकठ मोड़ के समीप एक ट्रक खड़ा है। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और ट्रक की जांच की तो उसमें से 25 गोवंश मिले, जिसमें से एक सांड की मृत्यु हो चुकी थी। अन्य पशुओं को पुलिस ने कान्हा गोशाला भिजवा दिया। पुलिस ने जब ट्रक को हटाने का प्रयास किया तो पता चला कि ट्रक खराब है। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि ट्रक खराब होने के चलते ही तस्कर मौके से फरार हो गए। जांच की जा रही है। जल्द ही तस्करों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

राम जानकी मार्ग पर सुकथ मोड के समीप बरामद गोवंश • जागरण

ईंट भट्ठा मालिक से 1.04 लाख लेकर मेठ फरार, केस

जागरण संवाददाता, देवरिया: एकौना क्षेत्र के पचलड़ी स्थित ईंट भट्ठा मालिक से मजदूरों को देने के लिए 1.04 लाख रुपये लेकर मेठ फरार हो गया।

इस मामले में ईंट भट्ठा मैनेजर ने एकौना थाने में मेठ के विरुद्ध अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही आरोपित की गिरफ्तारी में पुलिस जुट गई है।

पचलड़ी के रहने वाले महेन्द्र यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि वह गांव के ईंट भट्ठा पर मैनेजर है। बरेली के आतला नई बस्ती का रहने वाला करन मेठ ईंट भट्ठा पर मजदूर आपूर्ति करने के लिए मालिक से रुपये लिया और सात मार्च 2024 को फरार हो गया। अब फोन पर बात भी नहीं कर रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मेठ करन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उप निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

छह लोगों के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा

देवरिया: बरात में मारपीट करने वाले छह लोगों के विरुद्ध गौरीबाजार पुलिस ने मारपीट व बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गई है। गौरीबाजार के रतनपुर की रहने वाली ऊषा देवी ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें आरोप लगाया है कि उनके यहां छह मार्च को बरात आने वाली थी। गांव के कुछ लोग बिना बुलाए बरात में पहुंचे और मारपीट की, जिससे चार बराती घायल हो गए। पुलिस ने गांव के द्वीप पटेल, नीरज पटेल, अनिल पटेल, सुनील पटेल, रितिक विश्वकर्मा, छोटेलाल पटेल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

चार लोगों के विरुद्ध लूट व हत्या के प्रयास का मुकदमा

जासं, गौरीबाजार : क्षेत्र के मदरसन में 20 माह पहले हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास, लूट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर किया है। आरोपितों की गिरफ्तारी में पुलिस अब जुट गई है।

जून 2022 में गौरीबाजार के मदरसन गांव में हुआ था विवाद

गांव के महेश सिंह ने दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि जून 2022 में अपने खेत में पुत्र के साथ सफाई कर रहे थे। इस बीच भाई चंद्रेश, उसकी पत्नी कुसुम देवी, बेटा दिलीप व श्याम कुदाल लेकर आए और प्रहार कर दिए।

बचाव करने गई पत्नी की भी आरोपितों ने पिटाई की। साथ ही जेब में मौजूद दस हजार रुपये नकद, गले से सोने की चेन लूट कर फरार हो गए। थाने में व एसपी से भी उन्होंने शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

संयुक्त किसान मोर्चा का आंदोलन बेअसर

- संयुक्त किसान मोर्चा ने देश भर में ट्रेन रोकने का किया था एलान
- देवरिया में इस आंदोलन का नहीं दिखा असर, तैनात रही फोर्स

जागरण संवाददाता, देवरिया: संयुक्त किसान मोर्चा के देश भर में ट्रेनों के रोकने के एलान पर देवरिया जिले में भी प्रशासन सतर्क रहा। हालांकि जिले में आंदोलन का कोई असर नहीं दिखा। शाम चार बजे तक रेलवे स्टेशनों पर पुलिस तैनात रही।

विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा संयुक्त किसान मोर्चा का आंदोलन रविवार को तेज होना था। दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक ट्रेनों के रोकने का एलान था। किसान मोर्चा के एलान को देखते हुए सुबह दस बजे से ही सदर रेलवे स्टेशन पर फोर्स तैनात हो गई।

आरपीएफ, जीआरपी के अलावा पुलिस लाइन से फोर्स भी पहुंच गई। दिन भर पुलिस तैनात रही। हालांकि आंदोलनकारी स्टेशन पर नहीं पहुंचे। आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद ने बताया कि जिले में आंदोलन का असर नहीं रहा है।

सदर रेलवे स्टेशन पर आंदोलन को देखते हुए तैनात पुलिसकर्मी● जागरण

12 को प्रदर्शन करेगी माकपा

भाटपार रानी। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की बैठक बंगरा बाजार में जयप्रकाश कुशवाहा के निवास पर हुई। बैठक में राज्य कमेटी के सदस्य जयप्रकाश यादव ने कहा कि योगी मोदी की डबल इंजन की सरकार में बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याएं विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। बैठक के अंत में 30 मार्च तक सभी सदस्यों का नवीनीकरण करने का, 23 मार्च को सिकटिया व बंगरा बाजार में भगत सिंह की शहादत दिवस आयोजित करने, 12 मार्च को वामपंथी दलों के साथ चुनावी बांड के मामले में न्यायालय के आदेश के खिलाफ प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। नथुनी कुशवाहा, चंद्रभान सिंह, हैदर अली, केशव सिंह, बिरजानंद, संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे। संवाद

पासपोर्ट लेने कुशीनगर के कसया पहुंची पुलिस

जासं, देवरिया: विदेश भेजने के नाम पर 200 युवकों से हुई ठगी के मामले में फरार जालसाजों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। ठगी के शिकार युवकों का 68 पासपोर्ट कुशीनगर जनपद के कसया थाने में डाक से पहुंचने के बाद रविवार को देवरिया पुलिस कसया पहुंची। देर रात तक पासपोर्ट को लेने के लिए कागजी कार्यवाही पूरी कर रही थी। पासपोर्ट को ठगी के शिकार युवकों में वितरित कर दिया जाएगा।

सदर कोतवाली के पगरा में विदेश भेजने के लिए जालसाज ने कार्यालय खोला और 200 युवकों को ओमान भेजने के नाम पर 1.30 करोड़ की ठगी करने के बाद फरार हो गया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस को जालसाजों पर सख्ती बढ़ी तो

सदर कोतवाली के पगरा में विदेश भेजने के नाम पर 200 युवकों से ठगी का मामला, पासपोर्ट के लिए कार्यवाही में जुटी रही पुलिस

जालसाज डाक से पासपोर्ट को कसया थाने में भेज दिया। दोपहर बाद पासपोर्ट को लेने के लिए कोतवाली पुलिस कसया पहुंची, देर रात तक पासपोर्ट के लिए कागजी कार्यवाही पूरी हो रही थी।

कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि ठगी के शिकार लोगों का पासपोर्ट लेने के लिए कसया पुलिस भेजी गई है। जल्द ही पासपोर्ट मिल जाएगी। उधर एक टीम बिहार के मोतीहारी भी भेजी गई है। जल्द ही जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री को ज्ञापन नहीं दे सके किसान

सीओ ने सुभाष चौक पर आंदोलित किसानों से लिया ज्ञापन, कहा-सीएम तक पहुंचा देंगे

जासं, देवरिया: चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में 129वें दिन रविवार को दोपहर तक धरना दिया। यहां से गन्ना किसान दोपहर में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल चीनी मिल मैदान के लिए निकले। किसानों को पुलिस ने सुभाष चौक पर रोक लिया। यहां क्षेत्राधिकारी नगर ने मांगों का पत्रक ले लिया और कहा इसे मुख्यमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा। उसके बाद किसानों को कोतवाली में पुलिस बैठाए रही। मुख्यमंत्री के जाने के बाद दोपहर में तीन बजे किसानों को छोड़ा गया।

अध्यक्ष ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि हम लोग मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांगों का पत्रक

सुभाष चौक पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीओ को सौंपते गन्ना किसान● जागरण

सौंपना चाहते थे लेकिन पुलिस ने हमें रोक लिया। पुलिस किसानों को कोतवाली में बैठाए रही, मुख्यमंत्री के जाने के बाद हम लोगों को तीन बजे छोड़ा गया। इस दौरान संयोजक अवधेश मणि त्रिपाठी, कृष्णमोहन मिश्र, बकरीदन अली आदि मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के जनसभा स्थल जा रहे किसानों से सुभाष चौक पर पत्रक लेकर उन्हें वापस लौटा दिया गया।

आजाद हिंद सेना वाहिनी के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, नोकझोंक

आजाद हिंद सेना के कार्यकर्ता संस्थापक अध्यक्ष ऋषि पांडेय के नेतृत्व में राजकीय औद्योगिक आस्थान व अन्य विभागों में भ्रष्टाचार के संबंध में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्रक देने चीनी मिल मैदान पहुंचे। वहां हेलीपैड के पास पुलिस ने कार्यकर्ताओं के साथ उन्हें रोक दिया। यहां पुलिस से कार्यकर्ताओं की नोकझोंक भी हुई। अपर उप जिलाधिकारी ने पत्रक ले लिया और कहा कि मुख्यमंत्री तक आपलोगों का पत्रक पहुंचा दिया जाएगा। यहां मुकेश वैरागी, अभिषेक चौरसिया, ब्रह्मदेव तिवारी, कृष्णमोहन पांडेय, रत्नेश चौहान विनोद शाह, बहादुर कुशवाहा मौजूद रहे।

सीएम के जाते ही शहर में जाम ने छकाया

जासं, देवरिया: मुख्यमंत्री के जाते ही शहर में जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। सिविल लाइंस रोड व मालवीय रोड पर जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ा। जाम से निजात दिलाने के लिए यातायात पुलिस के साथ ही कोतवाली पुलिस को भी मशक्कत करनी पड़ी। ऐसे तो शहर में जाम की समस्या पहले से चली आ रही है, लेकिन रविवार को जाम की समस्या बढ़ गई। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए पुरवा, चीनी मिल मैदान, राजकीय इंटर कालेज, कसया रोड में वाहन पार्किंग स्थल बनाया गया था। अधिकांश वाहन कार्यक्रम स्थल से पहले ही रोक दिए गए। जब कार्यक्रम समाप्त हुआ तो बड़ी संख्या में लोग निकले लगे, जिसके चलते जाम की समस्या उत्पन्न हो गई।

शक्ति दीदी आरक्षियों ने महिलाओं को किया जागरूक

भाटपाररानी। मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के तहत महिला सशक्तीकरण जागरूकता के लिए भाटपाररानी में रतसिया मोड़ पर शक्ति दीदी आरक्षी अनामिका सिंह, बनकटा में शक्ति दीदी अमृता विश्वकर्मा व आरक्षी मंजू मालवीय द्वारा कस्बे में व श्रीरामपुर में शक्ति दीदी आरक्षी संध्या यादव व मीना यादव द्वारा हरेराम चौराहा पर महिलाओं को जागरूक किया गया।

इस दौरान सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्डलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच सहित घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी दी गई। संवाद

चार नामजद सहित चार अज्ञात पर केस

सलेमपुर। परीक्षा देकर घर लौट रहे दो भाइयों की कुछ छात्रों ने छह दिन पहले लाठी-डंडे से पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी पर पहुंचे परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार हुआ। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को शिकायत पत्र देकर किया था। पुलिस चार नामजद सहित पांच के खिलाफ मारपीट व बलवा का केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

लार थाना क्षेत्र के गयागिर लार निवासी नीरज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत पत्र में बताया है कि मैं व मेरा भाई नवलपुर के एक कॉलेज से एक सप्ताह पूर्व परीक्षा देकर बाहर आए तो कुछ लड़कों ने रंजिश में लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। इससे मैं और मेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सचिन यादव, हिमांशु यादव, महेंद्र यादव निवासी रक्सा थाना लार, आकाश व चार अज्ञात के खिलाफ मारपीट बलवा का केस दर्ज किया है। संवाद

बाइक की डिकी तोड़कर छह लाख के आभूषण चोरी, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

बीती रात चोरों दिया था घटना को अंजाम

गौरीबाजार। थाना क्षेत्र के वकीलगंज चौराहे पर खड़ी बाइक की डिकी तोड़कर उसमें रखा लगभग छह लाख रुपये का आभूषण चोरों ने चुरा लिया। दुकानदार की तहरीर पर पुलिस रविवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

गौरीबाजार थानाक्षेत्र के सवना निवासी लक्ष्मण निवासी रंजीत वर्मा की वकीलगंज चौराहे पर राधा कृष्ण ज्वेलर्स के नाम से आभूषण की दुकान है। शनिवार की देर रात दुकान बंद कर घर जाने के लिए निकले।

एक बैग में लगभग 70-80 ग्राम सोना व 500-600 ग्राम चांदी का पायल डिकी में रखकर सड़क के किनारे बाइक खड़ी कर कुछ सामान ले रहे थे। इस बीच चोरों ने बाइक की डिकी तोड़कर उसमें रखा आभूषण चुरा लिया।

कुछ देर बाद जब वह बाइक के पास पहुंचे तो डिकी टूटी देखकर उनके होश उड़ गए। डिकी से आभूषण गायब था। चारों तरफ उन्होंने देखा पर वहां कोई नहीं था। काफी खोजबीन के बाद इसकी सूचना उन्होंने गौरीबाजार पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की।

चोरी गए आभूषण की कीमत लगभग छह लाख रुपये बताई जा रही है। दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

इस संबंध में सीओ अंशुमान श्रीवास्तव ने बताया कि चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस के हस्तक्षेप से बची नाबालिग लड़की की शादी

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुजुर्ग। इन दिनों बनकटा क्षेत्र के एक गांव में दलालों का नेटवर्क जुड़ गया है, जो नाबालिग लड़कियों को विवाह की रस्में में बांधकर बहराइच भेजने के फिराक में था। इसके पहले भी एक मामला सोहनपुर

महिला ने रुपये लेकर शादी न करने का आरोप लगाया

में हुआ था। इसमें पुलिस के दबाव के कारण लड़की के परिजनों ने लड़की को बुला लिया।

गौरतलब हो कि बहराइच जनपद की रहने वाली एक महिला शनिवार की रात करीब आठ बजे अपने पुत्र को लेकर बनकटा थाना क्षेत्र के इंगुरी गांव के एक व्यक्ति का पता पूछते हुए गांव में पहुंच गई। वह अपने बेटे की शादी की जिद करने लगी। ग्रामीण इकट्ठा हो गए। इसके बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस के सामने महिला ने बताया कि एक व्यक्ति इंगुरी गांव की एक लड़की की शादी मेरे पुत्र से कराने के लिए एक बाबा 40 हजार रुपये लिए हैं।

हालांकि, पुलिस रात में ही तथाकथित दूल्हे को थाने लाकर चली आई। अगले दिन दिनभर चली पंचायत के बाद लड़की के पिता ने यह बताया कि बालिग होने से पूर्व हम अपनी लड़की की शादी नहीं करेंगे। इसके बाद पुलिस ने बहराइच से आए दूल्हा व उसकी मां को छोड़ दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि अभी देखने का कार्य चल रहा था। दूल्हा व उसकी मां से पूछताछ की गई है। कोई कार्रवाई नहीं बन रही है।

बिहार सीमा पर शराब तस्करी रोकने के लिए पुलिस अलर्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

होली व लोकसभा चुनाव को लेकर शराब तस्करों के सक्रिय होने की आशंका

भटनी। होली और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शराब की तस्करी बढ़ने की आशंका है। इसको लेकर एसपी संकल्प शर्मा ने बिहार सीमा से सटे सभी थानों में चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

ऐसे में क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह ने रविवार को बिहार सीमा के बलुआ अफगान और चखनी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने भटनी पुलिस को होली व लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाने की सीमा से शराब तस्करी रोकने को सतर्क रहने के लिए कहा। आगामी होली त्योहार व लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार सीमा से शराब तस्करी होने की आशंका जताई गई है।

एलआईयू रिपोर्ट मिलने के बाद एसपी संकल्प शर्मा ने जिले के भटनी, खामपार, श्रीरामपुर, बनकटा, लार, बरियारपुर, बघौचघाट आदि थानों के प्रभारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी सर्किल अधिकारियों को स्थानीय पुलिस के साथ बिहार सीमा की जांच कर हर हाल में शराब तस्करी रोकने को निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह ने भटनी क्षेत्र से लगे बलुआ अफगान, लक्ष्मीपुर और चखनी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने बार्डर पर पुलिस की मुस्तेदी के निर्देश दिए। सीओ भाटपाररानी ने बताया कि आगामी त्योहार व लोकसभा चुनाव को देखते हुए बिहार सीमा शराब तस्करी होने की जानकारी मिली है। ऐसे में पुलिस को अलर्ट किया गया है। बिहार सीमा से शराब की तस्करी होने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

रामजानकी मार्ग पर गोवंश लदा ट्रक खराब, भागे तस्कर

खराब हुए ट्रक में लदे पशु। संवाद

सलेमपुर/चनुकी। रामजानकी मार्ग के रास्ते तस्करी कर बंगाल जा रहा गोवंश लदा ट्रक रविवार की सुबह छह बजे लार के सुकठ मोड़ पर खराब होकर बंद हो गया। तस्करों ने ट्रक को ठीक करने की कोशिश की। ट्रक चालू नहीं हो सका। सड़क पर टहल रहे लोगों को करीब आते देख तस्कर भाग निकले। लोगों ने ट्रक के अंदर देखा तो क्रूरतापूर्वक गोवंश लदे थे। किसी ने लार पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ट्रक को गोआश्रय केंद्र रावतपार रघेन ले गई। ट्रक से 25 गोवंश बरामद हुए। इसमें चार मृत मिले। उधर, पुलिस संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर तस्करों को तलाश रही है। संवाद

युवक पर छेड़खानी का केस दर्ज

सलेमपुर। एक युवती से रास्ते में युवक ने छेड़खानी कर दी। इसकी शिकायत युवती ने पुलिस से की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। लार थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि मेरे गांव का रहने वाला युवक रास्ते मे आते-जाते देखकर अश्लील हरकत करता है। संवाद

जीआरपी ने दो को पकड़ा, दो मोबाइल फोन जब्त

देवरिया। जीआरपी थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य उप निरीक्षक मो. युनूस ने प्लेटफॉर्म नंबर दो व तीन के पश्चिमी छोर पर साइन बोर्ड के पास से दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से दो अदद मोबाइल मिला, जिसे जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में सदर कोतवाली के खरजरवां निवासी अरशद अंसारी और खुखुंदू थाने के बेरौना निवासी मनीष वर्मा उर्फ मंटू वर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2024

मंच से लेकर हेलीपैड तक यह अफसर रहे मौजूद

कमिश्नर अनिल ढिंगरा,डीआईजी आनंद सुरेश राव कुलकर्णी, डीएम उमेश मिश्र, सीडीओ गुंजन द्विवेदी ,एसपी धवल जायसवाल,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन, एएसपी रितेश कुमार सिंह,बीएसए डा. राम जियावन मौर्य, भूमि संरक्षण अधिकारी ,जिला गन्ना अधिकारी डीके सोनी समेत 20 विभागों के उच्चाधिकारी आदि मौजूद रहे।

पति समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

लक्ष्मीगंज। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिसवा शुक्ल निवासी रामआसरे यादव पुत्र पलकधारी ने चार वर्ष पूर्व अपनी बेटी मोनिका की शादी रामकोला क्षेत्र के गांव मठिया धीर निवासी मनोज यादव पुत्र रामनाथ यादव के साथ की। आरोप है कि शादी के बाद मनोज और उसकी मां फूलमती, ननद संध्या, ननदोई रमेश एवं भांजी मनीषा द्वारा आये दिन दहेज में मोटर साइकिल, दो लाख रुपया नगद का डिमांड किया जाता रहा। असमर्थता जताने पर उसकी बेटी को प्रताड़ित करने लगे। मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

दो पक्षों में झड़प, दो लोग हुए चोटिल

सेवरही। स्थानीय उपनगर के माल गोदाम तिराहे पर उसे समय लोगों की भीड़ जमा हो गई जब युवकों के दो गुटों में पुराने विवाद को लेकर कहासुनी होते-होते मारपीट में बदल गई। इसके चलते दो लोग आंशिक रूप से चोटिल हो गए।

वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस आवश्यक पूछताछ दोनों पक्षों को थाने लेकर चली गई। रविवार की शाम नगर पंचायत सेवरही के माल गोदाम तिराहे पर युवकों के दो गुट किसी बात को लेकर कहा सुनी करते-करते आपस में भिड़ गये। जिसमें एक युवक सिर फूट गया वहीं बीच बचाव कर रहे एक सभासद भी चोटिल हो गए। मौके पर उपस्थित लोगों ने बीच बचाव किया।

व्यवसायी से दस हजार की छिनैती

नेबुआ नौरंगिया। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के टेढ़ी निवासी दुकानदार से बदमाशों ने दस हजार रुपये की छिनैती की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस केस दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

टेढी गांव निवासी दीपक रौनियार की बसंतपुर बाजार में सौंदर्य प्रसाधन व जूते चप्पल की दुकान है। शनिवार की शाम वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था कि रास्ते में आधा दर्जन से अधिक बदमाशो ने उसे रोक तमंचा लगा कर उससे 10200 रुपये छीन लिए व मारे पीटे। पीड़ित दुकानदार किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाते हुए अपने भाई को घटना की सूचना दी। इसके पश्चात उसने पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंप घटना में कार्रवाई की मांग की।

युवक का शव आने पर दरवाजे पर जुटी भीड़।

रेलवे लाइन के किनारे मिला लापता युवक का शव

मथौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी रमेश प्रजापति पांच दिन घर से लापता था। उसका शव रविवार को गोरखपुर-देवरिया रेलवे लाइन के किनारे मिला। परिवारीजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी रमेश प्रजापति तीन माह पहले विदेश के कतर से कमा कर घर आया था। बीते माह फरवरी के 12 को रमेश प्रजापति की शादी मीरा देवी गांव रामनगर थाना कसया कुशीनगर से हुई थी। रमेश प्रजापति घर से पांच दिन पूर्व परिजन से ये कह कर घर से निकला था कि अभी कुछ समय में आ रहा हूं लेकिन वह घर वापस नहीं लौटा। परिजन लगातार उसकी खोजबीन करते रहे। रविवार को गोरखपुर से सूचना मिली कि रमेश का शव एन एच 28 गोरखपुर-देवरिया बाईपास रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला। गोरखपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जब रविवार शाम रमेश का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजवारीजनों ने उसकी हत्या किये जाने की आशंका जतायी है।

अर्द्धसैनिक बल ने तरयासुजान में किया पैदल भ्रमण

जासं, **तरयासुजान** : आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर अर्द्धसैनिक व नागरिक पुलिस के नेतृत्व में क्षेत्र के तरयासुजान, भुलिया बाजार, झड़वा, दोमाठ, भावपुर गौरहा, दनियाड़ी, सिसवा नाहर, सिसवा अव्वल,अहिरौली दान, तिनफेडिया, जमसडिया, सलेमगढ़ आदि प्रमुख बाजारों में पैदल भ्रमण कर लोगों में सुरक्षा का अहसास कराया। एसएचओ आशुतोष सिंह, एसआइ संजय सिंह, श्यामलाल निषाद, विनय मिश्र, अमित सिंह, महिपाल चौहान, प्रभात यादव, विमलेश द्विवेदी, महेश सिंह, उत्तम सिंह आदि मौजूद रहे।

गोवंश तस्करों पर करें कठोर कार्रवाई : एएसपी

तरयासुजान : तरयासुजान थाने पर शनिवार की शाम एएसपी दक्षिणी अभिनव त्यागी द्वारा अपराध और गोवंश से जुड़े मामलों की समीक्षा की। निर्देशित किया कि विशेष अपराध से जुड़े अपराधियों और गोवंश के धंधेबाजों पर कठोर कार्रवाई करें। (जासं)

सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा के सख्त इंतजाम

जागरण संवाददाता, पडरौना: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को देखते हुए कुशीनगर में सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किए गए थे। पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के हवाले कार्यक्रम स्थल के अलावा सभी रूट पर चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। हेलीपैड व कार्यक्रम स्थल पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रही। वहीं शनिवार को सायंकाल कार्यक्रम स्थल व आसपास के गांवों में पैदल मार्च कर सघन जांच-पड़ताल की गई। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री लगभग एक घंटे तक रहे।

रामाभार स्तूप से सटे मैत्रया भूमि पर बने हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक अभेद सुरक्षा रही। सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पहुंचे डीएम उमेश मिश्र व एसपी धवल जायसवाल ने आयोजन स्थल, भीड़ के

कुशीनगर में हेलीपैड पर उतर कर कार में सवार होने दौरान सुरक्षा में तैनात दाएं से एसपी धवल जायसवल,डीएम उमेश मिश्र ● जागरण

इंतजाम, पार्किंग व हेलीपैड के इंतजाम आदि का जायजा लेने के बाद की गई तैयारियों पर चर्चा की। इसी तरह अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी निर्धारित समय से पूर्व पहुंच कर सुरक्षा

हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक तैनात रही पुलिस, भीड़भाड़ वाली जगहों पर सादे वेश में भी की गई थी तैनाती

इंतजाम की जानकारी ली। कहीं से कोई चूक न हो इसे ध्यान में रखकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। एएसपी रितेश सिंह, अभिनव त्यागी, सभी सीओ व थानेदार मुस्तैद रहे। एसपी ने बताया कि सीएम का कार्यक्रम सकुशल संपन्न हो गया। हेलीपैड से लगायत कार्यक्रम स्थल तक अभेद सुरक्षा रही। पुलिस बल पूरी मुस्तैदी से लगा रहा।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में तैनात पुलिसकर्मी विशेष ड्रेस कोड में भी थे, ताकि उन्हें अधिकारियों के स्तर से आसानी से पहचाना जा सके और पब्लिक भी विशेष ड्रेस कोड के चलते सतर्क रहे।

पासपोर्ट लेने कसया पहुंची देवरिया की पुलिस

जासं, देवरिया: विदेश भेजने के नाम पर 200 युवकों से हुई ठगी के मामले में फरार जालसाजों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। ठगी के शिकार युवकों का 68 पासपोर्ट कुशीनगर के कसया थाने में डाक से पहुंचने के बाद रविवार को देवरिया पुलिस कसया पहुंची। देर रात तक पासपोर्ट को लेने के लिए कागजी कार्यवाही पूरी कर रही थी। पासपोर्ट को ठगी के शिकार युवकों में वितरित कर दिया जाएगा।

सदर कोतवाली के पगरा में विदेश भेजने के लिए जालसाज ने कार्यालय खोला और 200 युवकों को ओमान भेजने के नाम पर 1.30 करोड़ की ठगी करने के बाद फरार हो गया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस की जालसाजों पर सख्ती बढ़ी तो जालसाज डाक से पासपोर्ट को कसया थाने में भेज दिए थे।

एक वर्षीय बेटे को छोड़ प्रेमी संग चली गई महिला

जासं,रामकोला:क्षेत्र में एक वर्षीय बालक को छोड़ महिला के प्रेमी संग चली गई। पति की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि महिला का पति रोजगार के सिलसिले में बाहर रहता है। शुक्रवार की शाम को वह घर आया। शनिवार सुबह मायके जाने की बात कह कर महिला बच्चे को छोड़ कर चली गई। पति ने जब ससुराल फोन किया तो पता चला कि वह मायके में नहीं है। बेटे को लेकर रविवार को वह थाने पहुंचा और नामजद तहरीर दी। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस महिला व उसके प्रेमी की तलाश में जुट गई।

मारपीट में चार नामजद व 40 अज्ञात पर केस

नेवुआ नौरंगिया :क्षेत्र के परसौनी चौराहे पर बीते शुक्रवार को युवकों के दो गुटों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार नामजद तथा 40 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मारपीट की इस घटना में घायल दशरथ निवासी नेबुआ रायगंज की हालत गंभीर बनी हुई है और मेडिकल कालेज गोरखपुर में उपचार चल रहा है। उनकी तहरीर पर पुलिस ने पनियहवा निवासी विशाल दूबे, भुजौली पोखरा निवासी रामप्रताप यादव, कोटवा बाजार निवासी लक्की वर्मा, अरबाज व 40 अज्ञात के विरुद्ध बलवा सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। (जासं)

मारने-पीटने व रुपये छीनने का मुकदमा दर्ज

सिंगहा : असलहा दिखा युवक को मारने-पीटने तथा रुपये छीनने के मामले में नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने तीन नामजद व आठ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। क्षेत्र के ही टेढ़ी गांव के दीपक रौनियार ने तहरीर देकर कहा है कि बसंतपुर चौराहे पर उनकी दुकान है। बीते दिन शाम को सात बजे दुकान बंद कर वे घर जा रहे थे। बसंतपुर-टेढ़ी गांव के बीच सुनसान जगह पर कुछ युवकों ने रोक लिया। एक ने सिर पर तमंचा लगा दिया, दूसरे युवक मारने-पीटने लगे। युवकों ने रुपये छीन लिए। एसएचओ हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर बसंतपुर निवासी गोलू कुशवाहा, अंगद, दीपक तथा आठ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। (जासं)

किशोरी लापता, अस्पताल संचालक के विरुद्ध स्वजन ने दी तहरीर

जासं, बरवापट्टी : बरवापट्टी क्षेत्र के अमवाखास के कानी टोला में संचालित एक निजी अस्पताल में कार्य कर रही एक किशोरी बीते पांच दिनों से गायब है। खोजबीन के बाद रविवार को स्वजन अस्पताल संचालक के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किए। बिहार के पश्चिमी चंपारण के भितहा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी अस्पताल में काम करती थी। एसएचओ सुमन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मिट्टी डलवाने को लेकर मारपीट

क्रांति चौराहा : नेबुआ नौरंगिया के बेलवा घाट में बीते शुक्रवार को दरवाजे पर मिट्टी डलवाने को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित उमेश शर्मा ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित लालबाबू सिंह, बिट्टू, छोटू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। (जासं)

दंगा उपकरणों के साथ पुलिस ने किया अभ्यास

बनकटा बाजार। चौराखास पुलिस ने रविवार को होली एवं शब-ए-बरात के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंगा उपकरण के साथ अभ्यास किया। इसमें पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से शांतिपूर्वक माहौल में त्योहार मनाने की अपील की।

थानाध्यक्ष चंद्र भूषण प्रजापति ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। इसके लिए दंगा उपकरण के साथ चौरा खास से लेकर नारायणपुर कोठी, बनकटा बाजार में रूट मार्च किया गया। उन्होंने कहा कि त्योहारों में खलल डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसआई आकाश दीप शुक्ला, मार्कंडेय सिंह, मदन प्रसाद, अनूप मिश्रा, नंद किशोर सिंह, विशाल यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

मंच से लेकर हेलीपैड तक यह अफसर रहे मौजूद

कमिश्नर अनिल ढिंगरा,डीआईजी आनंद सुरेश राव कुलकर्णी, डीएम उमेश मिश्र, सीडीओ गुंजन द्विवेदी ,एसपी धवल जायसवाल,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन, एएसपी रितेश कुमार सिंह,बीएसए डा. राम जियावन मौर्य, भूमि संरक्षण अधिकारी ,जिला गन्ना अधिकारी डीके सोनी समेत 20 विभागों के उच्चाधिकारी आदि मौजूद रहे।

चार लोगों पर मारपीट का केस दर्ज

तरया सुजान। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने गांव के चार लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में शुरू कर दी है।

बाकखास की संगीता देवी ने तहरीर में बताया है कि छह मार्च की सुबह उनका भतीजा अर्जुन दरवाजे पर खड़ा था। उसी समय गांव के चार लोग आए और भतीजे को लाठी डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिए। शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों को देख आरोपी भाग गए। संवाद

पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

रामकोला। पुलिस ने क्षेत्र के मठिया धीर गांव की विवाहिता के पति समेत चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। पुलिस इस मामले में अन्य विधिक कार्रवाई में जुटी है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिसवा शुक्ल निवासी रामआसरे यादव ने चार वर्ष पूर्व अपनी बेटी मोनिका यादव की शादी रामकोला थाना क्षेत्र के गांव मठिया धीर निवासी मनोज यादव से की थी। उनसे एक बेटी है। ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी का उत्पीड़न कर रहे थे। संवाद

11 लोगों पर दुकानदार से छिनैती का केस दर्ज

पिपरा बजार। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के टेढ़ी गांव निवासी दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने 11 लोगों पर तमंचे के बल पर छिनैती का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद और आठ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के टेढ़ी गांव निवासी दीपक रौनियार नेबुआ नौरंगिया के बसंतपुर चौराहे पर कॉस्मेटिक का दुकान चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वे दुकान बंद कर घर जा रहे थे। इसी दौरान 11 लोगों ने घेरकर उनके पास रखे दस हजार रुपये छिन लिया। विरोध करने पर आरोपियों मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों पर नामजद और आठ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी पुलिस

तरयासुजान। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। दनियाड़ी निवासी ज्ञानती देवी ने तहरीर में बताया कि गांव के एक व्यक्ति ने उनके घर में रात करीब 11 बजे घुस गए। वे उनके साथ अश्लील हरकत करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट की धमकी देकर भाग गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि तहरीर के अधार पर एक व्यक्ति पर केस दर्ज कर की कार्रवाई जा रही है। संवाद

चार नामजद व दो अज्ञात पर मारपीट का केस दर्ज

पिपरा बजार। नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने परसौनी चौराहे पर शुक्रवार की शाम एक युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में छह लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में जुटी है। नेबुआ रायगंज निवासी राजकुमार गोंड के पिता दशरथ गोंड ने नेबुआ नौरंगिया पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि बीते आठ मार्च की दोपहर करीब दो बजे परसौनी चौराहे पर चाय पीने के दौरान पनियहवा, हनुमानगंज, भुजौली पोखरा और नौरंगिया निवासी छह युवकों ने उनके बेटे को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने चार नामजद और दो अज्ञात समेत कुल छह लोगों पर केस दर्ज किया है। संवाद

फाइनेंस कंपनी से ऋण दिलाकर पांच लाख हड़पने का केस दर्ज

कोतवाली क्षेत्र के नोनिया पट्टी गांव का मामला, एसपी से शिकायत के बाद हुई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। कोतवाली क्षेत्र के नोनिया पट्टी गांव की 25 महिलाओं को विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से ऋण दिलाने के बाद पांच लाख रुपये लेकर चंपत जालसाज दंपती पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

फाइनेंस कंपनी के वर्कर ऋण चुकता कराने के लिए महिलाओं के दरवाजे पर पहुंच रहे हैं और घरेलू सामान उठाकर ले जाने की धमकी दे रहे हैं। इससे परेशान जालसाजी की शिकार हुई महिलाओं ने एसपी से मिलकर शिकायत की थी।

ऋण लौटाने के लिए दरवाजे पर पहुंच रहे फाइनेंस कंपनियों के वर्कर

नोनिया पट्टी गांव की मुन्नी, निशा समेत 25 महिलाओं का फर्जी पहचान पत्र बनवाकर गांव के अकबर और उसकी पत्नी राबिया ने विभिन्न कंपनियों से महिलाओं के नाम पर पांच लाख रुपये ऋण ले लिया। अकबर ने कहा कि आप लोगों को किस्त में इतने रुपये कम जमा करने पड़ेंगे। महिलाओं ने तय किस्त जमा करती गईं। पांच लाख रुपये बचा तो फाइनेंस कंपनी के वर्करों से कहा कि इतने रुपये पहले ही अकबर और उसकी पत्नी ले चुकी हैं। फाइनेंस कंपनी के वर्करों ने कहा कि अकबर ने एक भी रुपया फाइनेंस कंपनी में जमा नहीं किया है। उससे कंपनी का कोई लेना देना नहीं है।

यह सुनकर महिलाएं घबरा गईं और अकबर के घर पहुंचीं तो पता चला कि अकबर अपनी पत्नी के साथ किसी शहर में काम करने गया है। उसका मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ बता रहा है। उधर, फाइनेंस कंपनी के वर्कर ऋण जमा करने के लिए महिलाओं पर दबाव बनाने लगे। ऋण जमा नहीं करने पर दरवाजे पर बंधे जानवर और घरेलू सामान उठा ले जाने की धमकी दी। इससे परेशान महिलाओं ने एसपी से मिलकर शिकायत की। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अकबर और इसकी पत्नी पर केस दर्ज कर लिया है। सीओ अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि केस दर्ज कर जालसाज दंपती की तलाश की जा रही है।

संभलकर चलिए...अतिक्रमण से बाजार में लग रहा जाम

प्रशासन की अनदेखी से बढ़ रही समस्या, यातायात पुलिस की भूमिका पर भी शहर के लोग उठा रहे सवाल

जागरण संवाददाता, पडरौना : सड़कों पर अतिक्रमण व जिम्मेदारों की लापरवाही से नगरवासियों को जाम से राहत नहीं मिल रही है। खासकर जिला मुख्यालय से लेकर नगर में लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। सुबह से लेकर शाम तक ऐसा नजारा सभी प्रमुख मार्गों पर रह रहा है, जिससे वाहन चालकों को घंटों जाम से जूझना पड़ रहा है।

जिला मुख्यालय से शुरू होने वाला जाम छावनी, कुबेरस्थान मोड़, बड़ी गंडक नहर, कठकुइयां मोड़, सुभाष चौक, रामकोला रोड के अलावा कोतवाली मार्ग, धर्मशाला रोड, तिलक चौक, डिग्री कालेज, जदहां बाजार मार्ग पर लगभग प्रतिदिन रहता है। अतिक्रमण के लिए लोगों ने पुलिस व प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। दिलीप कुमार चौरसिया ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण की वजह से आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इसका प्रशासनिक स्तर पर स्थायी समाधान होना चाहिए। मन्नी लाल चौरसिया ने कहा कि बेतरतीब दो व चार पहिया का चलाने वाले भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। पुलिस को चाहिए कि यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए। तेज प्रताप तिवारी ने कहा कि सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटवाने के साथ गलत साइड से चलने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि दूसरों को सबक मिले। दिलीप कुमार मोदनवाल ने कहा कि जाम की समस्या को लेकर जिला प्रशासन जिम्मेदार है। इस समस्या के समाधान के लिए सार्थक कदम उठाया जाना चाहिए।

प्रभारी निरीक्षक, यातायात सत्य सान्याल शर्मा ने बताया कि यातायात पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में लगी है। इसे और चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा। एडीएम वैभव मिश्र ने बताया कि जाम की समस्या दूर करने के लिए अभियान चलाकर सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। इसके लिए सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं।

पडरौना नगर के मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के पुल पर लगा जाम • जागरण

MAHARAJ GANJ POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2024

चुनाव रजिस्टर से बूथों की मिलेगी जानकारी

- एसपी के निर्देश पर सभी थानों में अपडेट किए जा रहे चुनाव रजिस्टर
- वोटरों की संख्या व ट्रबुल मेकर की जानकारी भी रजिस्टर में दर्ज

महराजगंज, निज संवाददाता। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी सोमेन्द्र मीना के निर्देश पर सभी थानाध्यक्ष चुनाव रजिस्टर को अपडेट करने के लिए युद्ध स्तर पर जुट गए हैं। इसके लिए पुलिस बीट अधिकारी व हल्का दरोगा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पुलिस उच्चाधिकारी चुनाव रजिस्टर में दर्ज सूचनाओं का स्थलीय सत्यापन भी कर रहे हैं। सूचना भिन्न मिलने पर मातहतों को डांट फटकार भी मिल रही है। चुनाव रजिस्टर से हर बूथ के संवेदनशीलता, वोटरों की संख्या व अन्य निरोधात्मक कार्रवाई की जानकारी पल भर में ही मिल जाएगी।

चुनाव रजिस्टर कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर पुलिस कर्मी सूचनाएं संकलित कर रहे हैं। इसमें ग्राम पंचायत में पड़ने वाले राजस्व गांव व मजरों के नाम, बीट संख्या, बीट सिपाही और बीट दारोगा का ब्यौर, मतदान केंद्र के अंर्तगत अवैध शराब के अड्डे, मतदान केंद्र की थाने से दूरी, मतदान केंद्र आबादी में है या आबादी के बाहर, ग्राम पंचायत की कुल आबादी, मतदाताओं की संख्या, गांव के आपराधियों का इतिहास समेत कई सूचनाएं मौजूद रहेंगी।

> चुनाव रजिस्टर से बूथों की संवेदनशीलता का पता चलेगा और लॉ एंड ऑर्डर दुरुस्त रखने में मदद मिलेगी। सभी थानेदारों को निर्देश दिया गया है कि वह बूथों का निरीक्षण कर सभी जरूरी गतिविधियों पर निगरानी करें।
>
> सोमेन्द्र मीना–एसपी

मारने-पीटने के आरोप में केस

सिंदुरिया। थानाक्षेत्र के पिपराकल्याण निवासी रामकेवल पुत्र लोचन ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी लड़की शैलेद्री को अपने ही गावं के अज्ञात सहित तीन पर गाली देने, धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया।

दो बाइक और आठ बोरी धान बरामद

कोल्हुई। क्षेत्र के बॉर्डर रोड स्थित लकठहवा घाट से पुलिस ने आठ बोरी धान व दो बाइक बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को नेपाल सीमा के सटे दो बाइक व धान दिखाई दिया तो मौके पर पहुच कर कब्जे में ले लिया।

चौथे दिन भी तैनात रही पुलिस फोर्स

भिटौली। लक्ष्मीपुर शिवाला में सतीश चौधरी हत्याकांड को लेकर एहतियात के तौर परगांव में चौथे दिन भी भिटौली थाने की पुलिस फोर्स तैनात रही। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

परिजन इकलौती संतान के खोने के गम से उबर नही पा रहे हैं। मां अमरावती का रो-रोकर बुरा हाल है। घर का इकलौता चिराग बुझ जानें से पूरे परिवार में गम बना हुआ है। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

गांव के लोग परिवार को ढाढस बनाने में लगे हुए हैं। भिटौली थाना अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि गांव में अभी भी पुलिस बल तैनात है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

दो भाइयों का जला आशियाना

कोल्हुई। टीनशेड में मटर पका रहे आग से आग लग गई। इससे दो भाइयों का आशियान जल गया। दोनों परिवार बेघर हो गए।

कोल्हुई क्षेत्र के लोटन रोड स्थित चंदनपुर तिराहे पर अब्दुल्ला और छोटू टीनशेड का आशियाना बना कर रहते थे। टीनशेड में रविवार को बच्चे आग लगाकर मटर भून रहे थे। आग की लपट से टीनशेड में आग लग गई। जब तक लोग आग को काबू करते घर में रखा जल गया।

लेखपाल शांतविजय सिंह ने बताया कि आवासीय परिसर में आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुच कर नुकसान का आकलन करके रिपोर्ट उच्च अधिकारियो को भेज दी गयी है।

चोरी की बोलेरो 48 घंटे में पुलिस ने की बरामद

ठूठीबारी, हिसं। इंडो-नेपाल बार्डर के सीमावर्ती ठूठीबारी कस्बे के टीचर कॉलोनी से चोरी बोलेरो को ठूठीबारी पुलिस 48 घंटे के अंदर परसामलिक थाना के तरैनी गांव के पास से बरामद कर ली। पुलिस की घेराबंदी देख चोर बोलेरो खड़ी कर खेत के रास्ते फरार हो गए। थानाध्यक्ष नीरज राय ने बताया कि चोरों के मामले में सुराग हाथ लगा है। जल्द ही वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ठूठीबारी कस्बा के टीचर कॉलोनी से बीते सात मार्च की रात जितेन्द्र जायसवाल के दरवाजे पर खड़ी बोलेरो गाड़ी चोर उठा ले गए। पिकअप के पास एक बाइक भी बरामद हुई थी। जांच में पता चला कि गोरखपुर के चौरीचौरा थानाक्षेत्र से चुराई गई थी। चोर उसकी बाइक से ठूठीबारी क्षेत्र में आए थे। थानाध्यक्ष नीरज राय ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। पुलिस वाहन चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। सूचना पर शुक्रवार की देर रात पुलिस बोलेरो का पीछा करते हुए परसामलिक के तरैनी गांव के पास पहुंची। चोर बोलेरो को नेपाल ले जाकर बेचने के फिराक में थे। परसामलिक पुलिस के सहयोग से ठूठीबारी पुलिस चोरी की बोलेरो को बरामद कर रविवार को वाहन स्वामी जितेन्द्र जायसवाल को सौंप दिया।

तस्करी के दो लाख का सामान बरामद

सोनौली। भारत नेपाल सीमा सोनौली से सटे रूपनदेही जिले की भैरहवा पुलिस ने सोनौली सीमा से करीब दो लाख के तस्करी कर अवैध रूप से नेपाल लायी गयी प्याज आलू एवं सब्जियों को बरामद कर सीज कर दिया है।

जिला पुलिस कार्यालय रूपनदेही के सूचना अधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक मनोहर प्रसाद भट्ट ने बताया कि जब्त अवैध सामान को आवश्यक कार्रवाई के लिए भैरहवा भंसार कार्यालय बेलहिया भेज दिया गया है।टीम ने कोठईमाई ग्रामीण नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 में स्थित तुनिहवा से विभिन्न सामान बरामद किए हैं।

चौथे दिन भी तैनात रही पुलिस फोर्स

भिटौली। लक्ष्मीपुर शिवाला में सतीश चौधरी हत्याकांड को लेकर एहतियात के तौर परगांव में चौथे दिन भी भिटौली थाने की पुलिस फोर्स तैनात रही। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

परिजन इकलौती संतान के खोने के गम से उबर नही पा रहे हैं। मां अमरावती का रो-रोकर बुरा हाल है। घर का इकलौता चिराग बुझ जानें से पूरे परिवार में गम बना हुआ है। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

गांव के लोग परिवार को ढाढस बनाने में लगे हुए हैं। भिटौली थाना अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि गांव में अभी भी पुलिस बल तैनात है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

घायल की इलाज के दौरान मौत, चालक पर केस

सिंदुरिया। थानाक्षेत्र के ग्राम भेड़िया निवासी देवेंद्र चौधरी पुत्र केशव चौधरी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है की उसके पिता केशव चौधरी (44) देऊरवा से बाजार करके घर वापस लौटते समय भेड़िया चौराहा पर तेज गति से आ रहे अज्ञात बाइक चालक की ठोकर से घायल हो गए थे। इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज।

एएसपी ने पुलिस के ठहराव का किया निरिक्षण

कोल्हुई। एडिशनल एसपी आतिश कुमार ने रविवार को चुनाव में आने वाले पुलिस बल के ठहरने वाले विद्यालयों का निरीक्षण किया। मदर मरियम ग्लोबल स्कूल कोल्हुई, इकरा इंटर कॉलेज आजाद नगर बभनी में कमरों एवं सफाई, बिजली, पानी, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं का व्यवस्थापन समय से पूर्व करने हेतु सभी संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान एसओ दिनेश गौंड भी रहे।

नेपाली शराब संग एक गिरफ्तार

निचलौल। आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव की टीम ने शनिवार की रात में निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम गिरहिया के भह्वी टोला में छापेमारी की। इस दौरान एक व्यक्ति बाइक से भागने का प्रयास किया,बाइक से दौड़ा कर पकड़ा गया और उसकी तलाशी ली गई।

इस दौरान उसने अपना नाम कुंदन निवासी बहुआर कला थाना निचलौल बताया। उसकी बाइक में टांगे गए झोले में 120 शीशी नेपाली शराब पकड़ी गई। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ आबकारी एक्ट में कार्रवाई की जा रही है।

जिला अस्पताल में इलाज में लापरवाही और पैसा लेने का परिजनों ने लगाया आरोप

नवजात की मौत को लेकर हंगामा

आरोप

महराजगंज, निज संवाददाता। जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती नवजात का शनिवार की देर रात मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही आधी रात को परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। परिजन इलाज में लापरवाही और पैसे लेने का आरोप लगा रहे थे। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

भिटौली थानाक्षेत्र के बांसपार नूतन गांव निवासी प्रीति वर्मा को प्रसव पीड़ा के बाद आठ मार्च को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां वह उसी दिन दोपहर में एक शिशु को जन्म दी। जन्म के बाद शिशु के झटका आने की शिकायत पर उसे जिला संयुक्त अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां उसकी शनिवार की रात 10.50 मिनट पर मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया।

12 सौ रूपया के लिए शिशु को रोके रही स्टाफ नर्स, ड्यूटी पर नहीं थे डॉक्टर: परिजनों का आरोप है कि शिशु के जन्म के बाद स्टाफ नर्स 12 सौ रूपये के लिए दो घंटे तक लेबर रूम से बाहर नहीं आने दी। स्टाफ नर्स के कहने पर उसके एक करीबी के ई-वालेट में 12 सौ रूपया का आनलाइन भुगतान किया गया। उसके बाद स्टाफ नर्स बताई कि शिशु को झटका आ रहा है। परिजन शिशु को जिला महिला अस्पताल लेकर जिला संयुक्त अस्पताल पहुंच एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराए।

परिजनों के मुताबिक शनिवार की शाम तक शिशु स्वस्थ्य था। पर, रात में लापवाही के चलते उसकी मौत हो गई। जिम्मेदारों ने शिशु की मौत की सूचना एक घंटे बाद 11.50 बजे दिया। रात में जिस डॉक्टर की ड्यूटी थी वह वार्ड में मौजूद नहीं थे।

हंगामा के बाद रात डेढ़ बजे वार्ड में आए। शिशु के चेहरे पर लाल चकत्ता पड़ गया था।

नवजात के मौत की सूचना पर परिजनों का जिला अस्पताल में हंगामा। ● हिन्दुस्तान

उपनिरीक्षक ने स्टाफ नर्स का लिया बयान

शिशु की मौत के मामले में रविवार की सुबह कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह और जिला पंचायत सदस्य त्रिभुवन वर्मा मौके पर पहुंचे। कोतवाली के एसआई के अलावा कलक्ट्रेट व नगर चौकी इंचार्ज एसएनसीयू वार्ड में जानकारी लेने के बाद जिला महिला अस्पताल के लेबर रूम में पहुंच बयान भी लिया। नर्स से पूछताछ की।

तहरीर लेकर दो थानों पर भटकते रहे परिजन

एसएनसीयू वार्ड में शिशु की मौत में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजन कार्रवाई के लिए तहरीर लेकर कोतवाली में पहुंचे। जहां उनको यह कह कर भिटौली थाना भेज दिया कि आप लोग उसी क्षेत्र के निवासी हो। परिजन भिटौली थाना पर पहुंचे तो वहां पुलिस कर्मियों तहरीर लेने से इंकार कर दिया। कहा कि घटना स्थल कोतवाली क्षेत्र में है। वहीं केस दर्ज होगा। इसके बाद परिजन प्रार्थना पत्र लेकर जिलाधिकारी से मिलने रवाना हो गए।

> शिशु की मौत का मामला व स्टाफ नर्स द्वारा 12 सौ रूपये मांगने की शिकायत की जांच कराई जाएगी। जांच में जो दोषी मिलेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. राकेश रमन, प्रभारी सीएमएस

लोकसभा चुनाव को लेकर सक्रिय होंगे 32 अंतरराष्ट्रीय बैरियर

जागरण संवाददाता, महराजगंज: लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में अभी से पुलिस ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है। अंतरराष्ट्रीय सीमा नेपाल से सटा हुआ जनपद होने के कारण जिले में सतर्कता को देखते हुए अभी से कुल 32 अंतरराष्ट्रीय बैरियर बना दिए गए हैं, जहां सीसी कैमरे लगे हैं। वहीं कुल 15 प्रमुख चौक-चौराहों पर 60 लाइव कैमरे भी लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी के लिए उन्हें सीधे पुलिस आफिस से जोड़ दिया गया है और 24 घंटे उसकी निगरानी जारी है। कुल मिलाकर इस लोकसभा चुनाव में पुलिस हाईवर्क के साथ ही साथ स्मार्ट पुलिसिंग के माध्यम से भी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगी।

जिले के कुल पांच विधानसभाओं में से फरेंदा, नौतनवा और सिसवा विधानसभा की सीमा नेपाल बार्डर से सटी हुई है। इसमें सोहगीबरवा थाना बिहार और नेपाल बार्डर से लगता है तो वहीं नेपाल बार्डर से लगने वाले थानों में निचलौल, ठूठीबारी, बरगदवा, परसामलिक, नौतनवा, सोनौली और कोल्हुई का नाम शामिल है। चुनाव में नेपाल बार्डर से चुनाव को प्रभावित करने के लिए नेपाली शराब तो नेपाली करंसी का भी प्रयोग होता है। इस बार के चुनाव में इस पर पूरी तरह से रोक लगाने को लेकर पुलिस ने कड़े इंतजाम शुरू कर दिए हैं। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के नेतृत्व में बिहार बार्डर के अलावा नेपाल बार्डर से लगने वाले थाना क्षेत्रों में चुनाव से पहले ही पुलिस ने कैमरा युक्त कुल 32 बैरियर बना दिए हैं, जहां पर आने-जाने वाले समस्त प्रकार के वाहनों की जांच के बाद ही उन्हें आगे बढ़ने की अनुमति मिलेगी। वहीं प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वाड टीम) व एसएसटी (स्टेटिक स्क्वाड टीम) की दो-दो टीमें भी जीपीएस युक्त वाहनों के साथ भ्रमणशील रहेंगी, जो कहीं से भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम देंगी।

परसामलिक थाने में निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना● जागरण

- बिना नंबर प्लेट के गाड़ी पाए जाने पर उसे तत्काल सीज किया जाएगा।
- बड़े वाहनों की चेकिंग में आपत्तिजनक वस्तु पाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।
- कहीं पर भी अवैध शराब की बिक्री, निर्माण व डंपिंग नहीं होने पाएगी।
- हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन होगा, नामांकन में विशेष सुरक्षा व्यवस्था होगी।
- इंटरनेट मीडिया सेल पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

बार्डर क्षेत्र के थानों का एसपी ने किया निरीक्षण

लोकसभा चुनाव और होली को देखते हुए रविवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बार्डर क्षेत्र के निचलौल, ठूठीबारी, बरगदवा, परसामलिक, नौतनवा और सौनौली थाने और बार्डर क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थानाध्यक्षों को चुनाव के मद्देनजर सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए कुल 32 अंतरराष्ट्रीय बैरियर भी सामान्य ढंग से सक्रिय कर दिए गए हैं। साथ ही बार्डर से निकलने वाले प्रमुख मार्गों के 15 प्रमुख चौक-चौराहों से भी लगातार निगरानी की जा रही है।

मुर्गा फॉर्म में लगी आग, एक हिरासत में

भगवानपुर। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरी गांव के ग्राम प्रधान अशोक यादव के मुर्गा फार्म में रविवार की भोर में आग लग गई। जब तक लोग आग काबू करते फार्म जल गया। संयोग ठीक रहा कि फार्म में मुर्गे नही थे। कुछ दिन पहले फार्म की सभी मुर्गियों को कारोबारी खरीदकर उठा ले गए थे। सूचना पर पहुंची पीआरवी की पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है।

फ्लैग मार्च से कराया सुरक्षा का अहसास

भगवानपुर/बरगदवा। नौतनवां सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी व नायब तहसीलदार सौरभ कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में परसामलिक थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार मयफोर्स व एसएसबी की संयुक्त टीम ने रविवार को सीमावर्ती क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।

लोकसभा चुनाव, रमजान और होली पर्व के मद्देनजर सीमावर्ती गांव कोहरगड्डी, असुरैना, पड़ौली, झिंगटी, मरजादपुर, सेवतरी, रेहरा, अहिरौली, परसौनी, महदेईया, पेड़ारी और सेखुआनी में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। फ्लैग मार्च में सेवतरी चौकी प्रभारी ओमजीत पटेल, उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह व एसएसबी जवान शामिल रहे।

लोस चुनाव को लेकर बूथ व बल्नरेबल गांवों की निगरानी तेज

एसपी ने इंडो-नेपाल बार्डर की सीमा में बढ़ाई चौकसी

ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंडो-नेपाल बार्डर क्षेत्र के संवेदनशील व बल्नरेबल गांवों के अलावा क्रिटिकल बूथों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। एसपी सोमेन्द्र मीना व एएसपी आतिश कुमार सिंह रविवार को ठूठीबारी बार्डर क्षेत्र के क्रटिकल बूथों पर पहुंच वहां होने वाली गड़बड़ियों आशंका, घटनाओं के एक-एक बिंदुपर थानेदार से फीड बैक लिया।

एसपी व एडिशनल एसपी ने राधाकुमारी इंटर कालेज में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर किया। मातहतों को दिशा निर्देश दिया। कोतवाली के नव निर्मित बाल मित्र थाना कक्ष का एएसपी ने निरीक्षण किया। कहा मानव तस्करी के रोकथाम के लिए समन्वय बनाकर कार्रवाई जरूरी है। इसमें सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। लोकसभा चुनाव को लेकर बाहरी फोर्स को ठहरने के लिए कोतवाली पुलिस द्वारा चिन्हित बृजलाल स्मारक महाविद्यालय व सेक्रेट हर्ट हाई स्कूल का निरीक्षण कर खामियों को दुरुस्त करने का आदेश दिया। दोपहर बाद पहुंचे एसपी सोमेंद्र मीना ने कोतवाली के आफिस में रख रखाव, अपराध रजिस्टर, मेस, बैरेक व कारागार का निरीक्षण किया।

ठूठीबारी कोतवाली का एसपी सोमेंद्र मीना ने औचक निरीक्षण किया। ● हिन्दुस्तान

इस दौरान उन्होंने आगामी दिनों में बनने वाले एनएच मार्ग को लेकर कोतवाली के चहारदीवारी के तोड़ फोड़ से पहले परिसर में बनाए गए पुलिस वाचिंग टावर को अविलंब हटाकर लोहे के एंगल को नीलम कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने राधा कुमारी इंटर कालेज में लोकसभा चुनाव में होने वाले मतदान केंद्र का निरीक्षण कर भवन के दरवाजे, खिड़की, जंगले सहित अन्य निर्माण को दुरुस्त कराकर रिपोर्ट देने की बात कही। इस दौरान एसआई राजेश सिंह, एसआई राज नारायण सिंह, एसआई लालमनी दुबे आदि मौजूद रहे।

दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न, मुकदमा

श्यामदेउरवा : श्यामदेउरवा पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में चार ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र की एक पीड़िता ने तहरीर देकर बताया कि दहेज में रुपये की मांग पूरी न होने पर उसे ससुराल के लोग प्रताड़ित कर रहे हैं। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विशाल वर्मा, कमलावती देवी, अर्जुन, प्रीती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। (जास)

नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

बहुआर : आबकारी विभाग टीम ने रविवार को रात्रि एक बजे गिरहिया गांव के पास एक व्यक्ति के पास से 120 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। आरोपित की पहचान कुंदन निवासी बहुआर कला के रूप में हुई है। आबकारी इंस्पेक्टर वैभव यादव ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में चालान कर न्यायालय भेजा गया है। (जासं)

लावारिश आठ बोरी चावल एवं धान बरामद

कोल्हुई : कोल्हुई क्षेत्र के बुढ़वा घाट व राजमंदिर गांव के लठहवा घाट पर रविवार की शाम पुलिस ने लावारिश हालत में धान व चावल बरामद किया है। थानाध्यक्ष दिनेश गौड़ ने बताया तस्करी का दो बोरी चावल व छह बोरी धान बरामद कर कस्टम अधिनियम की कार्रवाई की गई है। बरामद सामान को कस्टम विभाग नौतनवा को सिपुर्द कर दिया गया है।

23 पेटी लाइटर के साथ एक हिरासत में

जासं, कोल्हुईः कोल्हुई क्षेत्र के बहदुरी बाजार के इलाहाबास मोड़ के पास से एक अभियुक्त को हिरासत में लिया गया, जिसके कब्जे से 23 पेटी अवैध लाइटर बरामद हुआ है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बहदुरी में पुलिस गाड़ियों की जांच कर रही थी, उसी दौरान इलाहाबास मोड़ के पास एक कार आते दिखी। पुलिस ने कार को रुकवाया और तलाशी लेने लगी, जिसमें 23 पेटी लाइटर बरामद हुआ। पूछताछ में चालक ने अपना नाम आदित्य मिश्रा बताया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर थाने लाई। थानाध्यक्ष दिनेश गौड़ ने बताया कि वैध कागजात ना होने के कारण कस्टम अधिनियम की कार्रवाई करते हुए कस्टम विभाग नौतनवा को बरामद सामान व पकड़े गए व्यक्ति को सौंप दिया गया है।

लक्ष्मीपुर शिवाला में चौथे दिन भी पुलिस तैनात

जासं ,भिटौली: लक्ष्मीपुर शिवाला गांव में गुरुवार की शाम छह बजे आपसी रंजिश में प्रद्युम्न गुप्ता ने सतीश चौधरी को असलहे से गोली मार दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। सतीश अपने माता-पिता का इकलौता चिराग था।

पिता जनार्दन चौधरी राजस्थान से शनिवार को घर पहुंचे। बेटे को मुखाग्नि न देने का मलाल उनको सता रहा है। गांव में शांति व्यवस्था के लिए चौथे दिन भी पुलिस तैनात हैं। दिन रात दो उपनिरीक्षक सहित कुल 12 पुलिसकर्मी तैनात हैं। लोग बार-बार यह कह रहे हैं कि ऐसी घटना कभी नहीं घटी। सतीश बहुत ही मिलनसार था। प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने भी गांव का दौरा कर मृतक के स्वजन को ढ़ाढस बधाया।

नौ बोरी चावल बरामद

महराजगंज। ठूठीबारी पुलिस की ओर से धर्मेंद्र गुप्ता, शिवकुमार निवासी राजाबारी के कब्जे से नौ बोरी चावल दो साइकिलें बरामद कर कस्टम अधिनियम अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी गई। संवाद

चोरी की गई बोलेरो मिली

ठूठीबारी। कोतवाली पुलिस की सक्रियता से सात मार्च की रात को चोरी की गई बोलोरो 48 घंटे के भीतर पुलिस ने बरामद कर ली। प्रभारी कोतवाल नीरज राय के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच के दौरान सूचना मिली कि बोलेरो बरगदवा की तरफ जाती दिखी है। इस पर गाड़ी का पीछा किया गया तो सिवान में मिली। रविवार की सुबह वाहन स्वामी जितेंद्र जायसवाल को सौंप दिया गया। संवाद

नौ बोरी चावल बरामद

महराजगंज। ठूठीबारी पुलिस की ओर से धर्मेंद्र गुप्ता, शिवकुमार निवासी राजाबारी के कब्जे से नौ बोरी चावल दो साइकिलें बरामद कर कस्टम अधिनियम अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी गई। संवाद

चोरी की गई बोलेरो मिली

ठूठीबारी। कोतवाली पुलिस की सक्रियता से सात मार्च की रात को चोरी की गई बोलोरो 48 घंटे के भीतर पुलिस ने बरामद कर ली। प्रभारी कोतवाल नीरज राय के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच के दौरान सूचना मिली कि बोलेरो बरगदवा की तरफ जाती दिखी है। इस पर गाड़ी का पीछा किया गया तो सिवान में मिली। रविवार की सुबह वाहन स्वामी जितेंद्र जायसवाल को सौंप दिया गया। संवाद

अगल-अलग स्थानों से शराब बरामद

महराजगंज। जिले में अलग अलग स्थानों से पुलिस ने शराब बरामद कर आरोपियों को चालान कर दिया। इन दिनों में सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष निगरानी की जा रही है। थाना चौक पुलिस ने सुमित्रा पत्नी बसंत निवासी धरमपुर के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। रूदल यादव निवासी सिहुली परसा के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर चालान किया गया। थाना निचलौल पुलिस की ओर से महेश निवासी रुदौली के कब्जे से 15 शीशी नेपाली शराब बरामद किया गया। झिनकू निवासी बढईपुरवा के कब्जे से 15 शीशी नेपाली शराब बरामद हुआ। छोटेलाल निवासी धरनीपट्टी, थाना हनुमानगंज, जनपद कुशीनगर के कब्जे से 15 शीशी नेपाली शराब बरामद व कुंदन निवासी बहुआर कला के कब्जे से 120 शीशी नेपाली शराब बरामद कर चालान किया। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी। संवाद

113 वाहनों का चालान

महराजगंज। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाए, सवारी गाड़ियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाने पर 113 वाहनों का चालान किया गया। यह जानकारी यातायात प्रभारी अरूणेंद्र प्रताप सिंह ने दी। संवाद

शांतिभंग की आशंका में 42 लोगों का चालान

महराजगंज। शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर विभिन्न थानों से 42 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबंद कराया गया। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी गई। संवाद

दो लाख का आलू-प्याज बरामद

सोनौली। भारत-नेपाल सीमा सोनौली से सटे रूपनदेही जिले की भैरहवा पुलिस ने अवैध रूप से नेपाल से लाई गई प्याज-आलू एवं सब्जियों को बरामद कर सीज कर दिया है। जिला पुलिस कार्यालय रूपनदेही के अंतर्गत तैनात पुलिस टीम ने जिले के विभिन्न स्थानों से दो लाख रुपये की कीमत का आलू-प्याज व सब्जी बरामद किया है।

जिला पुलिस कार्यालय रूपनदेही के सूचना अधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मनोहर प्रसाद भट्ट ने बताया कि जब्त अवैध सामान को आवश्यक कार्रवाई के लिए भैरहवा भंसार कार्यालय बेलहिया भेज दिया गया है। टीम ने कोठईमाई ग्रामीण नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 में स्थित तुनिहवा से बरामद किया है। संवाद

सक्रिय अपराधी रजिस्टर और अन्य अभिलेखों की जांच हुई

महराजगंज। आगामी लोकसभा चुनाव एवं आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए थानों का निरीक्षण हुआ।

रविवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने ठूठीबारी, बरगदवा, परसामलिक, नौतनवा एवं सोनौली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी थानों के थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सी सी टी ए न ए स , आ इ जी आ र ए स कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि के बारे में जानकारी ली। संवाद

कार से 23 पेटी लाइटर बरामद

कोल्हुई में चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली सफलता, कस्टम को सौंपा

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। रविवार को कोल्हुई क्षेत्र के बहदुरी बाजार इलाहाबास मोड़ के पास से चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक कार से 23 पेटी लाइटर बरामद की है। पुलिस ने बरामद कर कस्टम को सौंप दिया।

अमर उजाला ने रविवार के अंक में अब ल ग्ज री गाड़ियों से तस्करी का खेल शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने जांच तेज की तो कोल्हुई क्षेत्र के बहदुरी बाजार इलाहाबास मोड़ के पास से आदित्य मिश्रा निवासी कम्हरिया बुजुर्ग की कार से 23 पेटी लाइटर बरामद हुआ।

इसकी कीमती करीब छह लाख नब्बे हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने चालक आदित्य से कागजात मांगा तो वह नहीं दिखा सका। इसके बाद बरामद सामान को कस्टम को सौंप दिया गया। उधर, बुढ़वा घाट व राजमंदिर कठहवा घाट के पास से दो बाइक पर लदी छह बोरी धान बरामद हुई। कस्टम अधिनियम में कार्रवाई की गई।

कोल्हुई थाने में रखा गया बरामद लाइटर व कार। स्रोत-पुलिस

अमर उजाला इंपैक्ट

अब लग्जरी गाड़ियों से तस्करी का खेल

10 मार्च को प्रकाशित खबर।

जांच तेजी से की जा रही है। सीमावर्ती इलाकों से लगे थानों की ओर से विशेष निगरानी की जा रही है। तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के हर संभव कोशिश की जा रही है।
-आतिश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक

फ्लैग मार्च कर दिया सुरक्षा का भरोसा

जासं, बरगदवा: आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्राधिकारी नौतनवा जेपी त्रिपाठी के नेतृत्व में रविवार की दोपहर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च कर शांति व सुरक्षा का एहसास कराया।

फ्लैग मार्च नेपाल सीमा से सटे गांव पिपरा, बरगदवा, चकरार सहित डगरुपुर, खैरहवा जंगल, अमहवा में किया गया।

तहसीलदार नौतनवा आशीष कुमार गुप्ता, स्वतंत्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष बरगदवा व पुलिस फोर्स के साथ थाना क्षेत्र में क्रिटिकल मतदान केंद्रों, मिश्रित आबादी वाले एवं संवेदनशील गांवों में फ्लैग मार्च निकाला।

ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस

महराजगंज। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बड़हरा बरईपार निवासी एक विवाहिता ने पति, सास, ससुर व ननद पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पीड़िता नैंसी वर्मा ने बताया कि पिछले चार वर्षों से पति, सास, ससुर व ननद कम दहेज लाने की बात कहकर गाली-गलौज देते रहते हैं।

चार मार्च को ससुरालियों ने मेरी पिटाई कर दी और घर में रखने से इंकार कर दिया। पुलिस ने मामले में पति विशाल, सास कलावती, ससुर अर्जुन व ननद प्रीति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं विवाहिता की सास कलावती देवी ने बहू नैंसी व उसके माता-पिता पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। सास कलावती ने बताया कि चार मार्च को बहू नैंसी, उसके पिता उमेश व मां सुनीता देवी अपशब्द बोलते हुए मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने आई मेरी बेटी प्रीति को भी मारे पीटे। संवाद

लोकसभा चुनाव : फोर्स को ठहरने के लिए 75 स्कूल सुरक्षित, तैयारी तेज

सीपीएमएफ की 48 कंपनी आएगी, पुलिस बल एवं होमगार्ड के जवान चुनावी ड्यूटी में आएंगे

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सुरक्षा संबंधी मुद्दे पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संवेदनशील बूथों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। जिले में सीपीएमएफ की 48 कंपनी चुनाव के दौरान आएंगी। मतदाता सूची, मतदान केंद्र, मतदेय स्थल, मतदान कार्मिकों की फीडिंग की जा चुकी है।

चुनावी सुरक्षा में बाहर से आने वाले पुलिस-फोर्स के ठहरने के लिए जिले में 75 स्कूलों को चिह्नित किया जा चुका है। जरूरी तैयारियों को बेहतर ढंग से किया जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में फ्लैग मार्च भी किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव में बाहर से आने वाली फोर्स को ठहरने के लिए चिह्नित स्थानों का अधिग्रहित कर लिया जाएगा। दूसरे जिलों से भी पीएसी, पुलिस बल एवं होमगार्ड के जवान चुनावी ड्यूटी में आएंगे।

सीपीएमएफ के ठहरने के लिए 48 स्कूल चिह्नित किए गए हैं। इन स्कूलों में शौचालय आदि का ब्यौरा एकत्र कर कमियों को दूर कराया जा रहा है। पुलिस, पीएसी व होमगार्ड के ठहरने के लिए भी स्कूल भवन चिह्नित हो चुके हैं। 75 स्कूलों को फोर्स के ठहरने के लिए सुरक्षित रहेंगे। क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में सभी सुविधाओं को बेहतर बनाने में जुट गए हैं। लोकसभा चुनाव में अवैध शराब व नकदी पर कार्रवाई के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है।

बीते चुनाव में 48 लाख का शराब बरामद हुआ था : शराब के अवैध ठिकानों पर दबिश दी जा रही है जिससे चुनाव को लेकर कोई भंडारण नहीं कर पाए। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार वर्ष 2019 के चुनाव में 18 लाख रुपये मूल्य के सात हजार लीटर शराब व वर्ष 2022 के चुनाव में 48 लाख रुपये मूल्य के 18 हजार लीटर अवैध शराब का सीजर किया गया था।

सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय रहेगी सर्विलांस टीम : लोकसभा चुनाव में भारत-नेपाल की 84 किमी खुली सीमा संवेदनशील रहती है। सरहद से मादक पदार्थ व मुद्रा का अवैध विनियम का कारोबार चलता रहता है। इस पर रोक लगाने के लिए स्ट्रैटिक सर्विलांस टीम व फ्लाइंड स्क्वाड की टीम सीमा क्षेत्र में अधिक रहेगी। पिछले चुनाव में पांच-पांच मजिस्ट्रेट स्ट्रैटिक सर्विलांस टीम की कमान संभाल रहे थे। नौतनवा व सिसवा विधानसभा को छोड़ अन्य में तीन-तीन मजिस्ट्रेट को स्ट्रैटिक सर्विलांस का प्रभारी बनाया गया था।

केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ रुट मार्च करते तहसीलदार व क्षेत्राधिकारी। संवाद

> चुनाव को देखते हुए सुरक्षा संबंधी सभी जरूरी बिंदुओं पर आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रहेगी। बाहर से आने वाली फोर्स को रहने के लिए स्थान चिह्नित कर लिए गए हैं। जरूरी सुविधाओं को ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> **-आतिश कुमार सिंह,** अपर पुलिस अधीक्षक

रुट मार्च किया

बरगदवा। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्राधिकारी नौतनवा जेपी त्रिपाठी के नेतृत्व में रविवार की शाम चार बजे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलों ने क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में रूट मार्च कर शांति व सुरक्षा का एहसास कराया। रूट मार्च नेपाल सीमा से सटे गांव पिपरा, बरगदवा, चकरार सहित डगरुपुर, खैरहवा जंगल, अमहवा में किया गया। नौतनवा जेपी त्रिपाठी ने बताया कि क्रिटिकल मतदान केंद्रों, मिश्रित आबादी वाले एवं संवेदनशील गांव एवं मोहल्ले बरगदवा, पिपरा, डुंगरपुर, खैरहवा जंगल, बेलहिया, नारायनपुर, देवघट्टी अमहवा आदि गांव में शांति एवं सुरक्षा का एहसास कराया गया। संवाद

आग लगने से झोपड़ी और मुर्गी फार्म जलकर राख

कोल्हुई। स्थानीय उपनगर कोल्हुई बाजार के लोटन रोड स्थित चंदनपुर तिराहे के पास दो भाइयों की झोपड़ी जल कर राख हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। अब्दुल्ला व छोटू ग्राम चंदनपुर के पास कोल्हुई लोटन मार्ग के किनारे टीनशेड बना कर रहते हैं।

रविवार को कुछ बच्चों ने मटर भूनने के लिए घर के पास आग जलाए थे। उसी आग की लपट घर में रखे सामान को अपने जद में ले लिया। लेखपाल शांतविजय सिंह ने बताया कि नुकसान का आकलन करके रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

मुर्गी फार्म में लगी आग : परसामलिक। ग्राम पंचायत महरीगांव के ग्राम प्रधान अशोक यादव के मुर्गी फार्म में रविवार की भोर में लगभग चार बजे अचानक आग लग गई।

जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरी के ग्राम प्रधान अशोक यादव का गांव के उत्तर तरफ उनके खेत में मुर्गी फार्म है। मुर्गी फार्म के ऊपर फूस डाला गया था। आरोप है कि एक युवक ने नशे में रविवार की भोर में आग लगा दी। संवाद

BASTI POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2024

पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

कुदरहा (एसएनबी)। रविवार शाम को चुनाव के मद्देनजर शांति व शुचितापूर्ण चुनाव कराने के लिए कुदरहा बाजार में लालगंज पुलिस और सीआईएसएफ की संयुक्त टीम ने फ्लैग मार्च किया। चौकी क्षेत्र कुदरहा के वासियों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। शांतिपूर्ण मतदान के लिए लोगों को समझाया।इस मौके पर चौकी इंचार्ज कुदरहा सुदीप यादव, चौकी इंचार्ज लालगंज राजेश प्रजापति, प्लाटून कमांडर सुरेश एके, चौकी इंचार्ज महादेवा अवनीश सिंह, चौकी इंचार्ज महसों शैलेंद्र पांडेय, उनि ऋषिदेव प्रसाद, हे का. सुभास, का. प्रभूनाथ सहित सीआईएसएफ के जवान और पुलिस चौकी कुदरहा, लालगंज, माहसों और महादेवा के सिपाही मौजूद रहे।

नवागत थानाध्यक्ष ने कार्यभार संभाला

बभनान (एसएनबी)। पैकोलिया के नये थानाध्यक्ष रामफल चौरसिया के सामने दलालो का काकस तोडना एक चुनौती भरा कार्य होगा। वजह कि इन दलालो के चंगुल मे फंसकर गरीब पीडिता तबका लम्बे समय से आर्थिक शोषण का शिकार होने के साथ ही न्याय पाने से बंचित रह जाता है। उसकी पीडा भी कोई सुनने वाला नही रहता। हलाकि थानाध्यक्ष ने गरीब पीडितो को न्याय दिलाने की बात कही है। नवागत थानाध्यक्ष ने कार्य भार ग्रहण के बाद मातहतो से परिचय कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

ताला तोड़कर पेट्रोल पम्प कार्यालय में चोरी

भानपुर (एसएनबी)। अज्ञात चोरों ने सोनहा थाना क्षेत्र के बस्ती डुमरियागंज मार्ग पर स्थित रामनगर के समीप पेट्रोल पंप के कार्यालय का ताला तोड़कर आलमारी से लगभग एक लाख चार हजार रुपये चुरा लिए। इसकी जानकारी सुबह पम्प कर्मियों को तब हुई जब उन्होंने कार्यालय का ताला टूटा देखा। अंदर जाकर देखने पर कमरे में रखी आलमारी गायब थी। उसमे रुपए सहित पेट्रोल पंप से संबंधित कागजात गायब थे। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस, एसओजी टीम प्रभारी प्रभारी जनार्दन प्रसाद चौकी प्रभारी असनहरा जय शंकर पांडेय व फोरन्सिक टीम ने मौके की जांच पड़ताल किया। पुलिस सीसीटीवी के जरिए जाँच पड़ताल कर जरूरी साक्ष्य जुटा रही है। आसपास खोजने पर आलमारी बगल में स्थित तालाब में दिखाई पड़ी। तब इसकी जानकारी कर्मियों ने पम्प मालिक व डायल 112 को दी।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 76559 वादों का निस्तारण

बस्ती (एसएनबी)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना की कुशल अध्यक्षता में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती अपर जिला जज रजनीश कुमार मिश्र के प्रभार में जनपद न्यायालय परिसर, सभी तहसील, राजस्व न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी एवं पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी एवं अन्य विभाग का सराहनीय सहयोग रहा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के कुल 76559 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें बैंक ऋण व अन्य प्रकार से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन स्तर पर 55733 मामलों को एवं न्यायालयों के 20826 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा कुल 59 मामलों निस्तारित किए गए जिसमें 14045000 की धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान की गयी एवं आपराधिक वादों के निस्तारण के फलस्वरूप 323040 की धनराशि अर्थदण्ड एवं अन्य मामलों में कुल रुपये 11405298 इस प्रकार रुपये 2577338 की धनराशि वसूल की गयी। इसके अतिरिक्त बैंक ऋण के 855 मामलों को निस्तारित कराकर बैंकोंद्वारा रुपये 77782489 की धनराशि पर समझौता किया गया। अपर परिवार न्यायालय अंजू कन्नौजिया के न्यायालय में कुल 33 मामलें निस्तारित हुए। वर्षों से मुकदमा लड़ रहे आठ दंपत्ति राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौता करके साथ-साथ रहने को सहमत हुए। अनेक उजड़े हुए घर पुनः बस गए। उक्त लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अखिलेश दूबे, परिवारिक न्यायालय के अधिकारीगण, अपर जिला जज प्रथम शिव चन्द, अपर जिला जज-विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) अमित वर्मा, नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार खरवार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष राय, सिविल जज (सीडी) अमित मिश्रा समेत न्यायिक अधिकारीगण ने प्रतिभाग लिया। राष्ट्रीय लोक अदालत में राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) बस्ती में संवासित किशोर द्वारा बनाई गई चित्रकला एवं जिला कारागार, बस्ती में निरूद्ध बन्दियों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प कला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। उपरोक्त जानकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बस्ती रजनीश कुमार मिश्र द्वारा दी गयी है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण को लेकर जानकारी लेते कुलदीप सक्सेना।

बहला फुसला कर किशोरी को भगाया, केस

बस्ती (एसएनबी)। बहला फुसला कर एक किशोरी को उसके प्रेमी द्वारा भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाने की पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उकसी 20 वर्षीय बेटी को लाले पुत्र पप्पू निषाद द्वारा शादी करने का झांसा देकर व बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया था। बाद में लड़की को घर जाने पर वह लाले से शादी करने के लिए बोली और शादी न होने पर जहर खाकर आत्महत्या करने के लिए कहने लगी। मामले में पुलिस ने आरोपी लाले पुत्र पप्पू निषाद निवासी डारीडीहा थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

परीक्षा देने गयी युवती प्रेमी संग फरार

बस्ती (एसएनबी)। परीक्षा देने के लिए एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। इस सम्बन्ध में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाने पर लिखित तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी जवाहर लाल नेहरू इण्टर कालेज गौसपुर में इण्टर मीडिएट की परीक्षा देने के लिए गयी थी। जहां से वह वापस घर नही लौटी। पीड़ित ने संदेह जताते हुए पुलिस को बताया कि उसकी बेटी किसी अज्ञात युवक अपने साथ ले गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

छेड़खानी के आरोप में दो पर केस

बस्ती (एसएनबी)। स्कूल से आते जाते वक्त एक छात्रा से अभियुक्तो द्वारा रास्ते में छेड़खानी करने तथा लड़की के चाचा द्वारा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दिये जाने के मामले में सोनहा थाने की पुलिस ने दो युवको पर मुकदमा दर्ज किया है। कार्यवाही न्यायालय के आदेश पर की गयी है।जानकारी के अनुसार सोनहा थानाक्षेत्र की एक गांव की रहने वाली छात्रा को स्कूल आते जाते समय अभिुक्त राकेश व अजय द्वारा रास्ते में रोककर अश्लील टिप्पणी करने के साथ छेड़खानी करते थे। कहीं से लड़के का नम्बर मिलने के बाद उसके मोबाइल फोन पर अश्लील फोटो व वीडियो को भेजा जाता था। लड़की द्वारा जब अपने परिवार में इस बात की शिकायत की तो उसके चाचा अभियुक्तो के घर उलाहना देने पहुचे। जहां पर चाचा को उन्होंने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित ने न्यायालय में अर्जी लगाते हुए न्याय की गुहार लगायी। जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर सोनहा थाने की पुलिस ने आरोपी राकेश पुत्र सरजू प्रसाद यादव, अजय पुत्र रामवृक्ष निवासीगण एकडगवा, छोटापुरवा, थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 354क, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

सात दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन:

बस्ती। चंद्रगुप्त मौर्य डिग्री कॉलेज में स्काउट-गाइड शिविर का आयोजन किया गया। सात दिनों तक चले शिविर में स्काउट-गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, टेंट निर्माण आदि की जानकारी दी गई।

लोस चुनाव के मद्देनजर एएसपी ने की बैठक

बस्ती (एसएनबी)। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स बस्ती सभागार कक्ष में गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती ओमप्रकाश सिंह द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार कक्ष में आदर्श आचार संहिता, कानून व्यवस्था एवं मतदान केंद्रों के संबंध में गोष्ठी कर जनपद में होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के संबंध में जानकारी देते हुए शांति-कानून-सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु शासन-प्रशासन से प्राप्त आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। गोष्ठी के दौरान समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक-थानाध्यक्ष-प्रभारी चौकी, समस्त सेक्टर पुलिस अधिकारी व अन्य अधिकारीध कर्मचारीगण मौजूद रहे।

रिजर्व पुलिस लाइन्स बस्ती सभागार कक्ष में गोष्ठी करते एएसपी।

कस्टडी में युवती का आज होगा मेडिकल

फॉलोअप

- समाधान दिवस में युवती ने कथित तौर पर खा लिया था जहर
- शादी का झांसा देकर युवती को अगवा कर लिया था आरोपी

गायघाट (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। जिले के कलवारी थाने पर आयोजित समाधान दिवस में प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी एक युवती ने कथित तौर पर शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के सामने हुई घटना के बाद हड़कंप मच गया था। युवती को कलवारी सीएचसी में भर्ती कराया गया था, जहां जहर खाने का लक्षण नहीं मिले थे।

थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बताया कि युवती को महिला पुलिस की अभिरक्षा में बस्ती शहर स्थित वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है। सोमवार को मेडिकोलीगल कराया जाएगा। उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई होगी।

कलवारी थाने पर शनिवार को नायब तहसीलदार स्वाति सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस की सुनवाई चल रही थी। इसी दौरान युवती व उसका कथित प्रेमी थाने पर पहुंचे। युवती प्रेमी पर शादी का दबाव बना रही थी लेकिन युवक ने इनकार दिया। इससे नाराज युवती ने थाना परिसर में लगे हैंडपंप के पहुंचकर एक पुड़िया निकाली और इसे जहर बताकर खा लिया था। पुलिस ने आनन-फानन में अस्पताल भेजा। जहां युवती की हालत सामान्य मिली और जहर खाने का कोई लक्षण नहीं दिखा। एहतियातन उसे भर्ती कर लिया गया। प्रकरण में 20 वर्षीय पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सदावृक्ष के खिलाफ शादी का झांसा देकर युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी पुलिस हिरासत में बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि सोमवार को युवती का मेडिकोलीगल कराया जाएगा। मुकदमे की विवेचना एसआई विन्ध्याचल प्रसाद को सौंपी गई है।

सुरक्षा को लेकर पुलिस ने किया मंथन

बैठक

बस्ती, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन सभी तैयारियों को पूरा करने में जुटा है। रविवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में एएसपी ओपी सिंह की अगुवाई में बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्किल व थानावार लोकसभा चुनाव को लेकर हुई तैयारियों की समीक्षा की गई।

पुलिस लाइन में लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को बैठक आयोजित हुई।

बैठक में आदर्श आचार संहिता, कानून व्यवस्था एवं मतदान केंद्रों की सुरक्षा पर खास फोकस रहा। निर्देश दिया गया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों पर मानक के अनुरूप सुरक्षा प्रबंध मुहैया कराने की तैयारी पूरी कर लें। अर्धसैनिक बलों के स्तर से भी एरिया डोमिनेशन किया जा रहा है। निर्भीक होकर प्रत्येक मतदाता मतदान करे, इसके लिए अराजक तत्वों पर पूरी सख्ती के साथ शिकंजा कसा जाए। ऐसे लोगों को चिह्नित करने के साथ ही निरोधात्मक कार्रवाई शुरू हो चुकी है। बैठक में सभी सर्किल के सीओ, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, प्रभारी चौकी, समस्त सेक्टर पुलिस अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

ग्रामीणों का कोटेदार के खिलाफ प्रदर्शन

हर्रैया। परसुरामपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत सलेमपुर के राशन कार्ड धारकों ने कोटेदार पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए रविवार को तहसील हर्रैया पहुंचकर प्रदर्शन किया। कोटेदार व आपूर्ति विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और एसडीएम विनोद कुमार पांडेय को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने एसडीएम से कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने कार्डधारको को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। रविवार को सलेमपुर पांडेय ग्राम पंचायत के दो दर्जन राशन कार्ड धारकों ने एसडीएम को दिए पत्र में कोटेदार व आपूर्ति कार्यालय पर मनमानी करने का आरोप लगाया।

पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च

कप्तानगंज। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर रविवार को दोपहर कप्तानगंज थाना क्षेत्र के महाराजगंज कस्बे में सीओ कलवारी प्रमोद कुमार राय और प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक दुबे, चौकी इंचार्ज महराजगंज जेपी मिश्रा की अगुवाई में अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में हुटर और शायरन बजाते हुए पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने बिहरा, ओझागंज, रकबा, महुलानी होते हुए रखिया पहुंचे। रखिया से टीम मेढौवा, पोखरा होते हुए कप्तानगंज पहुंची।

वामा सारथी ने आयोजित किया प्रशिक्षण शिविर :

बस्ती। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन सभागार में वामा सारथी ने योग, अनुशासन व आत्मरक्षा को लेकर रविवार को विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र की पत्नी व एसपी बस्ती की पत्नी की अगुवाई में थानाध्यक्ष महिला थाना निधि यादव ने महिलाओं को योग के लाभ बताए।

नशा को पैसा देने से मना किया तो पीटा

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने नशा करने के लिए पैसा देने से मना करने पर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। इसी थान के मधवापुर निवासी हरिनरायन सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि कमल सिंह ने नशा करने के लिए उनसे पैसा मांगा। मना करने पर वह नाराज हो गया और मारपीट कर अपशब्द कहा। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

क्रिकेट खेलने को लेकर मारपीट

बस्ती। परसरामपुर पुलिस ने क्रिकेट खेलने की बात को लेकर मारपीट मामले में केस दर्ज किया है। इसी थाने के खम्हरिया निवासी रोहित सिंह का आरोप है कि केशवपुर के राज यादव, रोहन समेत तीन लोगों ने क्रिकेट खेलने की बात को लेकर अपशब्द कहा। वहीं कलवारी पुलिस ने कुसौरा में हुई मारपीट में सोनबरसा निवासी मो. आसिफ की तहरीर पर इसी थाने के कम्हरिया निवासी मो. सलीम, मो. नदीम व फेटवा निवासी अनुराग उपाध्याय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

बोर्ड परीक्षा देने गई छात्रा लापता, मुकदमा

बस्ती। कलवारी पुलिस ने रहस्यमय ढंग से एक छात्रा के लापता होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। 17 वर्षीय छात्रा के पिता ने तहरीर देकर बताया है कि गत मार्च को उनकी बेटी घर से दिन में इंटरमीडिएट की परीक्षा देने के लिए परीक्षा केन्द्र पर जाने के लिए निकली थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

पिता-पुत्री को मारापीटा, मुकदमा दर्ज

बस्ती। नगर पुलिस ने पिता-पुत्री की पिटाई के मामले में केस दर्ज किया है। इसी थाने के कोठवाभरतपुर निवासी चैतू चौहान का आरोप है कि विपक्षियों ने उन्हें व उनकी बेटी मोनी चौहान को अपशब्द कहा। पुलिस ने इसी गांव के मोहनलाल, जगदीश, राकेश व रमेश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रुधौली पुलिस ने बच्चों की मामूली बात को लेकर मारपीट के मामले में बखरिया निवासी अनारुलहक की तहरीर पर गांव के जहीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कार्यालय में घुसकर किया हंगामा, केस दर्ज

बस्ती। कप्तानगंज पुलिस ने एक संस्था के कार्यालय में घुसकर हंगामा करने के मामले में केस दर्ज किया है। कप्तानगंज निवासी अनवर अहमद ने तहरीर में आरोप लगाया हैकि उनके संस्थान के कार्यालय में लिपिकीय कार्य चल रहा था। तभी दो लोग संस्था के कार्यालय में हाथ में राड लेकर घुस आए। अपशब्द कहते हुए कुर्सियों पर लात मारते हुए फाइलों को फेंका व फाड़ दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में केस

बस्ती। कोर्ट के आदेश पर सोनहा पुलिस ने छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता के चाचा ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी भतीजी को कोचिंग जाते समय रास्ते में रोकर विपक्षी अक्सर अश्लील टिप्पणी करते। कहीं से भतीजी का मोबाइल नंबर भी मिल गया। इस पर फोन, मैसेज व व्हाट्सअप से अश्लील बात करते व अश्लील फोटो-वीडियो भेजने लगे। इसकी शिकायत पर धमकाया। पुलिस ने आरोपी राकेश व अजय पर केस दर्ज किया है।

बच्चों के विवाद को लेकर मारापीटा, मुकदमा दर्ज

वस्तीः कलवारी पुलिस ने मारने पीटने के मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थानाक्षेत्र के सोनबरसा निवासी आसिफ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि झिनकू लाल इंटर कालेज कुसौरा के बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर विपक्षी अपशब्द कहने लगे। उसके बाद मारने पीटने लगे। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मो. सलीम, मो. नदीम निवासी कम्हरिया व अनुराग उपाध्याय निवासी फेटवा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

फाइलों को फाड़ने पर दर्ज हुआ मुकदमा

वस्तीः कप्तानगंज पुलिस ने एक संस्थान में लिपिकीय कार्य को बाधित करने व फाइलों को क्षतिग्रस्त करने सहित अन्य मामले में दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कप्तानगंज के रहने वाले अनवर अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके संस्थान के कार्यालय में लिपिकीय कार्य चल रहा था तभी दो लोग हाथ में राड लेकर घुस गए। कुर्सी को पैर से ढकेलते हुए फाइलों को इधर उधर फेंक दिया। कुछ फाइलों को फाड़ भी दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

गोष्ठी में एएसपी ने चुनाव को लेकर की चर्चा

जासं, बस्ती : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस लाइंस बस्ती सभागार में गोष्ठी का आयोजन हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने आदर्श आचार संहिता, कानून व्यवस्था एवं मतदान केंद्रों के संबंध में चर्चा की। पुलिसकर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देशों से अवगत कराया। कहा कि शांति व सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए पूरी कोशिश करें। चुनाव में हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। नियमित गश्त करें। लोगों से बेहतर संवाद स्थापित करें। किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरतें। अराजकतत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।(जासं)

मुश्किल में हेल्पलाइन पर डायल करें, मिलेगी सुरक्षा

जासं, हर्रैया बस्ती: महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को हर्रैया कस्बे लिटिल फ्लावर स्कूल में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए नियम-कानून के प्रति जागरूक किया गया।

हर्रैया थाने की महिला आरक्षी अंशुल वर्मा ने कि महिलाओं को जागरूक ना होने के कारण सशक्त नहीं हो पा रही हैं। इसलिए उन्हें जागरूक होने की आवश्यकता है। कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, इंटरनेट मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल 1090 व 112 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दे सकती हैं । ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए पुलिस को सूचना दें। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। वहीं

मिशन शक्ति अभियान

थाने पर महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है। महिला पुलिस अधिकारी हमेशा मौजूद रहती हैं। महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएं यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1098, चाइल्ड हेल्प लाइन 102 ,स्वास्थ्य सेवा 108 आदि के बारे में जागरूक किया। विद्यालय फादर जोजो ने कहा मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं तथा बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के साथ उनका सुरक्षा व सम्मान बढ़ा है। मिशन शक्ति का महिलाओं को पत्र वितरण किया गया। चौपाल में भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। इस दौरान महिला कांस्टेबल प्रतिभा, कांस्टेबल राकेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

यह और अन्य खबरें देंखे-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

पुलिस ने मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

लोकसभा चुनाव : पुलिस प्रशासन अलर्ट, अति संवेदनशील बूथों पर कड़ी नजर, अपराधियों की बन रही सूची

संवाद न्यूज एजेंसी

गौर। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। पैकोलिया क्षेत्र के अति संवेदनशील बूथ गड़हा दल्थहम्मन गांव में एडीएम कमलेश चंद्र के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च कर चुनाव में गड़बड़ी फैलाने वाले के प्रति कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

एडीएम कमलेश चंद्र ने कहा कि पैकोलिय थाना के गड़हा दल्थहम्मन,सरनागी,पैकोलिय एवं गौर थाना क्षेत्र के इटबहरा, महुआडाबर,सुमही व कटास गांव के बूथों का लगातार पुलिस प्रशासन की ओर से भ्रमण कर ग्रामीणों को यह संदेश दिया जा रहा है, कि लोकसभा चुनाव में यदि कोई भी व्यक्ति चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने की कोशिश किया तो पुलिस सख्ती से निपटेगी।

मुंडेरवा कस्बे में फ्लैग मार्च करते जवान। संवाद

अधिकारियों ने गांव में कुछ संभ्रांत व्यक्तियों से चुनाव को लेकर वार्ता की और अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों के नाम भी पूछे। सीओ अशोक मिश्रा ने बताया कि सर्किल के सभी थाना प्रभारी को यह निर्देश दिए गए कि गांव में चुनाव के समय यदि कोई गड़बड़ी कर सकता है तो उसे अभी से चिह्नित करें और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

जिससे निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराया जा सकें क्षेत्र में शांति और शौहार्द पूर्ण माहौल में आगामी लोकसभा चुनाव समपन्न कराने हेतु मुंडेरवा पुलिस एवं सीआईएसएफ जवानो ने संयुक्त फ्लैगमार्च किया।फ्लैगमार्च से पहले थानाध्यक्ष मुंडेरवा अभिमन्यु सिह एव अन्य स्टाफ ने मकबूलगंज चौराहे पर कंपनी कमानडेंट सुरेशा एके एव टीम के 28सदस्यों का फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुंडेरवा प्रतिनिधि के अनुसार मुंडेरवा थाना प्रभारी अभिमन्यु सिह के नेतृत्व में सीआईएसएफ कंपनी के साथ मुंडेरवा थाना क्षेत्र क्रिटिकल एव वल्नरेबुल क्षेत्र बेला, बनकटी, ओरवारा, बिहरा, त्रिमूर्ति तिराहा, हल्लौरनगरा, बोदवल मे फ्लैगमार्च किया।इसके पहले मकबूलगंज बाजार में मुडेरवा थानाध्यक्ष एव स्टाफ ने जवानों का स्वागत किया।

मुंडेरवा पुलिस व सीआईएसएफ के जवानों ने संवेदनशील और अतिसंवेदनशील गांव में पहुंच कर लोगों से संवाद स्थापित किया, लोगों से निष्पक्ष और निर्भीक होकर लोकसभा चुनाव में शामिल होने की अपील किया।

पुलिस व सीआईएसएफ के जवानों ने मकबूलगंज, ओरवारा, बनकसही, नगहरा भट्ठा, पकरीचंदा, देवरिया, बिहरा, मनिकौरा, मेहड़ा, कुरियार, हल्लौर नगरा, रामपुर, बोदवल, बरडाड़, बढया, अहरा, मुंडेरवा सहित अन्य गांवों एवं कस्बों मे फ्लैगमार्च किया।

दुबौलिया संवाद के अनुसार, लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर सीआईएसएफ व दुबौलिया पुलिस ने रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया।

निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने व क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता तथा दुबौलिया थाने के एसआई सुरेंद्र प्रसाद एवं सीआईएसएफ के एसआई सुरेंद्र शर्मा 35 जवानों के साथ क्षेत्र के दुबौलिया, विशेषरगंज कस्बों के साथ धरमपुर, बेमहरी, लक्ष्मणपुर,र सहित अन्य संवेदनशील गांवों में फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान पुलिस और सीआईएसएफ के संवाद कर जनता को बेहतर कानून व्यवस्था के लिए आश्वस्त किया।

छेड़खानी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, वस्ती: सोनहा पुलिस ने कोचिंग से आते जाते समय छात्रा के साथ छेड़खानी करने व अभद्र टिप्पणी करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता के चाचा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी भतीजी के कोचिंग आते जाते समय रास्ते में रोककर दो युवक अक्सर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। उसके भतीजी का जबरन नंबर लेकर फोन व अश्लील मैसेज करते हैं। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है।

पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर राकेश व अजय निवासी एकडगवा, छोटापुरवा, थाना सोनहा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोटे की दुकान की बहाली के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

हर्रैया। परशुरामपुर ब्लॉक के सलेमपुर पंचायत की कोटे की दुकान निलंबित चल रही है। लाभार्थियों को दूसरे पंचायत की दुकान से अनाज लेना पड़ रहा है। इससे खफा ग्रामीणों से रविवार को तहसील पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर दुकान बहाल करने की मांग की। एसडीएम विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

सलेमपुर गांव की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान अनियमितता के चलते जून 2023 से निलंबित चल रही है। कोटेदार बिंदू तिवारी दिव्यांग हैं। उन्होंने आरोपों को राजनीतिक दुराग्रह बताते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग किया थी। मगर, आठ माह बाद भी इस पर जिला पूर्ति अधिकारी स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

हर्रैया तहसील में विरोध प्रदर्शन करते सलेमपुर पंचायत के ग्रामीण। संवाद

तहसील पहुंचे कार्डधारकों ने बताया कि जिस पंचायत में गांव की दुकान संबद्ध की गई है, उसकी दूरी आठ किमी है।

इससे अनाज लेने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान के लिए विधायक व सांसद से भी शिकायत कर चुके हैं। एसडीएम के आश्वासन के बाद ग्रामीण घर को लौट गए। इस मौके पर मनोज तिवारी, विनोद, प्रमोद, धर्मेंद्र कुमार, राम लगन, सुधा, इंद्रावती, नीलम, मीना, सिया कुमारी, माया आदि मौजूद रहीं।

फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

कुदरहा/ मुंडेरवा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस व सीआईएसएफ की संयुक्त टीम ने रविवार को लालगंज व मुंडेरवा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। लालगंज के कुदरहा बाजार में स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। मुंडेरवा थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष अभिमन्यु सिह की टीम ने मकबूलगंज पहुंचने पर सीआईएसएफ के कंपनी कमांडेंट सुरेश एके व उनकी टीम का स्वागत किया।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2024

पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर दिया दिशा निर्देश

बानगंगा(एसएनबी)आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ में माड़वारी धर्मशाला में स्थित बूथ संख्या 243,244,245 का अपर पुलिस अधीक्षक व एडीएम सिद्धार्थनगर ने एसडीएम शोहरतगढ कमेन्द्र कुमार के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं हेतु संबंधितं कर्मचारियों को दिया निर्देश।

मिट्टी खनन का वीडियो वायरल

बढ़नी। बढ़नी क्षेत्र में मिट्टी खनन का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें जेसीबी से मिट्टी खुदाई की जा रही है। वीडियो में ट्रालियों के माध्यम से मिट्टी ढोते दिखाई पड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो बढ़नी ब्लॉक के मड़नी चौराहे के पास सरयू नहर के दक्षिण तरफ हो रहे अवैध खनन का है। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

बढ़नी क्षेत्र के मड़नी चौराहे के बगल सरयू नहर के दक्षिण तरफ जेसीबी से बड़े पैमाने पर अवैध खनन कई दिनों से चल रहा है।

खेसरहा पुलिस करेगी कार्रवाई

बेलहर। बेलहर थाना प्रभारी सरोज शर्मा ने बताया कि राजघाट पुल के नीचे बूधा नाले के पास एक युवक का शव बरामद होने की सूचना पर मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया गया है। मामले में सिद्धार्थनगर के खेसरहा थाने में पहले से ही मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने घटना में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्रवाई कर रही है। मामले में कानूनी प्रक्रिया पूरी कर प्रकरण खेसरहा पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख ठगे, केस

कार्रवाई

17 लोगों से 15 लाख रुपये ठगी का है आरोप

- चिल्हिया पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की छानबीन

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। चिल्हिया पुलिस ने शनिवार को विदेश भेजने के नाम पर 17 लोगों से 15 लाख रुपये ठगी करने के मामले में सात लोगों पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

शोहरतगढ़ क्षेत्र के नियांव गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र रामजीत ने चिल्हिया पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि चिल्हिया थाना क्षेत्र के गौहनिया चौराह पर लखनऊ टूर एंड ट्रेवल्स के नाम से एक आफिस खोला गया था। इसके प्रबंधक व संचालक रवि सिंह पुत्र रामबचन सिंह निवासी सतगुरु जिला महराजगंज ने अपने अन्य साथियों व एक महिला के साथ मिलकर विदेश भेजने के नाम पर 70 हजार रुपये ऑनलाइन व 30 हजार रुपये नगद लिया है। ये लोग क्षेत्र में विदेश भेजने के लिए प्रचार भी करते थे। इन लोगों ने हमारे अलावा 16 अन्य लोगों से भी पैसा लिया है। इन लोगों ने कुल 17 लोगों से 15 लाख रुपये लिए हैं। साथ ही हमें संचालक रवि सिंह व पंकज ने फर्जी वीजा, फर्जी टिकट व फर्जी अप्वाइमेंट लेटर दिया। इसको लेकर कुछ लोग विदेश जाने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट पर गए तो जांच अधिकारी ने बताया कि विदेश जाने के सारे कागजात फर्जी हैं। हमने भी अपने कागजात की जांच कराई तो सारे कागजात फर्जी मिले। इसके बाद हम सभी लोग गौहनिया स्थित आफिस पर गए तो न ही रवि सिंह व पंकज मिले और न ही उनका कोई सहयोगी। प्रभारी एसओ जावेद का कहना है कि तहरीर के आधार पर सात लोगों पर धारा 419, 420, 467, 468,471, 406 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

इन सात लोगों पर दर्ज हुआ है केस

रवि सिंह पुत्र राम बचन सिंह निवासी सतगुरु महराजगंज, रमाकांत निवासी पकड़ी थाना चिल्हिया, करीम निवासी नौगढ़ नोनहवा सिद्धार्थनगर, अभिषेक पैथोलॉजी शोहरतगढ़ के मालिक नाम, पता अज्ञात, पंकज पता अज्ञात, टोटल कंप्यूटर ऑनलाइन सर्विसेज का मालिक नाम व पता अज्ञात, एक महिला नाम पता अज्ञात।

ढेबरुआ-इटवा मार्ग के नजरगढ़वा पुल निर्माण डायवर्जन मार्ग पर फंसा राशन लदा ट्रक।

डायवर्जन मार्ग पर लगा जाम

10 घंटे बाद यातायात बहाल

शोहरतगढ़, हिसं। ढेबरुआ-इटवा मार्ग के नजरगढ़वा-रामनगर के बीच पुल निर्माण का कार्य चल रहा है। वाहनों के आवागमन के लिए डायवर्जन मार्ग बनाया गया है। इस डायवर्जन मार्ग पर बढ़नी से इटवा की तरफ गल्ला लाद कर जा रहा ट्रक शनिवार आधी रात के बाद ख़राबी आ जाने से अचानक बीच में फंस गया। 10 घंटे बाद ट्रक की खराबी दूर होने के बाद आवागमन बहाल हो सका।

ट्रक के बीच मार्ग में फंस जाने से बड़े वाहनों का निकल पाना मुश्किल हो गया। इससे मार्ग के दोनों तरफ सैंकड़ों ट्रक खड़े हो गए। कुछ वाहनों में जरूरी खाद्य सामग्री व अन्य सामान लदे हुए थे। गैस सिलेंडर लोडेड कई ट्रक जिन्हें ढेबरुआ, बढ़नी की तरफ जाना था वे सभी आधी रात बाद से ही परेशान रहे। इस मार्ग से छोटे वाहन कार, टेंपो, बाइक आदि तो आसानी से आते जाते रहे लेकिन बड़े वाहन बस आदि से यात्रा करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। क़रीब 10 घंटे बाद रविवार को वाहनों का आवागमन बहाल हो सका और वाहनों का आवागमन शुरू हुआ।

टेलर की दुकान के सामने से बाइक गायब

भनवापुर। इटवा थाना क्षेत्र के शाहपुर चौराहे पर एक टेलर की दुकान के सामने से रविवार को बाइक गायब हो गई है। वाहन स्वामी ने मामले की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। डुमरियागंज कस्बे के रहने वाले मिथिलेश कुमार यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि टेलर की दुकान के सामने बाइक खड़ी कर कपड़ा नपवाने लगे। इसके बाद पीछे देखा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन की पर पता नहीं चला। इटवा थानाध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी ने कहा तहरीर नहीं मिली है।

किशोर के साथ कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

चिल्हिया। चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर के साथ कुकर्म करने वाले गांव के ही युवक के खिलाफ पुलिस ने को केस दर्ज कर लिया गया है। शनिवार रात आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसका 12 साल का बेटा गांव के बाग की ओर शुक्रवार शाम को गया था। गांव का ही युवक वीरेंद्र पुत्र बुद्धू उसे बहाने से पुआल की आड़ में ले जाकर कुकर्म करने लगा। बच्चे के शोर मचाने पर लोग पहुंच गए। मौका पाकर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ शनिवार को धारा 377 के तहत केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। रात में उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

फोर्स के ठहरने की व्यवस्था का एसपी ने लिया जायजा

सिद्धार्थनगर : आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत एसपी प्राची सिंह ने रविवार को मोहाना थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। चुनाव कराने के लिए बाहर से आने वाली फोर्स के ठहरने के लिए बनाए जा रहे स्थल की हालत देखी। शौचालय, बिजली, पानी समेत अन्य जरूरी संसाधन सुरक्षाबलों की संख्या के हिसाब से दुरुस्त करने का निर्देश दिया। एसपी ने मोहाना थाना क्षेत्र में चिन्हित विद्यालयों सिद्धार्थ महाविद्यालय बर्डपुर, स्वामी विवेकानन्द विद्यालय बर्डपुर का भ्रमण किया। विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य से वार्ता कर मानक के अनुरूप आवश्यक साधन की व्यवस्था का निर्देश दिया। इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ, सीओ सदर सुजीत कुमार राय समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में एसपी ने जामिया दारुल हुदा युसुफपुर पर जिले में आये हुए सीआईएसएफ टीम के साथ गोष्ठी कर आगामी लोकसभा चुनाव मे सुरक्षा संबंधित रणनीति तय की।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले सात पर मुकदमा

- मुख्य आरोपित महराजगंज जिले के सतगुरु गांव का है निवासी
- प्रत्येक व्यक्ति से एक लाख रुपये की किया है वसूली

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : चिल्हिया थाना क्षेत्र के गौहनिया में लखनऊ टूर एंड ट्रेवल्स के नाम से कार्यालय खोलकर विदेश भेजने के नाम पर क्षेत्र के 30 बेरोजगारों के साथ ठगी कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में मुख्य आरोपित महराजगंज जिले के सतगुरु गांव निवासी रवि सिंह है।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नियांव नानकार निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को दिये तहरीर में कहा कि चिल्हिया थाना क्षेत्र गौहनिया चौराहे पर लखनऊ टूर एंड ट्रैवल्स के नाम से संचालक रवि सिंह ने संस्था खोली। उसने क्षेत्र के लोगों को विदेश भेजकर नौकरी दिलाने के नाम पर 30 लोगों से एक- एक लाख रुपये की वसूली की। सभी को 28 जनवरी को आफिस संचालक ने कहा कि बाहर जाने की तैयारी कर लीजिए। 15 लोगों का ग्रुप बीजा पहले जाएगा। छह फरवरी को बीजा और टिकट सहित अन्य कागजात पैसा दिये लोगों को दिया गया। जब सभी लोग लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचे तो जांच में टीम ने बीजा व टिकट को फर्जी पाया। सभी वापस आए तो गौहनिया स्थित कार्यालय बंद मिला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कार्यालय संचालक रवि सिंह, सदर थाना के नोनहवा निवासी करीम, चिल्हिया थाना क्षेत्र के पकड़ी निवासी रमाकांत, पंकज व महिला समेत तीन अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। चिल्हिया एसओ अमित कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

यहां और अन्य खबरें देंखे
https://www.jagran. com/local/uttar-pradesh_ gorakhpur-city-news-hindi.html

ों की हुई जांच : सिद्धार्थनगर : पुलिस

पेपर लीक करने वालों में 13 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चुकी है सिद्धार्थनगर पुलिस

चार राज्यों में पुलिस कर रही सरगना की तलाश

जितेन्द्र पाण्डेय • सिद्धार्थनगर

पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करने वाला मुख्य सरगना अभी पुलिस की पहुंच से दूर है। उत्तर प्रदेश सहित बिहार के पटना में, पश्चिम बंगाल के हावड़ा, हरियाणा में हिसार व भिवानी में उसकी तलाश जारी है। इसके अलावा नई दिल्ली में भी पुलिस अपने सूत्रों से खंगाल रही है। गिरोह के सदस्यों का पीछा करते-करते जैसे पुलिस आगे बढ़ रही है, बदमाश अपने ठिकाने से फरार होते जा रहे हैं। सिद्धार्थनगर पुलिस अभी तक इस मामले में 13 लोगों को पकड़ चुकी है। अब तक जिनकी गिरफ्तारी हो चुकी है, उनसे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस गिरोह के प्रमुख सदस्यों को दबोचने में जुटी है। पुलिस का मानना है कि जल्द ही मुख्य सरगना भी उसकी पकड़ में होगा और उसके साथ ही इस राज से पर्दा उठेगा कि अब तक कितनी परीक्षाओं का यह गिरोह पेपर लीक कर चुका है।

इस गिरोह का सबसे पहला सदस्य अर्जुन यादव इटवा के माता प्रसाद

17 और 18 फरवरी को आयोजित हुई थी पुलिस भर्ती परीक्षा
पहला आरोपित 17 फरवरी को ही पकड़ा गया था

इंटर कालेज से पकड़ा गया। अर्जुन बिहार के मधुबनी जिले के लौकहा थाने के बटेरमारी का रहने वाला है। वह कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा उत्तीर्ण करके केरल में नौकरी कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद उसके मोबाइल की छानबीन कराई तो पता चला कि वह उसमें से पुराने रिकार्ड गायब कर चुका था।

पुलिस ने किसी तरह से उसके मोबाइल का बैकअप प्राप्त किया तो पता चला कि पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले उसके पास आ गया था। उसकी साल्व कापी भी उसे मोबाइल पर मिल चुकी थी। उसे तैयार करके वह परीक्षा दे रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि देवरिया के सलेमपुर थाने के धनगड़ा के जितेंद्र कुमार भारती व पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के बिट्टू ने उसके पास पेपर भेजा था। यह सूचना मिलने के बाद पुलिस ने देवरिया व पश्चिम बंगाल में सक्रिय हुई तो जितेंद्र व बिट्टू पुलिस की पकड़ में आए। दोनों ने बताया कि उन्हें देवरिया के भटनी थाने के बिंदवलिया मिश्र निवासी नटराज प्रजापति व मईल थाने के कलानी निवासी संजय कुमार गौड़ ने पेपर भेजा था। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया तो पता चला कि इनके पास 37 लोगों के ओरिजिनल अंकपत्र, आधार कार्ड मिले हैं। इसके बाद पुलिस ने आठ व्यक्तियों की गिरफ्तारी और की, लेकिन सबसे पहले पेपर किसने भेजा। उसके पास पेपर कहां से आया, अभी इस राज से पर्दा नहीं उठ सका है।

सिस्टम का करीबी बताया जा रहा मुख्य सरगना

मुख्य सरगना पुलिस भर्ती परीक्षा में व्यवस्था का बहुत करीबी बताया जा रहा है। जांच में लगी पुलिस टीम का मानना है कि वह पुलिस भर्ती प्रक्रिया का कोई सदस्य हो सकता है। उसमें से भी कोई व्यक्ति हो सकता है, जो पेपर प्रिंट करने में शामिल रहा हो। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर छानबीन कर रही है।

इस संबंध में सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि इस गिरोह के सदस्यों को पेपर भेजने वाला मुख्य व्यक्ति कौन है, अभी वहां तक कोई भी पुलिस टीम नहीं पहुंची है। उसकी तलाश जारी है। जैसे-जैसे कड़ियां जुड़ती जा रही हैं। लोगों की गिरफ्तारी होती जा रही है। इसके आरोपित कई प्रदेशों में मौजूद हैं। बिहार व पश्चिम बंगाल में तो यहां पुलिस टीम आरोपितों को पकड़ने के लिए गई थी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर टीमें छानबीन कर रही है। एसटीएफ व अन्य पुलिस टीम लगी हुई है। मुख्य सरगना भी पकड़ा जाएगा।

भीड़ वाले स्थानों पर संदिग्धों की हुई जांच : सिद्धार्थनगर : पुलिस ने भीड़भाड़ वाले स्थलों पर रविवार को जांच अभियान चलाया। पुलिसकर्मियों ने संदिग्धों से पूछताछ की। कहा कि अनावश्यक तौर पर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें। महिलाओं से कहा कि समस्या होने पर पुलिस की मदद लेने में संकोच न करें।

घर में घुसकर छेड़खानी आरोपित पर मुकदमा

बढ़या : कठेला समय माता थानांतर्गत एक गांव में आरोपित द्वारा घर में घुसकर 24 वर्षीय विवाहिता के साथ छेड़छाड़, मारने-पीटने व कपड़े फाड़ देने के आरोप में पुलिस ने एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर असगर अली व अनारूल्लाह के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच की जा रही है।

महिला की हत्या का आरोप लगाते हुए शव को रोका

सिद्धार्थनगर : जोगिया कोतवाली क्षेत्र के कटया दुबे गांव के पास रविवार शाम एक महिला का शव लेकर जा रहे एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने रोक लिया। लोगों का कहना था कि उसकी हत्या पीटकर की गई है। कुछ ही देर में आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। किसी ने मामले की जानकारी जोगिया थाना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस भी पहुंची। पता चला कि मृतका का नाम 35 वर्षीय पूजा था। उसके पति का नाम विनोद पांडेय निवासी झकझकहवा थाना कठेला समय माता है। मृतका के मायके वालों का आरोप था कि महिला के साथ मारपीट की गई इसकी वजह से उसकी मृत्यु हुई है। पुलिस ने कठेला थाना क्षेत्र का मामला होने के कारण पुलिस ने कार्रवाई के लिए कठेला थाना पुलिस के पास भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक जोगिया ने बताया कि मामले की जानकारी कठेला समय माता पुलिस को दी गई है।

सेमरी में आयोजित कार्यक्रम में सब्जी की खेती के लिए सुमन मिश्रा को सम्मानित करतीं महिला आरक्षी कामिनी तिवारी । संवाद

महिलाओं को किया गया सम्मानित

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खानकोट सेमरी गांव में आयोजित हुआ कार्यक्रम

इटवा। ब्लॉक क्षेत्र खानकोट सेमरी गांव में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार देर शाम एक संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहीं महिलाओं को सम्मानित किया गया।

संस्था के कर्मी जीतेंद्र सिंह ने इसमें छोटे पैमाने पर सब्जी की खेती, बकरी पालन, मत्स्य पालन, मुर्गी, पालन आदि कार्यों से जुड़ी महिलाएं शामिल हैं। महिला आरक्षी कामिनी तिवारी ने महिलाओं को घरों से निकलकर अपने परिवार के साथ उनके कार्यों में सहभागी बनने और बालिकाओं से शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

इस अवसर पर रुचि गौड़, सुमन गिरि, शीला पटेल, ममता मिश्र, सुमन मिश्र, प्रियंका, भावना, विकास झा, मनीष आदि भी मौजूद रहे। संवाद

एसपी ने फोर्स के ठहरने के लिए देखा विद्यालय

सिद्धार्थनगर। लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी ने प्राची सिंह ने रविवार को थाना मोहाना थाना क्षेत्र के मतदान केंद्रों व अर्धसैनिक बलों के ठहरने के लिए चिन्हित विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एसपी प्राची सिंह थाना मोहाना क्षेत्र में चिन्हित सिद्धार्थ महाविद्यालय बर्डपुर, स्वामी विवेकानंद विद्यालय बर्डपुर का निरीक्षण कर विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य से वार्ता कर मानक के अनुरूप आवश्यक साधन संसाधनों, मूलभूत व्यवस्थाओं की व्यवस्था के लिए संबंधित को आदेशित कर थानाध्यक्ष मोहाना को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ, सीओ सुजीत कुमार राय, थानाध्यक्ष मोहाना जीवन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। संवाद

बालक से कुकर्म करने वाले पर एफआईआर

संवाद न्यूज एजेंसी

पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की

शोहरतगढ़। चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव के बाग में खेल रहे 12 वर्षीय बालक से कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी उसकी गांव का है। पीड़ित के पिता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लग गई है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम को उसका 12 वर्षीय पुत्र गांव के उत्तर बाग के पास खेल रहा था। इसी दौरान गांव एक व्यक्ति मेरे पुत्र को कुछ खिलाने के बहाने बहला फुसलाकर बाग में रखे पुआल के ढेर के पीछे ले जाकर गलत हरकत करने लगा।

बच्चे को माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। चिल्हिया एसओ अमित कुमार ने बताया कि आरोपी फरार है। तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है।

SANT KABEER NAGAR POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2024

पुलिस और अर्द्धसैनिक बल ने किया पैदल मार्च

मेंहदावल। लोकसभा चुनाव को देखते हुए मेंहदावल क्षेत्र में पुलिस व अर्द्धसैनिक बल ने पैदल मार्च किया। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए प्रशासन जहां सतर्क है वहीं पैदल मार्च के माध्यम से लोगों को जागरूक कर शांति व्यवस्था कायम करने की अपील की। मेंहदावल एसओ रामकृष्ण मिश्रा की अगुवाई में अर्द्धसैनिक बल ने कस्बे के ठाकुरद्वारा, सीएचसी तिराहा, अंजहिया बाजार, चौक बाजार, उत्तरपट्टी के साथ ही क्षेत्र के अछिया, बिसौवा, ददरा, कुड़वा, तुनियहवा, कौवाठोर समेत कई स्थानों पर पैदल गश्त किया। संवाद

कोर्ट के आदेश पर मार्ग दुर्घटना का केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर मार्ग दुर्घटना का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक निसार अहमद निवासी ग्राम गायघाट थाना कलवारी जनपद बस्ती ने कोर्ट को दिए प्रत्यावेदन में बताया कि 22 जुलाई 2023 को उनके भाई इबरार कुमार को सत्येंद्र कुमार निवासी परेवा थाना लालगंज जनपद बस्ती अपनी कार में बैठाकर खलीलाबाद आए हुए थे। वापस जाते समय चुरेब ओवरब्रिज से पहले रात 10:30 बजे सत्येंद्र के तेज व लापरवाही पूर्वक कार चलाने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में भाई इबरार कार से छिटककर सड़क के किनारे कीचड़ में गिर गया। स्थानीय लोगों ने इबरार को घायलावस्था में उपचार के लिए एबुंलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचवाया। इबरार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। संवाद

जमीन विवाद में मारपीट, तीन पर केस

संतकबीरनगर/बेलहर। बखिरा क्षेत्र के सांगठ गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया। पुलिस टीम से मिली जानकारी के मुताबिक सांगठ गांव निवासी रीता देवी पत्नी बहरैची प्रसाद ने शिकायत में बताया कि चार मार्च को दोपहर 2:30 बजे जमीन विवाद में गांव के चिन्नीलाल, गीता देवी व संजना गाली देने लगे। मना करने पर आरोपी उन्हें व उनकी बेटी को मारा-पीटा व जानमाल की धमकी दी। इस घटना में दोनों को काफी चोटें आईं। वहीं बेलहर में दी तहरीर में रामकेवल पुत्र रामदया निवासी परासी गनवरिया ने लिखा है कि रविवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी श्यामलाल पुत्र जोगराज, मुस्कान, बबली, उर्मिला पुत्री श्यामलाल एकजुट होकर गाली गलौज करने लगे तथा विरोध करने पर मारपीट करने लगे। जिसमें बेटी गुड़िया को काफी चोटें आई। पुलिस ने चारों पर केस दर्ज किया है। संवाद

गेहूं की फसल में बकरी चराने के लिए मारपीट, केस दर्ज

संतकबीरनगर। दुधारा क्षेत्र के ऊंचहरा कला गांव में गेहूं की फसल को बकरी से चराने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। ऊंचहराकला गांव निवासी शबनम खातून ने पुलिस को दिए शिकायत में बताया कि सात मार्च की शाम सात बजे गांव के ही कल्लू, राबिया व चांदनी उनको गेहूं की फसल में बकरी चराने को लेकर गाली देते हुए मारने-पीटने लगे। संवाद

सुरक्षा

लोकसभा चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने वालों को चिह्नित कर हो रही पाबंदी की कार्रवाई

540 हिस्ट्रीशीटरों की कुंडली तैयार, पुलिस की रहेगी पैनी नजर

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जैनपद में लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस फरवरी माह से अभी तक 40 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट व 12 के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की।

साथ ही 540 हिस्ट्रीशीटर पुलिस के रडार पर हैं। पुलिस उन पर नजर रख रही है। इसके अलावा किसी भी तरह का व्यवधान पैदा करने वालों को चिह्नित कर उनके

40 अपराधियों पर गुंडा एक्ट, 12 पर गैंगस्टर की हुई कार्रवाई

खिलाफ पाबंदी की कार्रवाई तेज कर दी है। जिले के विभिन्न स्थानों पर पुलिस अधिकारियों की देखरेख में पुलिस व सेंट्रल पैरा मिलिट्री फोर्स (सीएपीएफ) फ्लैग मार्च कर रही है।

विभिन्न संवेदनशील व क्रिटिकल बूथों पर पैदल गश्त कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का आश्वासन करा रही है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने 540 हिस्ट्रीशीटर का सत्यापन करके उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई चूथ स्तर पर तेज कर दी है। फरवरी माह से अभी तक पुलिस ने 40 अपराधियों पर गुंडा एक्ट व 12 के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। शेष सभी हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर बिनी गुंडा एक्ट के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की।

मतदान में किसी प्रकार से भी मतदाताओं को डराने या प्रलोभन देने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों ने अभिसूचना एकत्रित करने का काम तेज कर दिया है। चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करने का मन बना चुकी है। इसलिए चुनाव में किसी भी प्रकार की दखलनदाजी न करें।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 540 हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन करके उनके विरुद्ध व्यापक निरोधात्मक कार्रवाई चूथ स्तर पर किया जा रहा है। जिले में 40 अपराधों पर गुंडा एक्ट व 12 के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

– शशिशेखर सिंह, एसपी

मेहदावल में पैदल मार्च करते पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवान। संवाद

गांजा के साथ एक को दबोचा

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने गांजा के साथ एक आरोपी को पकड़कर उसके विरूद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई किया। पुलिस के मुताबिक कांटे चौकी प्रभारी राकेश कुमार सहयोगियों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। उमिला चौराहे पर उनको सूचना मिली कि थुरंडा चौराहे से पचपेड़वा होकर कांटे की तरफ एक संदिग्ध व्यक्ति आ रहा है। सूचना के बाद पिपरहिया तिराहे से थोड़ा पहले पुलिस ने घेराबंदी किया। जिसे पुलिस टीम ने पकड़कर तलाशी ली। उसके पास से प्लास्टिक के थैली में एक किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान मोहम्मद अशरफ निवासी गांव परदेशवा के रूप में हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया। संवाद

आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोरी

संतकबीरनगर। बखिरा क्षेत्र के समदहा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक प्रधान प्रतिनिधि समदहा शैलेंद्र कुमार ने तहरीर देकर कहा कि पांच जनवरी की रात में ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोर कम्प्यूटर सेट, दो बैटरी, इन्वर्टर, सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर किया है। संवाद

देवर-देवरानी व ससुर पर मारपीट का आरोप, केस

बखिरा। क्षेत्र के ग्राम खजुरी निवासी महिला ने देवर, देवरानी व ससुर पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। किरन पत्नी मनोज ग्राम खजुरी ने कहा कि छह मार्च को उसके ससुर विश्वनाथ, देवर विजय व देवरानी लक्ष्मी ने अकारण उसे मारा-पीटा। जब उसके पति ने तीनों से घटना के बारे में पूछा तो तीनों लोगों ने उसके पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पति मनोज को काफी चोटें आई हैं। संवाद

पुलिस ने पांच जोड़ों को बिखरने से बचाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद की सुनवाई करके पांच जोड़ों को बिखरने से बचाया। टूटते परिवारों को जोड़ने की एक पहल 'साथ-साथ कार्यक्रम' के तहत परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना पर एसओ पूनम मौर्या व नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी के अध्यक्षता में प्रस्तुत पांच मामलों की सुनवाई की गई। जिसमें प्रेमलता व अजय, रितू और हरिशचंद, राजकिशोर और भानमती, कैफशा खातून और मोहम्मद इरशाद, प्रियंका और रामू के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंच गया था। परिवार परामर्श केंद्र ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार कराया। संवाद

एक माह पूर्व बाइक चोरी के मामले में केस दर्ज

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के सरौना खास गांव में प्रार्थनापत्र की जांच करने पहुंचे लेखपाल की एक माह पूर्व चोरी हुई बाइक के संबंध में लेखपाल की तहरीर पर रविवार को धनघटा पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। धनघटा तहसील में तैनात गोरखपुर जिले के बड़हरगंज थानान्तर्गत बाघागाड़ा गांव निवासी लेखपाल धीरेश कुमार शुक्ल पुत्र इन्द्रभान प्रसाद शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह तहसील क्षेत्र के हलका नम्बर 11६ राजस्व गांव बड़गो में कार्यरत है। बीते 10 फरवरी 2024 को दोपहर एक बजे वह प्रार्थनापत्र की जांच करने सरौना खास गांव गया था जहां अपनी हीरो पैशन प्रो बाइक नम्बर यू.पी 3 ए वाई 8579 को खड़ी कर जांच करने हेतु आगे चला गया। जांच पूरी कर जब वापस ौके पर पहुंचा तो चारो तरफ देखा लेकिन उसकी बाइक मौके पर मौजूद नहीं मिली। बाइक के टूल बाक्स में बाइक का आरसी पेपर भी रखा था। घटना के बाद से वह अपनी बाइक के बारे में जानकारी करने का प्रयास कर रहा था लेकिन उसे बाइक के संबंध में कोई जानकारी नही मिल सकी तो विवश होकर प्रार्थनापत्र दे रहा है। प्रार्थनापत्र के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध आईपीसी की धारा 379 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डीएम के आदेश के बावजूद भू माफिया के कब्जे से मुक्त नहीं हुआ भूखंड

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा तहसील क्षेत्र के स्थानीय धनघटा कस्बा स्थित एक कीमती भूखण्ड को गलत तरीके से कुछ भूमाफियाओं द्वारा पूर्व में हथियाने की पुष्टि होने के बाद जिलाधिकारी द्वारा उक्त भूखण्ड को सरकार में निहित करने के दिए गए आदेश का धनघटा तहसील प्रशासन द्वारा 17 वर्ष बाद भी पालन नहीं कराया गया।

हालत यह है कि तहसील के अधिकारियों को बार बार प्रार्थनापत्र देकर पीड़ित व्यक्ति द्वारा जिलाधिकारी के आदेश का पालन करने की मांग की जा रही है लेकिन तहसील के अधिकारी जिलाधिकारी के पूर्व के आदेश का पालन कराने में हीलाहवाली करने में जुटे हुए है। परेशान होकर पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायतीपत्र भेजकर गलत तरीके से कीमती भूमि हथियाने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भूमि को सरकार में निहित करने के जिलाधिकारी के पूर्व के आदेश का पालन कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायतीपत्र में तहसील क्षेत्र के गागरगाड़ धनघटा कस्बा निवासी जनार्दन पाण्डेय पुत्र स्व. रामनरायन पाण्डेय ने बताया है कि गागरगाड़ धनघटा चौक स्थित गाटा संख्या 337 रकबा 1-18-1 शिवपूजन पुत्र वंशराज के नाम से सरकारी अभिलेख में दर्ज है। उक्त कीमती भूखण्ड मेंसे उक्त शिवपूजन द्वारा गांव निवासी जवाहर पुत्र सरयू के नाम से पूर्व में 0-18-1 रकबा बैनामा किया गया और जवाहर द्वारा क्रय की गई उक्त भूमि विभिन्न व्यक्तियों को विक्री कर दी गई। जवाहर द्वारा विक्री की गई उक्त भूमि भूखण्ड तत्समय प्रभावी धारा 168- ए

धनघटा कस्बा स्थित एक कीमती भूखण्ड को सरकार में निहित करने का 17 वर्ष पूर्व तहसील प्रशासन को जिलाधिकारी ने दिया था आदेश

बार-बार प्रार्थनापत्र देने के बावजूद डीएम के आदेश का पालन करने में तहसील के अधिकारियों पर हीलाहवाली करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायतीपत्र भेजकर जिलाधिकारी के आदेश का पालन कराने की लगाई है गुहार

उ. प्र. एवं भूमि सुधार अधिनियम से बाधित होने के कारण विक्रित भूखण्ड के बावत निष्पादित विलेख शून्य एवं निष्प्रभावी था जिसका संज्ञान लेते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी ने भूखण्ड विक्रय निष्पादित होने की तिथि में उक्त जवाहर द्वारा विक्रित भूमि रकबा 0-18-1 को तहसील के अधिकारियों की आख्या को आधार बनाते हुए शिकायतकर्ता उक्त जनार्दन पाण्डेय द्वारा उक्त गाटे में क्रय की गई छः बिस्वा भूमि को छोड़कर बाकी समूचे रकबे की भूमि को सरकार में निहित करने का आदेश बीते नवम्बर 2007 में ही पारित कर दिया था लेकिन तहसील के अधिकारी आजतक जिलाधिकारी के उक्त आदेश का पालन नहीं करा सके।

पीड़ित जनार्दन पाण्डेय ने शिकायतीपत्र में बताया कि उनके द्वारा जिलाधिकारी के उक्त आदेश का पालन कराने के लिए बार बार तहसील के अधिकारियों को प्रार्थनापत्र दिया गया लेकिन तहसील के अधिकारी जिलाधिकारी के आदेश का पालन कराने के बजाय पूरे खेल में शामिल भूमाफियाओं को संरक्षण देने में जुटे हुए है।

शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार भूखण्ड को सरकार में निहित कराने की मांग करते हुए खेल में शामिल भू-माफियाओं के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस सम्बन्ध में तहसीलदार धनघटा का कहना है कि शिकायतीपत्र को संज्ञान में लेकर उसकी गहनता से जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने किया पैदल मार्च

मेंहदावल (एसएनबी)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र के नेतृत्व में अर्द्धसैनिक बलों ने पैदल मार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया और लोगों को जागरूक किया। जिससे अचानक मेंहदावल नगर में हड़कंप मच गया।

मेंहदावल में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को मेंहदावल थाना पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ मार्च किया। लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया। थाना प्रभारी आरके मिश्र की मौजूदगी में मार्च निकाला गया। प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्र ने लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीण व कस्बे के लोगों को बताया कि चुनाव में गड़बड़ी करने वाले उपद्रवियों के साथ सख्त कार्रवाई कर सबक सिखाया जाएगा। दोषी को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उप द्रवियों को बुलडोजर की कार्रवाई से भी गुजरना पड़ेगा। कोई भी दबंग किसी मतदाता को अपनी पार्टी के पक्ष में मतदान करने को विवश करेगा तो उसके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गांव अछिया , तुनिहावा, विसौआ, ददरा, कुड़वा, पक्का पोखरा एवं आधा दर्जन से अधिक गांव सहित कस्बे में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने मार्च किया।

बाइक व स्कूटी की भिड़ंत में एक की मृत्यु, तीन घायल

- बखिरा थानाक्षेत्र के सिहटीकर में आमने-सामने हुई टक्कर
- बाइक सवार पिपरा निवासी युवक की हुई मृत्यु

जागरण संवाददाता, बखिरा: थानाक्षेत्र के सिहटीकर गांव के निकट रविवार को बाइक व स्कूटी सवार में आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार युवक की मृत्यु हो गई। जबकि सवार तीन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। तीनों घायलों का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

मृतक अखिलेश यादव की फाइल फोटो

बखिरा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव के 18 वर्षीय अखिलेश यादव पुत्र मोहन यादव बाइक से हरदी नहर होते हुए घर जा रहे थे। दूसरी तरफ से बडगो निवासी 16 वर्ष गोपाल पुत्र अशोक, बौरव्यास निवासी 17 वर्ष के दिवाकर पुत्र दयाशंकर व विकास पुत्र दयाराम एक साथ स्कूटी से सिहटीकर जा रहे थे। नहर की पुलिया के पास दोनों सवारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। चारों लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस कर्मी मोहन यादव व शत्रुघ्न ने ग्रामीणों की मदद से जिला चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने अखिलेश यादव को मृत घोषित कर दिया। अखिलेश यादव बहुत ही होनहार युवक था

जिला चिकित्सालय में उपचार करते चिकित्सक ● जागरण

उसकी मृत्यु से स्वजन का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष बखिरा का कहना है मार्ग दुर्घटना में युवक की मृत्यु हुई है। तीन घायलों का उपचार चल रहा है।

मेंहदावल में मार्च करते पुलिस कर्मी व सीमा सुरक्षा बल के जवान। जागरण

पैदल मार्च करके पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का दिलाया भरोसा

जासं, मेंहदावल : पुलिस कर्मियों व अर्द्धसैनिक बलों ने रविवार को मेंहदावल में पैदल मार्च किया। पुलिस कर्मियों व जवानों ने सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की।

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राघवेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में पैदल मार्च हुआ। कस्बा में भ्रमण करते हुए हर स्थिति से निपटने का जज्बा दिखाया। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देकर शांति व्यवस्था में पर्व मनाने की अपील की। उपद्रव फैलाने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटने की चेतावनी भी दी। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि निगरानी रखी जा रही है। इंटरनेट मीडिया में भी निगरानी हो रही है। थानाध्यक्ष रामकृष्ण मिश्र ने कहा कि पुलिस संदिग्ध वाहनों व लोगों की जांच कर रही है। किसी प्रकार का अवरोध खड़ा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

देर रात तक मनुहार करते रहे अधिकारी, नहीं माने ग्रामीण

पार्टी नेताओं के पहुंचने तक शव कब्जे में लेने से रोका, भूमि विवाद में हत्या किए जाने का लगाया आरोप

जासं, संतकबीर नगर : सुभासपा की महिला नेत्री नंदिनी राजभर की हत्या को भूमि विवाद का परिणाम बताते हुए लोग आक्रोशित थे। मौके पर जमा भीड़ और हंगामा को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थे। पुलिस जांच प्रक्रिया आगे बढ़ाने के क्रम में शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया तो सभी ने मना कर दिया। मृतक के पति समेत सभी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने के बाद शव को ले जाने की बात पर अड़ गए। देर रात तक सांसद समेत अधिकारी मनुहार करते रहे परंतु लोग नहीं माने। गांव में महिलाएं लाठी-डंडे लेकर शव जाने से रोकने में लगी थीं। इस घटना ने जनपद में सनसनी फैला दी है।

घटना स्थल पर एसपी सत्यजीत गुप्ता, डीएम महेंद्र सिंह तंवर और सांसद प्रवीण निषाद

आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते अधिकारी ● जागरण

घटना के बाद रोते-बिलखते स्वजन ● जागरण

नंदिनी राजभर की हत्या की सूचना के बाद मौके पर मौजूद भीड़ ● जागरण

नंदिनी के पति अच्छेलाल ने आरोप लगाया कि उनके परिवार में भूमि विवाद को लेकर मनबढ़ों ने दो लोगों की हत्या कर दी। उनके चाचा की हत्या के मामले में यदि कठोर कार्रवाई हुई होती तो दुबारा फिर इस प्रकार की घटना सामने नहीं आती। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए शव को ले जाने से मना कर दिया। अच्छेलाल का कहना है कि उनके चाचा बालकिशुन की फरवरी माह में हत्या करके शव को रेल ट्रैक पर फेंक दिया गया था। उस हत्या को कोतवाली पुलिस द्वारा भी आत्महत्या साबित करने का प्रयास किया गया था। मामले में आरोपित दो में से एक को तो पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था, परंतु दूसरा बाहर था। इसी मामले को लेकर उनकी पत्नी लगातार अधिकारियों से संपर्क कर रही थी। कार्रवाई का दबाव बनाने के कारण ही तिलमिलाए दबंगों ने उनकी हत्या कर दी। देर रात तक डीघा गांव पुलिस छावनी बना रहा। कोतवाली समेत मेंहदावल, बखिरा, दुबारा, महुली समेत सभी थानों की पुलिस मौके पर डटी रही। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा कठोर कार्रवाई का आश्वासन देने के साथ ही लोगों को शांत करने का प्रयास किया गया परंतु लोग मानने को तैयार नहीं थे। रात नौ बजे तक अधिकारी समझाने में जुटे थे, लोग शव ले जाने से मना कर रहे थे।

सांसद ने दिया न्याय दिलाने का भरोसा : नंदिनी राजभर की हत्या की सूचना पर रात करीब साढ़े आठ बजे सांसद प्रवीण निषाद भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मृतक के स्वजन और आक्रोशित लोगों को समझाने के साथ न्याय दिलाने का विश्वास दिलाया। उन्होंने दोनों घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच कराने का आश्वासन भी दिया।

सिद्धार्थनगर के अपहृत युवक का बेलहर में मिला शव

- युवती के प्रकरण में युवक का अपहरण कर हत्या की आशंका
- जांच में जुटी दो थानों की पुलिस, घटना से क्षेत्र में सनसनी

जागरण संवाददाता, सांथा : बेलहर थाना क्षेत्र के राजघाट के पास रविवार की सुबह युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस को जांच में पता चला कि प्रेम प्रसंग के एक प्रकरण में युवक का शनिवार की देर शाम को कुछ लोगों ने अपहरण किया था। इस मामले में युवक के स्वजन ने सिद्धार्थनगर जनपद के खेसरहा थाना में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। बेहलर में युवक का शव मिलने के बाद उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। सिद्धार्थनगर के साथ जनपद की पुलिस भी जांच में जुटी है।

रोहित की फाइल फोटो

शनिवार को खेसरहा थाना के बौड़िहार गांव के तुलसीराम ने तहरीर में लिखा था कि उनके पुत्र रोहित का अपहरण किया गया है। उन्होंने बेलहर थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव के तोलेन पर सहयोगियों के साथ बेटे के अपहरण का आरोप लगाया था। उन्होंने बताया कि किसी लड़की के मामले को लेकर आरोपितों ने उनके बेटे को पीटते हुए जबरन चारपहिया वाहन से उठा ले गए। रविवार की सुबह रोहित का शव बेलहर के बुद्धा नाला के पास बरामद हुआ। युवक का शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बेलहर की थानाध्यक्ष सरोज शर्मा मौके पर पहुंचीं। शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। इसकी जानकारी खेसरहा के थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह को दी। खेसरहा पुलिस ने युवक की पहचान की। उसके बाद दोनों थानों की पुलिस मामले की जांच में जुट गयी। युवक के अपहरण के बाद हत्या होने का मामला चर्चा में है। घटना को लेकर सीओ राघवेंद्र सिंह राठौड़ के साथ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। मामले के पर्दाफाश का निर्देश स्थानीय पुलिस को दिया। घटना से मृतक के स्वजन सदमे में है। सीओ ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले से पर्दा उठेगा। खेसरहा व बेलहर पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है। शव मिलने के एक दिन पूर्व खेसरहा थाने में इस प्रकरण में आरोपितों पर अपहरण का मुकदमा दर्ज है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के अनुसार इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

युवक का शव मिलने की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ● जागरण

मारपीट के मामले में चार आरोपितों पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के सिरसिवा गांव में चार दिन पूर्व हुए मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने रविवार को चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी ब्रजेंद्र पटेल ने बताया कि परदेशवा गांव के शहबाज ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार की रात सिरसिहवा निवासी नबी रजा, समीर, शादाब और राजू ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट किया था।

आरोपित गाली देते हुए लाठी-डंडा से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

मॉडिफाइड साइलेंसर की कर्कश आवाज लोगों को कर रही परेशान

परेशानी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले के लोगों को बाइकों के मॉडिफाइड साइलेंसर की आवाज खूब परेशान कर रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक दर्जनों बाइक ऐसी हैं जिनमें तरह-तरह की कानफोड़ू आवाज के साइलेंसर लगे हैं। कुछ तो ऐसे हैं जिसमें बीच-बीच में पटाखा फूटने जैसी आवाज आती है, जिससे लोग डर जाते हैं। पुलिसिया कार्रवाई का भी इस पर कोई असर नहीं हो रहा है। तेज आवाज का साइलेंसर लगाकर ज्यादातर युवा चलते हैं, वे जानबूझकर आवाज और तेज करते रहते हैं।

बताते चलें कि कुछ समय में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने के शौकीनों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। जिला मुख्यालय पर ही कई दर्जन बाइकें ऐसी हैं जिनमें मॉडिफाइड साइलेंसर लगा है। कुछ में तो डबल साइलेंसर लगा हुआ है। रात के समय इन बाइकों की आवाज लोगों को ज्यादा परेशान करती है। शहर के कैलाश, सुरेश, सुदर्शन आदि ने कहा कि कई युवा रात्रि के समय शहर में तेज आवाज की बाइक से चलते हैं। आपस में रेस करते हुए आवाज को और तेज कर देते हैं। कुछ की आवाज ऐसी होती है जैसे गोली चल रही हो। इससे कई बार बच्चे डर जाते हैं। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। कोचिंग सेंटर के सामने से ये बाइकें गुजरती हैं तो उतनी देर पढ़ाई प्रभावित हो जाती है। लोगों ने कहा कि 65 डेसीबल से अधिक आवाज करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। इन लोगों ने बताया कि कई बाइकों के 100 डेसीबल से अधिक आवाज के साइलेंसर लगे हैं।

बोले चिकित्सक कान और हार्ट के लिए नुकसानदेह : शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ केसी पांडेय ने कहा कि तेज आवाज वाले साइलेंसर सेहत के लिए काफी नुकसान दायक है। इससे साथ ही प्रेशर हार्न भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कान और हृदय दोनों के लिए नुकसानदायक है। इससे कान के घरौंजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। कानों का कंटिला खराब हो जा रहा है। इसके अलावा रैनाइटस डिजीज होता है, जिससे कानों में सीटी बजने जैसी आवाज होती है। इसके अलावा वरटाइगो डिजीज हो सकता है, जिससे चक्कर आने लगते हैं। बीपी की भी शिकायत आ रही है।

मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वालों पर कार्रवाई करते पुलिस कर्मी। • हिन्दुस्तान

कहां कितना होना चाहिए शोर

जोन	डेसीबल लेवल दिन	रात
इंडस्ट्रियल एरिया	75	70
कॉमर्शियल	65	55
रेजीडेंशियल	55	45
साइलेंस जोन	50	40

जनपद में मॉडिफाइड साइलेंसर को लेकर अभियान शुरू हो गया है। सभी को पहले ही निर्देश दिए गए हैं कि इस तरह के साइलेंसर निकलवा दें। उसके बाद भी यदि किसी बाइक में तेज आवाज का साइलेंसर मिला तो संबंधित बाइक का चालान नहीं किया जाएगा, उसे सीज कर दिया जाएगा।

परमहंस, एसपी ट्रैफिक, संतकबीर

1200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने 1200 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने मादक द्रव्य अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद ब्रजेन्द्र पटेल के नेतृत्व में गठित टीम ने नौ मार्च को क्षेत्र भ्रमण के दौरान व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग में पिपरहिया तिराहा के पास से अभियुक्त मो. अशरफ पुत्र मो. याकूब निवासी परदेशवा थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

b

GONDA POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2024

वारंटी गिरफ्तार

गोण्डा। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने छह, कोतवाली देहात ने दो, इटियाथोक ने चार,धानेपुर ने दो,परसपुर ने एक , थाना नवाबगंज पुलिस ने तीन वारंटी पकड़े।

गोण्डा, संवाददाता। लोक सभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर रविवार को पुलिस लाइन में दंगा-फसाद नियंत्रण का अभ्यास पुलिस कर्मियों को कराया गया। यही नहीं इस दौरान बलवा ड्रिल भई कराई गई, जिसमें भीड़ को तितर-बितर करने के साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने से जुड़े कई अन्य टिप्स भी जवानों को दिए गए।
एसपी विनीत जायसवाल के निर्देशन में पुलिस लाइन ग्राउंड पर दंगा नियंत्रण ड्रिल के प्रशिक्षण व अभ्यास का आयोजन किया गया। एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत, एसपी पश्चिमी राधेश्याम राय मौजूद थे।

100

से ज्यादा पुलिस कर्मी प्रशिक्षण के दौरान शामिल थे

गोण्डा में सोमवार को बलवा से निपटने का अभ्यास करती पुलिस

इटियाथोक में पुलिस ने किया रूट मार्च

मेहनौन, संवाददाता। लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय पुलिस के साथ सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने इटियाथोक सहित विभिन्न गांव में रूट मार्च किया। रविवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक निर्भय नारायण सिंह के नेतृत्व में निकली एसएसबी के जवानों की टोली के साथ स्थानीय पुलिस ने रूट मार्च निकाला।

परसपुर में पैरा मिलिट्री ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

परसपुर। क्षेत्र में आगामी होली पर्व और लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत स्थानीय थाने के पुलिस कर्मियों ने पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ कस्बे में रुट मार्च किया। इस दौरान नगर वासियों को शांति सुरक्षा का भरोसा दिलाया। रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ परसपुर कस्बा, राजा टोला, कण्डरु दिकौली एवं भौरीगंज समेत कई इलाकों में रूट मार्च किया। एसएसआई सभाजीत सिंह, एसआई दिनेश सिंह, एसआई वीरेन्द्र आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास किया

झंझरी। नगर कोतवाली क्षेत्र के पथवलिया ग्राम पंचायत के पोर्टरगंज बाजार निवासी 28 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से शनिवार देररात घर में फंदे से लटककर जान देने की कोशिश की। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

कौड़िया पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

रुपईडीह। पुलिस ने शनिवार को वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कौडिया अंकुर वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के शफी मोहम्मद पुत्र जान मोहम्मद निवासी बसभरिया द्वारा पेशी के दौरान कोर्ट में पेश न होने पर कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया ।

मतभेद भुलाकर एक जोड़ा साथ रहने को राजी

गोण्डा। रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में एक जोड़ा मतभेद भुलाकर साथ रहने को राजी हो गया। इस दौरान गंगाधर शुक्ला, अनीता श्रीवास्तव, संतोष ओझा, राजमंगल मौर्या, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव, शाहिना बानो रहीं।

पूर्व प्राचार्य के निधन पर शोक

बभनान। आचार्य नरेंद्र देव किसान पीजी कॉलेज बभनान के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ प्रभाकर मिश्रा 67 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। वह विगत कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा

रुपईडीह। पुलिस ने रविवार को एक व्यक्ति को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कौड़िया अंकुर वर्मा ने बताया कि थाना पर तैनात उप निरीक्षक गोपाल सिंह व हेड कांस्टेबल प्रभाकर पांडेय ने गस्त के दौरान रामू राव को पकड़ा।

किशोरी को अगवा करने में केस दर्ज

खरगूपुर, संवाददाता। नौटंकी में नाचने वाला किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला-फुसला कर शादी करने की नीयत से बलरामपुर जिले के गौरा थाना अंतर्गत जैतापुर चौकी क्षेत्र के चौबेपुर गांव निवासी वासुदेव पुत्र गया प्रसाद भगा ले गया। वासुदेव नौटंकी में डांस करता है जो यहां राम विवाह में डांस करने आता था।

रेस्टोरेंट मैनेजर से मारपीट में सभासद हुए गिरफ्तार

कार्रवाई

गोण्डा, संवाददाता। महिला अस्पताल के पास स्थित रेस्टोरेंट के संचालक व सभासद और होटल के मैनेजर से किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने आरोपी सभासद और मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों का चालान कर दिया।

बताया जाता है कि मालवीय नगर के सभासद अवध नंदन वर्मा का रेस्टोरेंट महिला अस्पताल के पास स्थित एक कांप्लेक्स में चलता है। उन्होंने रेस्टोरेंट की देखभाल के लिए बतौर मैनेजर अनंत सिंह को रखा है। शनिवार की देर रात किसी बात को लेकर सभासद और मैनेजर के बीच विवाद हो गया। कहासुनी होने के बाद मामला मारपीट तक जा पहुंचा। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभासद अवध नंदन वर्मा व मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया। सभासद की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही उनके समर्थक कोतवाली पहुंच गए। नगर कोतवाल ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

शांतिभंग के आरोप में चार के खिलाफ कार्रवाई

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के दो अलग-अगल ग्राम पंचायत से चार युवकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है एसओ अभय सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शान्ति भंग करने पर आरोपी रवि कुमार कौशल, अखिलेश कौशल, राहुल कौशल निवासी वजीरगंज व धुल्लुर यादव निवासी दुर्जनपुर घाट को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

रिपोर्ट मिलने पर मदरसा संचालकों पर होगी कार्रवाई

गोंडा : जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि एटीएस की जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। 305 अपंजीकृत मदरसे की रिपोर्ट भेजी गई थी। शासन से रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित खबरों को लेकर उन्होंने कहा कि अभी शासन व एटीएस से कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। (संसू)

चुनाव को लेकर पुलिसकर्मियों ने किया दंगा नियंत्रण अभ्यास

पुलिस लाइन में पुलिस कर्मी से निशाना लगवाते एसपी विनीत जायसवाल • सौ. पुलिस मीडिया सेल

संसू, गोंडा : लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण एवं बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। ड्रिल में पुलिस के जवानों ने दंगा निरोधी उपकरणों व वाहनों के साथ अभ्यास किया। दंगा नियंत्रण उपकरणों का भी प्रदर्शन किया गया। आंसू गैस के गोले भी दागे गए।

लोकसभा चुनाव व होली के त्योहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर एसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस कर्मियों ने बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया। अराजक तत्वों पर नियंत्रण के बारे में जानकारी देने के साथ ही प्रदर्शन कर दिखाया गया। अराजक तत्व सरकारी संपत्ति का नुकसान पहुंचाना चाहते हैं तो खबर मिलने पर पुलिस भीड़ को समझाने की कोशिश करती है। अराजकतत्वों के न मानने पर एलआइयू टीम भेजी जाती है। एलआइयू से रिपोर्ट लेकर फायर ब्रिगेड को भेजकर अराजक तत्वों की भीड़ पर ठंडे पानी से बौछार कराई जाती है। भीड़ को तितर-बितर किया जाता है।

एंटी राइट गन से आंसू गैस के गोले छोड़े जाते हैं। फिर भी लोग नहीं हटे तो रबड़ बुलेट का प्रयोग हुआ। ऐसी दशा में लाठी पार्टी भेजी गई। भीड़ कंट्रोल में नहीं आई। फिर भीड़ को विधि विरुद्ध घोषित कर फायर कराया गया। एक राउंड फायर के बाद देखा गया कि भीड़ भागने लगी। फायरिंग में घायल युवक को उपचार के लिए भेजा जाता है। फिर थाने पर सूचना देकर मुकदमा लिखाया गया। अभ्यास में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय उपस्थित रहे।

मरीज झेल रहे मुश्किल

गोंडा : मेडिकल कालेज के क्षेत्रीय निदान केंद्र स्थापित सीटी स्कैन मशीन एक वर्ष से खराब पड़ी है। इससे मरीजों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। डा. धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने ने कहा कि उच्चाधिकारियों से मशीन ठीक कराने के लिए पत्राचार किया जा रहा है। (संसू)

गश्त करें पुलिस कर्मी

गोंडा : एसपी विनीत जायसवाल ने थानाध्यक्षों को पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर गश्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखें। गड़बड़ी करने वालों को चिह्नित करने के साथ प्रभावी कार्रवाई करें। हिस्ट्रीशीटर पर नजर रखने का निर्देश दिया है। (संसू)

कंटीला तार लगाकर अवरुद्ध किया रास्ता, मुकदमा

संसू, इटियाथोक (गोंडा) : रमवापुर नायक गांव के लेखपाल मुक्तेश्वर नाथ ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रास्ता अवरुद्ध करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा कराया है। लेखपाल ने दी गई तहरीर में कहा कि मदारनगर गांव में सरकारी जमीन व रास्ते पर अरमान व सुग्गा बानो ने कब्जा कर लिया है। भूमि पर पूरे गांव वालों का रास्ता था। आरोपित ने जमीन पर कब्जा करके कंटीला तार लगा दिया, जिससे लोगों को आवागमन में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। अवैध कब्जा हटवाने के दौरान दबंगों ने राजस्व टीम से अभद्रता की। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।

चोरी से काट लिया पेड़

आर्यनगर : उमरिया के शिव मूर्ति शुक्ल ने पंचायत सचिवालय के निकट लोक निर्माण विभाग की भूमि पर लगा आम का पेड़ चोरी से काटने की शिकायत थानाध्यक्ष से की है। उन्होंने पेड़ चोरी से काट लिया गया है। उन्होंने कहा कि रेंजर व एक्सईएन पीडब्ल्यूडी से भी शिकायत किया है। (संसू)

शांति से मनाएं त्योहार

खरगूपुर : थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने होली पर्व को लेकर संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की। शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने के लिए प्रोत्साहित किया। जुलूस के रास्ते और होलिका दहन स्थल के संबंध में जानकारी प्राप्त की। (संसू)

दंपति साथ रहने को राजी

गोंडा : पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र आयोजित किया गया। परामर्शदाताओं ने पति-पत्नी के बीच विवाद को सुझला कर साथ रहने के लिए राजी किया। दंपति को साथ में घर भेजा है। दंपतियों को छोटी-छोटी बातों पर विवाद न करने के लिए प्रोत्साहित किया है। (संसू)

किशोरी का अपहरण

खरगूपुर : गांव के व्यक्ति ने दी गई तहरीर में कहा कि उनकी बेटी का बलरामपुर जिले के युवक ने अपहरण कर लिया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा किया है। (संसू)

बेटे पर मुकदमा

वजीरगंज : अजबनगर निवासी पुजारी ने दी गई तहरीर में कहा कि पारिवारिक विवाद को लेकर उनके बेटे अरविंद जायसवाल ने पिटाई की। जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संसू)

24 वांछित गिरफ्तार

गोंडा : पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 24 वांछितों को गिरफ्तार किया है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस ने छह, देहात कोतवाली व धानपुर ने दो-दो, इटियाथोक पुलिस ने चार, परसपुर, नवाबगंज, कौड़िया, उमरीबेगमगंज, मोतीगंज पुलिस ने एक-एक व वजीरगंज पुलिस ने तीन वांछितों को गिरफ्तार किया है। (संसू)

खड़ी ट्रॉली से टकराई बाइक, दो की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

रिश्तेदार के यहां मुंडन संस्कार में शामिल होने बस्ती से जा रहे थे तुलसीपुर, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, एक घायल

गौरा चौराहा (बलरामपुर)। गौरा-इटवा राजमार्ग पर शनिवार रात गोविंदपुर गांव के पास खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में बाइक सवार जा टकराए। बाइक पर तीन लोग सवार थे। हादसे में बस्ती के दिलीप जायसवाल (52) और सिद्धार्थनगर के किशोरी जायसवाल (65) की मौत हो गई। जबकि, बाइक चला रहा बस्ती का चंद्रभान (32) गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तीनों लोग रिश्तेदार के यहां मुंडन संस्कार में शामिल होने बस्ती से तुलसीपुर जा रहे थे।

प्रभारी निरीक्षक तेज नारायण गुप्त ने बताया कि बस्ती के सोनहा थानाक्षेत्र के नरसोरिया ग्राम निवासी दिलीप जायसवाल व चंद्रभान और सिद्धार्थनगर के इटवा थानाक्षेत्र के इटवा बाजार कस्बा निवासी किशोरी जायसवाल बाइक से तुलसीपुर के लिए निकले थे। गोविंदपुर गांव के पास बाइक सवार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए। घटना रात करीब दस बजे की है। बाइक चालक उछलकर दूर जाकर गिरा, लेकिन दोनों बाइक सवार ट्रैक्टर-ट्राली में बाइक के साथ घुस गए।

टक्कर काफी भीषण थी और बाइक सवार तीनों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। इससे दोनों के सिर में काफी चोटें आईं। हादसे में दिलीप व किशोरी की मौत हो गई, जबकि चंद्रभान गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका सीएचसी में उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है।

सड़क हादसे में अधेड़ की गई जान

गौड़ाम बुजुर्ग। सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र के अहिरौली ईदगाह के पास अज्ञात बाइक सवार ने ठेले में टक्कर मार दी। हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। बिलंडगंज निवासी आशीष कुमार यादव ने सादुल्लाह थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसके भाई [illegible] उठाऊ बाजार में मिठाई का ठेला ल[illegible] थे। शनिवार देर रात मधुदोभदूदा से दुकान लगाने के बाद घर लौट रहे थे अहिरौली ईदगाह के पास अज्ञात [illegible] सवार ने ठेले में टक्कर मार दी। हादसे में उसके भाई घायल हो गए। उनको सीएचसी सादुल्लाहनगर में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार होने पर उन्हें घर लाया गया, लेकिन शनिवार सुबह उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक भुवनानंद सिंह ने बताया कि आशीष की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

वाहन से टकराकर बारहसिंघा की मौत

नवाबगंज (गोंडा)। क्षेत्र के कटरा बिलरियागंज-बस्ती राजमार्ग पर जगतपुर गांव के पास शनिवार की सुबह सड़क पार कर रहा एक बारहसिंगा अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बारहसिंगा को उठाकर पशु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वन दरोगा अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि बारहसिंगा कहीं से भटक कर आ गया था। सड़क पार करते समय वाहन की चपेट में आ गया था। पोस्टमार्टम के बाद बारहसिंगा को दफना दिया गया है। (संवाद)

60 लाख की लूट में पुलिस सात दिन बाद भी खाली हाथ

करनैलगंज (गोंडा)। करनैलगंज नगर में वीते सोमवार को सराफा कारोबारी विश्वनाथ साह की दुकान से 60 लाख की लूट के मामले में पुलिस सात दिन वाद भी खाली हाथ है। घटना का खुलासा करने में इंस्पेक्टर हेमंत कुमार गौड़ फेल नजर आ रहे हैं। इसे देखते हुए अब एसपी ने खुद लूटकांड को पर्दाफाश कराने की वागडोर संभाल ली है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने लूट का खुलासा करने के लिए वहराइच सहित अन्य जिले में स्थानांतरित हो चुके पुलिसकर्मियों को भी करनैलगंज पुलिस व एसओजी का सहयोग करने के लिए वुलाया है। दूसरी तरफ, वहराइच जिले की एसओजी व सर्विलांस की टीम को भी लगाया गया है। शनिवार की रात्रि भी पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल तथा अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने सभी पुलिस टीमों के साथ योजना तैयार की और टीमों को दिशा निर्देश दिए। दूसरी तरफ करनैलगंज व्यापार मंडल, करनैलगंज उद्योग व्यापार मंडल, करनैलगंज सर्राफा एसोसिएशन ने भी वारदात का खुलासा कराने की मांग की है। (संवाद)

पुलिस टीम ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

वजीरगंज। जानलेवा हमला करने समेत अन्य अपराधों में संलिप्त तीन वारंटियो को पुलिस ने रविवार को दबोच लिया है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि आरोपी अमरजीत पुत्र सुमई निवासी ग्राम पंचायत नगवा, संदीप सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम पंचायत सेहरिया व बच्चा राम पुत्र रामसूरत पांडेय निवासी ग्राम पंचायत नौबस्ता के खिलाफ कई गंभीर मामले न्यायालय में चल रहे हैं। तीन को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

अवैध कब्जा व धमकी में केस दर्ज

इटियाथोक (गोंडा)। लेखपाल को धमकी देकर अवैध कब्जे को हटाने से रोकने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ग्राम रमवापुर नायक में नवीन परती की भूमि पर अरमान अली ने पक्का मकान बनाकर अवशेष स्थान पर कंटीले तार लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। इसकी शिकायत पर लेखपाल मुक्तेश्वर लाल राजस्व निरीक्षक के साथ रमवापुर नायक गांव में अवरुद्ध रास्ते को खाली कराने गए थे। आरोप है कि सुग्गा बानो, अरमान अली व घर की महिलाओं ने झगड़ा शुरू कर दिया। तार हटाने से इनकार करते हुए सुग्गा बानो व अवैध कब्जेदार अरमान अली ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए धमकी दी। पुलिस ने दोनों पर रिपोर्ट दर्ज की है। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2024

श्रावस्ती एयरपोर्ट से जिले के लोगों को भी सुविधा होगी

बलरामपुर, संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को श्रावस्ती एवं बलरामपुर कामन एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण किया। श्रावस्ती के साथ ही अब बलरामपुर के लोगों को भी हवाई सुविधा मिलेगी। इससे जिले के लोगों में हर्ष है।

बलरामपुर में एयरपोर्ट के विस्तार के लिए राजस्व ग्राम बगाही और ऐलहवा में 40.5 हेक्टर भूमि का अधिग्रहण 1070 खातेदारों से किया जाएगा। रविवार को जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने अधिकारियों के साथ चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि श्रावस्ती एयरपोर्ट का विस्तार बलरामपुर में किए जाने हेतु भूमि अधिग्रहण को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उनके स्तर से नियमित रूप से इसकी समीक्षा भी की जा रही है। सोमवार को निरीक्षण के दौरान डीएम ने राजस्व ग्राम का नक्शा देखा तथा अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि भूमि अधिग्रहण में आने वाले सभी मकानों तथा पेड़ों का मूल्यांकन करते हुए खातेदारों से बैनामा कराए जाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के सड़क का भी मूल्यांकन किए जाने एवं सड़क के लिए जगह को भी चिन्हित किए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह काम शीघ्र किया जाए ताकि योजना समय पर पूरी हो सके। निरीक्षण के दौरान एसपी केशव कुमार, एडीएम प्रदीप कुमार, एसडीएम सदर राजेन्द्र बहादुर सहित कई अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

एयरपोर्ट विस्तार के लिए अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का रविवार को जायजा लेते डीएम, एसपी व अन्य अधिकारी

- भूमि अधिग्रहण में आने वाले मकानों तथा पेड़ों का मूल्यांकन किया जाएगा
- इसके बाद खातेदारों से बैनामा कराए जाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी

दंगा नियंत्रण का कराया पूर्वाभ्यास

बलरामपुर संवाददाता। अराजक तत्वों से कैसे निपटा जाए। भीड़ को तितर बितर करने के साथ- साथ शस्त्रों को चलाने का अभ्यास कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने कहा कि एसपी केशव कुमार के निर्देश पर रिजर्व पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण को लेकर मॉक ड्रिल कराया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस जवानों की टीम बनाई गई जिसमें जवानों को दंगाइयों से सामना होने पर उन पर काबू पाने का तरीका बताया गया। अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने शस्त्रों का प्रयोग करने के तरीके पुलिस जवानों को बताए। उन्होंने कहा कि अगर दंगाई पत्थरबाजी करते हैं तो सुरक्षा गार्ड लेकर आगे बढ़े और चारों तरफ से उन्हें घेर कर काबू में ला सकते हैं। आंसू गैस का प्रयोग कब करना है किस स्थिति में शस्त्रों का प्रयोग करना है इन सब की जानकारी विस्तार से दी गई। सीओ ज्योतिश्री ने कहा कि सभी पुलिस के लोग प्रति दिन अपने-अपने शस्त्रों की साफ-सफाई करें साथ ही रखरखाव सुरक्षित रखें। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर बृजनंदन राय, क्षेत्राधिकारी उतरौला प्रमोद कुमार यादव, प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

- जवानों को दंगाइयों पर काबू पाने का तरीका बताया गया
- जवानों की टीम बनाकर कराया गया अभ्यास

प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई

तुलसीपुर, संवाददाता। आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर रेलवे स्टेशन के बाहर जाम की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। पटरियों पर किए गए अतिक्रमण के चलते पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के चलते कई बार स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों व अतिक्रमणकारियों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जाम की समस्या को लेकर कई बार स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की। यहां पर कुछ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी तो लगा दी गई लेकिन कुछ ही दिन बाद उन्हें फिर वापस बुला लिया गया। भाजयुमो मण्डल महामंत्री ऋतिक चौरसिया ने बताया कि जाम के झाम में काफी देर तक एंबुलेंस फंसी रहती है । अमित कसौधन ने बताया कि समस्या का समय रहते निवारण नहीं किया गया तो 14 मार्च को स्टेशन के समीप प्रदर्शन किया जाएगा।

मदद के लिए इन नम्बरों पर सम्पर्क करें

बलरामपुर। किसी भी विपरीत परिस्थिति में मदद के लिए बालिकाएं हेल्प लाइन नम्बर 1090, 181, 108 व 112 पर सम्पर्क कर सकती हैं। मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटीरोमिया स्क्वायर्ड दल की तरफ से नगर के प्रमुख चौराहों पर चौपाल लगाकर बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक विजय नाथ यादव ने बताया कि जमीला, भल्लू,चिनके को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण मारपीट सहित अन्य मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे थे।

फॉरेस्ट एक्ट मामले में एक गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना हरैया पुलिस में फॉरेस्ट एक्ट सहित अन्य मामले में एक वांछित को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि हकीम पुत्र शाबिर निवासी गणेशपुर फारेस्ट सहित अन्य मामले में वांछित चल रहे थे ।

जालसाजी के मामले में वांछित को पकड़ा

बलरामपुर। थाना कोतवाली नगर के पुलिस ने जालसाजी सहित अन्य मामले में एक वांछित को गिरफ्तार करने में कामयाबी आई है। स्वाट टीम उप निरीक्षक खादिम सज्जाद ने बताया कि उप निरीक्षक के चंद्रपाल यादव के साथ विपिन कुमार पुत्र रामबाबू निवासी जनपद कानपुर को गिरफ्तार किया गया है।

डप्टी कमाडट तज कुमार साहत कइ अन्य आधकारा व ग्रामाण माजूद थ।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। मॉडर्न थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया। उप निरीक्षक सुनील कुमार पाल ने बताया कि मेराज अली मैराज अली न्यायालय से वांछित थे। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है।

जवानों ने फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का कराया एहसास

क्षेत्र भ्रमण

ललिया, संवाददाता। आगामी लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ललिया थाना के प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने अर्द्ध सैनिक बल सीआईएसएफ जवानों के साथ थाना क्षेत्र का भ्रमण किया। पुलिस कर्मियों ने मगरा कोहल, बलदेव नगर, ललिया, सिंहपुर, सिटकिहवा मोड़, शिवपुरा, बहादुरगंज, मथुरा बाजार, प्रानपुर आदि गांवों में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। प्रभारी निरीक्षक ने गांवो में फ्लैग मार्च के दौरान कहा कि मतदाताओं को निडर होकर शत-प्रतिशत मतदान करने का सुझाव दिया। कहा कि मतदाताओं को डराने-धमकाने वालों को पुलिस चिन्हित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेगी। फ्लैग मार्च के दौरान केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बल के सहायक उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह समेत कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

मगरा कोहल गांव में फ्लैग मार्च करते पुलिस जवान।

गन्ना विकास मंत्री आज शहर में होंगे

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश शासन के गन्ना विकास एवं चीनी मिलों के मंत्री लक्ष्मी नरायन चौधरी सोमवार को जिले में होंगे। वह साढे.11 बजे सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड बलरामपुर के भवन निर्माण में शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां पर वह लोगों को संबोधित भी करेंगे। दो बजे मंत्री देवीपाटन मंडल गोंडा परिक्षेत्र के गन्ना आयुक्त, जिला गन्ना अधिकारियों एवं मंडल की चीनी मिलों के अध्यासियों तथा महाप्रबंधकों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक करेंगे। साढ़े तीन बजे मंत्री शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर के लिए रवाना होंगे।

1,048 रुपये में लखनऊ का हवाई सफर किया जाएगा एयरपोर्ट का विस्तार



राजस्व ग्राम बगाही में एयरपोर्ट विस्तार के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अरविंद सिंह (मध्य में) व एसपी केशव कुमार (दाएं) ● सौ. सूचना विभाग

जासं, बलरामपुर: पड़ोसी जनपद श्रावस्ती के साथ अब जिले के लोग भी लखनऊ का हवाई सफर कर सकेंगे। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रावस्ती एयरपोर्ट का लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से किया।

दोनों जनपदों के लोग अब 1048 रुपये में लखनऊ की हवाई यात्रा कर सकेंगे। एयरपोर्ट का विस्तार जिले के राजस्व ग्राम बगाही और ऐलहवा में 40.5 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण 1070 खातेदारों से किया जाएगा। डीएम अरविंद सिंह ने विस्तार को चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने रीजनल कनेक्टविटी स्कीम (उड़ान) के अंतर्गत श्रावस्ती-बलरामपुर कामन एयरपोर्ट का लोकार्पण किया है। श्रावस्ती से लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट को जोड़ा गया है। बताया कि श्रावस्ती एयरपोर्ट का विस्तार जनपद में किए जाने के लिए भूमि अधिग्रहण को अंतिम रूप दिए जाने के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है।

राजस्व ग्राम का नक्शा देखने के बाद भूमि अधिग्रहण में आने वाले सभी मकानों एवं पेड़ों का मूल्यांकन करते हुए खातेदारों से बैनामा कराए जाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, उपजिलाधिकारी सदर राजेंद्र बहादुर आदि अन्य उपस्थित रहे।

बलवा से निपटने का कराया पूर्वाभ्यास

रिजर्व पुलिस लाइन में कर्मियों को शस्त्राभ्यास करातीं एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

जासं, बलरामपुर : अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व योगेश कुमार ने रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों को बलवा ड्रिल व शस्त्र अभ्यास कराया। पुलिसकर्मियों को विषम परिस्थितियों में अराजक तत्वों से निपटने के शस्त्र प्रशिक्षण दिया गया। दंगा नियंत्रक उपकरण, फर्स्ट एड बाक्स आदि की जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी बृजनंदन राय, प्रमोद कुमार यादव, ज्योतिश्री व प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव मौजूद रहे।

29 लीटर कच्ची शराब बरामद, दो गिरफ्तार

जरवा कोतवाली में शराब कारोबारी ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

जासं, बलरामपुर : अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए चलाए गए अभियान में जरवा कोतवाली की पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने 29 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए दो लोगों की गिरफ्तारी की है। थानाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बताया कि बालापुर गांव निवासी हनुमान के पास 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। इसी गांव के रामदेव को 14 लीटर शराब के साथ पकड़ा गया है। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। हेड कांस्टेबल दुर्बल यादव व आरक्षी अरविंद कुमार टीम में शामिल रहे।

परिवार परामर्श केंद्र में निपटा दंपति का विवाद

बलरामपुर : पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी ने बताया कि देहात कोतवाली की सुशीला देवी बनाम रमेश कुमार का मामला सुलह-समझौते से निपटाया गया। परामर्शदाता अरुण यादव, देवतादीन दुबे, तनवीर जहां, आरक्षी ज्योति व हेमा का योगदान रहा। (जासं)

गांजा बरामद

बलरामपुर : माडर्न थाना श्रीदत्तगंज की पुलिस ने दो किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित ने बताया कि आसाराम वर्मा निवासी नकटी नाला करमडीह को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। वांछित मेराज अली के ग्राम ढोबाडाबर की गिरफ्तारी की गई है। (जासं)

तीन वारंटी गिरफ्तार

बलरामपुर : पचपेड़वा थाने की पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि वारंटी जमील, भल्लू व चिनके निवासीगण गुरुचिहवा को घर से गिरफ्तार किया गया है। (जासं)

ओवरलोड गन्ना वाहनों पर नहीं नकेल

जासं, बलरामपुर: नगर क्षेत्र में बेधड़क फर्राटा भरने वाले ओवरलोड व ओवरहाइट गन्ना वाहनों की मनमानी पर नकेल नहीं कस पा रही है। ओवरहाइट गन्ना वाहनों से गोंडा, बहराइच व तुलसीपुर मार्ग पर आए दिन बिजली के तार टूट कर गिर रहे हैं। बिजली विभाग भी परेशान है, लेकिन गन्ना वाहन चालक और चीनी मिल प्रबंधन पर कोई असर नहीं है। गत दिनों उप जिलाधिकारी सदर ने बलरामपुर चीनी मिल के प्रबंधक को नोटिस जारी कर कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। ओवरलोड गन्ना वाहन चालक एसडीएम के निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए खुलेआम शहर की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। नगर कोतवाली व यातायात पुलिस भी इन पर हाथ डालने से कतरा रही है।

तार घसीटते हुए निकल गया ट्रक: रविवार को ओवरहाइट ट्रक गोंडा मार्ग पर कोतवाली नगर से कुछ दूरी पर बिजली तार घसीटते हुए निकल गया। तार चिंगारी के साथ टूटकर सड़क पर गिरा। बीच सड़क पर बिजली का तार गिरने से लोग सहम गए। नौसहरा मुहल्ला के लोगों ने डंडे से तार सड़क से हटाकर बिजली विभाग को सूचना दी। ओवरलोड व ओवरहाइट गन्ना वाहन तहसील, कोतवाली नगर और यातायात कार्यालय के सामने से प्रतिदिन निकलते हैं। बिना हेलमेट और सीट बेल्ट न लगाने वाले वाहन चालकों की फोटो वीर विनय चौराहा पर खींच कर आनलाइन चालान कर

गोंडा मार्ग पर रानी धर्मशाला के सामने बांस से बिजली का तार ऊपर कर ओवरहाइट गन्ना वाहन को निकालने का प्रयास करते लोग ● जागरण

पुलिसकर्मी अपना कोटा पूरा कर लेते हैं, लेकिन ओवरलोड ट्रक और ट्राला उन्हें नहीं दिखते हैं।

नोटिस में हाईटेंशन बिजली तार छूने की जताई आशंका: बीते 26 फरवरी को उप जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर ने भगवतीगंज चीनी मिल के प्रबंधक को नोटिस जारी की थी। इसमें लिखा था कि भ्रमण के दौरान यह देखने में आया है कि सड़क पर चीनी मिल के ट्रकों व एवं ट्रैक्टर ट्राला पर बेतरतीब ढंग से ओवरलोड गन्ना लादकर सड़कों पर लाया जा रहा है।

जगह-जगह अनावश्यक रूप से इन वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। गन्ना सड़क पर गिर जाने से घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। रेलवे क्रासिंग पर ओवरलोड एवं अत्यधिक ऊंचाई होने के कारण हाईटेंशन बिजली के तार छूने की आशंका बनी रहती है। इससे सड़क पर चल रहे लोगों को खतरा बना रहता है। ऐसे में ओवरलोड गन्ना वाहनों से यदि कोई अप्रिय घटना या जानमाल का नुकसान होता है तो इसके लिए मिल प्रबंधक को जिम्मेदार मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व में नोटिस जारी की गई है। अब तक कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। ओवरलोड वाहनों की रिपोर्ट मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-राजेंद्र बहादुर, उप जिलाधिकारी, सदर

पुलिस व सीआइएसएफ जवानों ने किया फ्लैग मार्च

जागरण टीम, बलरामपुर : लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत प्रशासन ने सतर्कतना बरतनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में रविवार को महराजगंज तराई व ललिया थाना क्षेत्र में पुलिस व केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। आमजन को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। महरागगंज तराई क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी ललिया ज्योति श्री व प्रभारी निरीक्षक मुनीश चंद दुबे के नेतृत्व में दोपहर के बाद कस्बा व आसपास के गांवों में फ्लैग मार्च किया गया। सीओ ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराने को जिला प्रशासन व पुलिस पूरी तरह तत्पर है। उधर ललिया थाना के प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने जवानों के साथ मंगराकोहल, बलदेवनगर, ललिया, सिंहपुर, सिटकिहवा मोड़, शिवपुरा, बहादुरगंज, मथुरा बाजार, प्रानपुर आदि गांवों में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। कहा कि मतदाताओं को डराने-धमकाने वालों को पुलिस चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करेगी।

फायरिंग के आरोप में युवक पर केस

उतरौला। हर्ष फायरिंग के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे ने बताया कि पटेलनगर निवासी विवेक पटवा ने तहरीर देकर आरोप लगाया गया कि नगर के रामलीला मैदान में वैवाहिक समारोह में सम्मिलित होने गया था। अजय सोनी स्टेज पर खड़े होकर अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से अचानक कई राउंड फायरिंग करने लगे। इससे वहां मौजूद लोगों में दहशत का माहौल हो गया।

हर्ष फायरिंग के आरोप में युवक पर केस दर्ज

संवादसूत्र, उतरौला (बलरामपुर): हर्ष फायरिंग के आरोप में पुलिस ने आर्यनगर मुहल्ला निवासी अजय सोनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे ने बताया कि पटेलनगर निवासी विवेक पटवा ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया कि नगर के रामलीला मैदान मे वैवाहिक समारोह में सम्मिलित होने गया था।

अजय सोनी ने स्टेज पर खड़े होकर अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से अचानक कई राउंड फायरिंग करने लगे। इससे वहां मौजूद लोगों में दहशत का माहौल पैदा हो गया। आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का संदेश

महराजगंज तराई (बलरामपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के कौव्वापुर व महराजगंज कस्बे में पुलिस व केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। होली व रमजान के साथ ही लोकसभा चुनाव में सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अफवाह पर ध्यान न देने और अफवाह फैलाने वाले की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्राधिकारी ललिया ज्योति श्री व प्रभारी थानाध्यक्ष मुनीश दुबे के साथ पुलिस बल ने भ्रमण किया। (संवाद)

हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

पेहर बाजार। मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के तहत महिला बीट अधिकारियों कीओर से पेहर बाजार सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला बीट अधिकारियों ने महिलाओं एवं बेटियों को अधिकारों की जानकारी देते हुए सशक्त बनने का सुझाव दिया। बताया कि किसी भी तरह की समस्या होने पर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि पर कॉल कर पुलिस की सहायता ली जा सकती है। (संवाद)

मतदेय स्थलों पर व्याप्त कमियों को दूर कराने का दिया निर्देश

निरीक्षण

बलरामपुर, संवाददाता। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर रविवार को पुलिस अधिकारियों ने पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने संवेदनशील, अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की रूपरेखा तय की। पुलिस अधिकारियों ने बूथों पर फैली कमियों को भी दूर करने का निर्देश दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, सीओ बृजनंदन राय के साथ पोलिंग स्टेशनों का निरीक्षण करने निकलीं। उन्होंने थाना कोतवाली देहात के पोलिंग बूथ जुवाथान, गंगापुर व वीरपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचन विभाग के कर्मचारियों से प्रत्येक बूथ पर पड़ने वाले मतदान व मतदाताओं की जानकारी ली। मतदेय स्थल से लोगों के घरों की दूरी, मतदेय स्थल तक जाने वाला रास्ता, बिजली, पानी व शौचालय सहित अन्य संसाधनों की जानकारी ली। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने सीओ बृजनंदन राय से कहा कि आबादी से मतदेय स्थल सटा होने पर संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों को अलग कर लें। बूथ स्थल पर कितने फोर्स की जरूरत पड़ेगी और कैसे मतदेय स्थल की सुरक्षा हो सकेगी इन सभी बिंदुओं पर रूपरेखा तैयार कर लें। क्षेत्राधिकारी बृजनंदन राय ने कहा कि मतदेय स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था में लगाए जाने के लिए पुलिस की टीम बनाई जा रही है। एक मतदेय स्थल पर कितने उप निरीक्षक, कितने कांस्टेबल तथा कितने सुरक्षा बल लगाए जाने हैं इन सबकी तैयारी की जा रही है। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, प्रधान व बीएलओ मौजूद रहे।

उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगापुर बाकी में मतदेय स्थल की जानकारी लेते अधिकारी

10.47 लाख युवा वोटर लोकतंत्र के महापर्व में निभाएंगे जिम्मेदारी

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। लोकतंत्र के महापर्व में 10 लाख 47 हजार युवाओं को मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभानी है। लोकसभा चुनाव में 18 से 49 वर्ष तक आयु वाले वोटरों के मतदान से मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक वोटरों को चढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। 793 ग्राम पंचायतों में मनरेगा श्रमिकों ने मतदाता जागरूकता की मुहिम शुरू की है, जिसमें मतदाताओं को उनके वोट का महत्व बताया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए पहले से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। सदर, उतरौला, तुलसीपुर व गैसड़ी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 18 से 19 वर्ष के 13 हजार 41 मतदाता हैं, इसमें सात हजार 541 पुरुष व 5500 महिला वोटरों को लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मतदाधिकार का इस्तेमाल करेंगे। 20 से 29 वर्ष तक के दो लाख 71 हजार 499 वोटर हैं, इसमें एक लाख 46 हजार 96 पुरुष, एक लाख 25 हजार 365 महिला व 38 थर्ड जेंडर वोटर शामिल हैं।

30 से 39 वर्ष आयु के चार लाख 51 हजार 932 मतदाता हैं, जिसमें दो लाख 54 हजार 957 पुरुष, एक लाख 96 हजार 961 महिला व 14 थर्ड जेंडर हैं। 40 से 49 वर्ष तक की आयु के तीन लाख 10 हजार 712 वोटर हैं, इसमें एक लाख 67 हजार 382 पुरुष, एक लाख 43 हजार 325 महिला व पांच थर्ड जेंडर हैं।

दूसरे दिन भी बीएलओ ने पढ़कर सुनाई मतदाता सूची : दूसरे दिन रविवार को भी सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) ने वोटरों को गड़बड़ी दूर कराने के लिए मतदाता सूची पढ़कर सुनाया। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम अरविंद सिंह ने बताया कि जिले के सभी 1723 मतदेय स्थलों पर वोटरों को मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई है। मतदाता सूची में यदि कोई कमी मिलेगी, तो उसे ठीक कराया जाएगा। सदर एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने कई मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया।

लोकसभा चुनाव में 18 से 49 आयु वाले वोटर बढ़ाएंगे मतदान प्रतिशत

एक नजर में अन्य आयु वर्ग के मतदाता

50 से 59 वर्ष तक के दो लाख 53 हजार 495 वोटर हैं, इनमें एक लाख 32 हजार 873 पुरुष, एक लाख 20 हजार 618 महिला व चार थर्ड जेंडर वोटरों को भी मतदान करना है। 60 से 69 वर्ष आयु के एक लाख 65 हजार 278 वोटर हैं, इसमें 85 हजार 412 पुरुष, 79 हजार 863 महिला व तीन थर्ड जेंडर हैं। 70 से 79 वर्ष आयु वाले 87 हजार 401 वोटर हैं, इनमें 44 हजार 275 पुरुष व 43 हजार 126 महिला वोटर हैं।

> लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मनरेगा श्रमिकों की पहल सराहनीय है। इससे गांवों में वोटरों को जागरूक करने में मदद मिल रही है। -अरविंद सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम

1723 मतदेय स्थलों की व्यवस्था परखेंगे अधिकारी, देंगे रिपोर्ट

पोलिंग बूथ का निरीक्षण करती एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व अन्य। स्रोत : प्रशासन

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। लोकसभा चुनाव में मतदान कराने वाले कर्मचारियों के साथ वोटरों को भी सभी मतदेय स्थलों पर बेहतर व्यवस्थाएं मुहैया कराने की कवायद शुरू की गई है। बिजली, पानी, सड़क, रैंप व अन्य संसाधनों से सभी मतदेय स्थलों को लैस किया जाना है। इसके लिए जिले के सभी 1723 मतदेय स्थलों की गठित टीमें पड़ताल करके रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगी।

कमियों को दूर कराकर व्यवस्थाएं कराई जाएंगी चाक चौबंद

प्रत्येक मतदान केंद्र पर पांच या इससे अधिक मतदेय स्थल होने पर भौतिक सत्यापन उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रदीप कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व योगेश कुमार को सौंपी गई है। तीन व चार मतदेय स्थलों वाले सभी मतदान केंद्रों की पड़ताल तहसीलदार, नायब तहसीलदार व संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष को संयुक्त टीम में करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि 2022 के विधानसभा चुनाव में 1857 मतदेय स्थल थे, जबकि वर्तमान में जिले में 1723 मतदेय स्थल हैं, जिनकी जांच की जाएगी। लोक निर्माण विभाग के दोनों डिवीजन के अधिशासी अभियंता को सड़कों की मरम्मत कराने, थारू व जंगल क्षेत्र में बिजली ठीक कराने, ग्रामीण सड़कों के गड्ढे भरवाने, छूटे हुए केंद्रों पर रैंप का निर्माण कराने व अन्य व्यवस्थाओं को रिपोर्ट के आधार पर चाक-चौबंद कराएंगे। जिससे यहां ठहरने वाली पोलिंग पार्टियों को मतदान कराने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

एएसपी ने किया पोलिंग बूथ का निरीक्षण

बलरामपुर। लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस ने अभियान शुरू किया है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने कई क्षेत्रों का भ्रमण कर बूथों की स्थिति को परखा। उन्होंने जुआथान, गंगापुर, खीरपुर आदि बूथों की व्यवस्था को परखा। (संवाद)

कॉमन एयरपोर्ट शुरू, बलरामपुर को रनवे की सौगात

एयरपोर्ट के विस्तार के लिए बगाही ऐहलवा में जमीन चिह्नित

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से बहु प्रतीक्षित श्रावस्ती-बलरामपुर कॉमन एयरपोर्ट का शुभारंभ रविवार को किया। इसके साथ ही जिले को एयर रनवे की सौगात मिली। एयरपोर्ट जिले की सीमा से महज चार किमी की दूरी पर है। इससे जिले में तरक्की के अवसर बढ़ेंगे। जिलाधिकारी अरविंद सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने एयरपोर्ट के विस्तार के लिए प्रस्तावित क्षेत्र का भ्रमण भी किया। साथ ही श्रावस्ती एयरपोर्ट पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल भी हुए।

जिजमीन का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। स्रोत: विभाग

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान) के तहत श्रावस्ती से सस्ती उड़ान सेवाएं शुरू की गई हैं। जिसमें श्रावस्ती से लखनऊ तक का हवाई सफर महज 1048 रुपये में तय किया जा सकता है। यहां से सभी उड़ानें लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट से कनेक्ट की गई हैं। बताया कि श्रावस्ती एयरपोर्ट का विस्तार जनपद बलरामपुर में भी किया जा रहा है। इसकी कवायद तेज कर दी गई है।

एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 267 हेक्टेयर भूमि तय की गई है, जिसमें 40.5 हेक्टेयर जमीन जिले के बगाही ऐहलवा ग्राम में चिह्नित की गई है। यहां के 1047 किसानों से समझौते के आधार पर जमीन अधिग्रहण किए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। इससे जिले के लोगों को भी लाभ मिलेगा।

धार्मिक पर्यटन के विकास को मिलेगा मुकाम : श्रावस्ती एयरपोर्ट का बलरामपुर में विस्तार होने से जनपद में धार्मिक पर्यटन को वृहद स्तर पर बढ़ावा मिलेगा। सोहेलवा वन क्षेत्र में आने के लिए पर्यटकों को हवाई यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। डीएम ने उम्मीद जताई कि बगाही ऐहलवा के आसपास के इलाकों में नए होटल इत्यादि निर्माण के साथ विकास के नए द्वार खुलेंगे।

होली बाद मिश्रौलिया फ्लाईओवर पर भरिये फर्राटा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। होली के बाद अप्रैल से मिश्रौलिया रेलवे फ्लाईओवर से वाहन फर्राटा भर सकेंगे। रेलवे ने अपने हिस्से का काम लगभग पूरा कर लिया है। क्रैश बैरियर के बाद रेलवे अपना काम पूरा करेगा, जबकि उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम डामरीकरण का काम करा रहा है। उम्मीद है कि लाइटिंग के साथ ही होली तक सभी कार्य पूरे हो जाएंगे।

सेतु निगम के इंजीनियरों ने बताया कि रेलवे के हिस्से का काम लगभग पूरा हो चुका है। क्रश बैरियर लगाने के साथ ही शटरिंग खोलने के बाद काम पूरा हो जाएगा। इसके अलावा सेतुनिगम की ओर से डामरीकरण के साथ ही लाइटिंग के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। 25 मार्च होली से पहले फ्लाईओवर के कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि तेजी से काम चल रहा है। एक अप्रैल के बाद फ्लाईओवर से आवागमन की सहूलियत मिलेगी। गोंडा-बहराइच राजमार्ग के चलते रोजाना मिश्रौलिया रेलवे क्रॉसिंग पर आमजनों को जाम का सामना करना पड़ता है। गोरखपुर-लखनऊ रेलखंड होने के कारण रोजाना बड़ी संख्या में ट्रेनें गुजरती हैं। फ्लाईओवर के शुरू होने से पीक ऑवर में लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सकेगी।

क्रश बैरियर के साथ ही रेलवे का काम लगभग पूरा, प्रकाश व्यवस्था और फ्लाईओवर व डामरीकरण शुरू

ओवरब्रिज पर बनाई जा रही सड़का। संवाद

विभागीय समन्वय से जल्द पूरे कराएं काम

डीएम ने लिया मिश्रौलिया समेत निर्माणाधीन फ्लाईओवर का जायजा

अमर उजाला में प्रकाशित समाचार।

कमिश्नर करेंगे निर्माण कार्यों की समीक्षा

मंडलीय सभागार में कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र निर्माणाधीन फ्लाईओवर की समीक्षा करेंगे। मिश्रौलिया, महादेवा और सोनी गुमटी फ्लाईओवर को लेकर अधिकारियों के साथ मंथन करेंगे। सड़क और परिवहन को लेकर भी बैठक होगी। इस दौरान जलजीवन मिशन के कार्यों की भी मंडलायुक्त समीक्षा करेंगे। संयुक्त विकास आयुक्त की ओर से भी अधिकारियों को दोपहर तीन बजे से बैठक होगी।

आमजन की समस्या का उठा था मुद्दा

21 सितंबर 2023 के अंक में अमर उजाला ने 'रेलवे क्रॉसिंग पर फंसे स्कूली वाहन, रोकनी पड़ी ट्रेन' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसे गंभीरता से लेते हुए डीएम नेहा शर्मा ने मौका मुआयना किया था। राज्य सेतु निगम और रेलवे अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए थे।

BAHRAICH POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2024

हिन्दुस्त

मंदिर के दानपात्र से पांच हजार नकदी व घंटा चोरी

महसी। बौंडी थाने के ग्राम पंचायत कौड़हा के मरी माता मंदिर में लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में रोष है। मंदिर के दानपात्र से पांच हजार रुपए नकद एवं मंदिर में लगे घंटे को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। मंदिर में यह पांचवीं बार चोरी की घटना हुई है। जिससे क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी रोष है। पुलिस छानबीन की बात कहकर कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है।

हिन्दुस्त

सीमावर्ती रुपईडीहा में एसएसबी ने किया रूट मार्च

रुपईडीहा। रविवार की शाम चार बजे थाने से लोकसभा चुनाव को लेकर एसएसबी व स्थानीय थाने के सुरक्षा कर्मियों ने रूटमार्च निकाला। थाने से निकलकर सेंट्रल बैंक चौराहा, स्टेशन रोड, रामलीला चौराहा, एनएच 927, साकेत नगर, चकिया रोड चौराहा होते हुए पुन: थाने पर पहुंचे। असिस्टेंट कमांडेंट परमात्मा सिंह ने बताया कि 66वीं बटालियन के 40 जवान मेरे साथ गश्त कर रहे हैं।

हिन्दु

चोरी गई सरिया बरामद, तीन बंदी

बहराइच। रिसिया थाने के दरोगा कन्हैया दीक्षित, राजेन्द्र कुमार ने पुलिस बल के साथ रविवार सुबह पंचपुरवा से चकिया समय मार्ग के सुकईपुरवा में दबिश दी। पुलिस ने बलिदान पुरवा में जल जीवन मिशन के गोदाम से चोरी कर बेची गई 45 कुंतल ट्रैक्टर- ट्राली पर लदी सरिया हुई बरामद की।

पुलिस ने तीन आरोपियों रिसिया थाने के देवीपुरा निवासी फिरोज, मटेरा थाने के विवियापुर निवासी साहिल उर्फ सूफियान, रामगांव थाने के भगवानपुर माफी निवासी फरहान को गिरफ्तार किया। एसएचओ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि दो आरोपी फरार हो गए। रिसिया के ग्रामीण इलाके में जल जीवन मिशन योजना का बलिदान पुरवा में गोदाम बनाया गया है। इस योजना में सरिया की सप्लायर जिंदल कंपनी है। शनिवार को प्रोजेक्ट मैनेजर तेलंगाना प्रांत के हैदराबाद निवासी प्रवीन रेड्डी ने थाने पर चोरी की एफआईआर दर्ज कराई थी।

विद्यालय व मंदिर से चोरों ने उड़ाया हजारों का माल

संसू, वहराइच/बौंडी : चित्तौरा ब्लाक के संविलियन विद्यालय घरसवां में रात में चोरों ने कमरे का ताला तोड़ दिया। चोरी की जानकारी रविवार को सुबह तब हुई जब मतदाता सूची प्रकाशन के लिए बीएलओ रमेश कुमार विद्यालय पहुंचे।

विद्यालय के पांच कमरों के ताले टूटे मिले। तीन बैटरी, यूपीएस, कंप्यूटर, एंटीवायरस, एमडीएम डिजिटल कांटैक्ट समेत अन्य सामान चोर उठा ले गए। इससे पूर्व 26 फरवरी को भी विद्यालय में चोरी हुई थी। जानकारी बीईओ व देहात कोतवाली पुलिस को दी गई। प्रधानाध्यापक विद्या विलास पाठक ने बताया कि पेड़ों को भी नुकसान पहुंचाया जा चुका है। बौंडी के कौड़हा स्थित मरीमाता मंदिर से शनिवार की रात चोर दो घंटे व दानपात्र की नकदी उठा ले गए। एसओ एके राय ने बताया कि जांच की जा रही है।

रील बनाकर कमाए पैसे से खरीदा चोरी का सामान, तीन गिरफ्तार

संसू, रिसिया(बहराइच) : इंटरनेट मीडिया पर युवकों ने रील बनाकर रुपये कमाए और उससे चोरी का सामान खरीदा। कंपनी के मैनेजर को सामान कम होने का संदेह हुआ तो तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर 45 क्विंटल सरिया बरामद किया गया। तीनों को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया। दो आरोपित फरार हैं।

बलिदानपुरवा में जल जीवन मिशन परियोजना के तहत काम कर

• 45 क्विंटल सरिया बरामद

रहे जीवीआर इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी हैदराबाद का गोदाम है। यहां प्लास्टिक पाइप, सरिया सहित अन्य सामान रखा है। इसकी सुरक्षा के लिए प्रोजेक्ट मैनेजर नवीन कुमार रेड्डी ने फखरपुर के मरौचा निवासी कमलेश गुप्त और कोतवाली देहात के खोरिया शफीक निवासी बबलू को चौकीदार नियुक्त कर रखा है। चौकीदार से रिसिया के देवीपुरा निवासी फिरोज, मटेरा के बिबियापुर निवासी साहिल और रामगांव के

रिसिया पुलिस अभिरक्षा में बरामद सरिया व आरोपित • जागरण

भगवानपुरमाफी निवासी फरहान ने मेल-मिलाप बढ़ा लिया। साहिल और फरहान ने इंटरनेट मीडिया से रील बनाकर कमाए पैसे से सरिया खरीदा। सरिया, सीमेंट की दुकान कर रहे फिरोज सहित अन्य लोगों को बेचना शुरू कर दिया। प्रोजेक्ट मैनेजर नवीन कुमार रेड्डी की तहरीर पर पुलिस ने फिरोज, साहिल, फरहान, बबलू व कमलेश गुप्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तीन को गिरफ्तार किया गया है। दो फरार चल रहे हैं। टीम में उपनिरीक्षक कन्हैया दीक्षित, राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार यादव, संदीप दुबे, विजयेंद्र कुमार और कांस्टेबल दुर्गा प्रसाद शामिल रहे।

तीन परिवारों की काउंसिलिंग कर बिखरने से बचाया

जासं, बहराइच : पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में रविवार को पारिवारिक विवादों के प्रकरण में काउंसिलिंग की गई। काउंसलर फहीम किदवई, डीपी सिंह, सरजीत सिंह, एके शर्मा, अनुराधा श्रीवास्तव, रंजना उपाध्याय व महिला थाना प्रभारी शीला यादव ने परिवारों की काउंसिलिंग की। पारिवारिक मामलों में सुलह-समझौते का प्रयास किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि परामर्श केंद्र के प्रभारी रमाशंकर मिश्र व टीम के प्रयास से 25 प्रकरणों में सुलह का प्रयास किया गया। तीन परिवारों को बिखरने से बचाया गया है। इस मौके पर महिला आरक्षी लक्ष्मी, अनन्या सिंह, दिव्या सिंह, उर्मिला सिंह, निशी त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

महिला से ठगी करने वाला पुलिस पकड़ से दूर

संसू, खुटेहना (बहराइच) : महिला से ठगी करने वाला पुलिस की पकड़ से दूर है। ठगी करने वाला युवक सीसी कैमरे में कैद है, फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। गरीब महिला का रो-रो कर हाल खराब है। ग्राम रुकनापुर निवासी द्रौपती ने बताया कि दस दिन पहले अपरिचित व्यक्ति घर आया और कहा कि आपके प्रधानमंत्री आवास की तीसरी किस्त का पैसा आर्यावर्त बैंक भूपगंज बाजार के खाते में आ गया है। घर से ले जाकर 50 हजार का विड्राल भरकर लाभार्थी को दे दिया। लाभार्थी ने जब पैसा निकाला तो गिनते समय 15 हजार निकाल लिए। महिला ने घटना की जानकारी थाना पयागपुर में दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की, परंतु घटना के 10 दिन बीतने को है। अब तक जालसाजी करने वाला युवक पकड़ा नहीं जा सका है। महिला ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास का प्लास्टर अधूरा रह गया है। महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायतीपत्र भेज कर ठगी करने वाले युवक को गिरफ्तार कराए जाने की मांग की है।

गिले-शिकवे दूर कर तीन दंपती फिर साथ रहने को हुए राजी

बहराइच। शहर के पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवार परामर्श केंद्र पर रविवार को बिछड़े हुए परिवारों के मध्य सुलह समझौता कराने को लेकर बैठक हुई। इस दौरान काउंसलरों व महिला पुलिस अधिकारियों ने आपसी विवाद से अलग से हुए तीन दंपतियों के बीच सुलह कराकर सभी को एक साथ रहने को राजी किया।

परिवार परामर्श केंद्र पर काउंसलर फहीम किदवई, सरजीत सिंह, अजय शर्मा, डीपी सिंह, अनुराधा श्रीवास्तव, रंजना उपाध्याय व महिला थाने की एसओ शीला यादव की देखरेख में पारिवारिक विवादों की सुनवाई की गई। इस मौके पर तीन दंपतियों के बीच आपस में वार्ता कराकर सभी को एक साथ रहने को राजी किया गया।

महिला थाने की एसओ शीला ने बताया कि रविवार को केंद्र पर 25 पत्रावलियों को पेश किया गया। इसमें से तीन पत्रावलियों पर सुनवाई करते हुए आपस में सुलह समझौता कराकर सभी को एक साथ रहने के लिए राजी खुशी अपने-अपने घर के लिए रवाना किया गया है। (संवाद)

पीआरडी जवानों को दिया प्रशिक्षण

बौंडी (बहराइच)। तेजवापुर ब्लॉक क्षेत्र के मरौचा स्थित ग्रामीण स्टेडियम में रविवार को प्रांतीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण विभाग ने मंडल स्तरीय 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंडलीय उपनिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अजय त्रिवेदी व विशिष्ट अतिथि जिला युवा कल्याण अधिकारी प्राचीं पंवार रहीं। मंडलीय उपनिदेशक ने कहा कि पीआरडी जवान विषम परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से पीछे नहीं हटते हैं। कार्यक्रम का संचालन देवेश शुक्ला ने किया। इस मौके पर व्यायाम प्रशिक्षिका शन्नो यादव, विकास वर्मा, शैलेश मिश्रा, अजय, अखिलेश चौधरी, पुष्पेन्द्र कुमार, विनम्र शुक्ला, श्वेता सिंह, स्वाति सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

चोरी की सरिया के साथ चार गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

रिसिया (बहराइच)। जलजीवन मिशन के गोदाम से लगातार चोरी हो रही सरिया का रविवार को रिसिया पुलिस ने खुलासा कर दिया। चोरी की 45 क्विंटल सरिया के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पकड़े गए आरोपियों में तीन इंस्टाग्राम के प्रसिद्ध इन्फ्लुएंसर हैं और इनके लाखों में फॉलोअर्स हैं। इनके दो साथी फरार हैं, जिन्हें पुलिस तलाश रही है।

रिसिया थाना क्षेत्र के बलिदान पुरवा में जल जीवन मिशन का गोदाम है। वहां हैदराबाद की जीवीआर इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से पानी टंकी निर्माण के लिए पाइपें व सरिया रखी हुई है। शनिवार को कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर नवीन रेड्डी ने रिसिया थाने में तहरीर देकर गोदाम से बीते कुछ महीनों में 10 टन से अधिक सरिया गायब होने का आरोप लगाया।

उन्होंने गोदाम के चौकीदार फखरपुर थाना क्षेत्र के मरौचा निवासी कमलेश गुप्ता व केतवाली देहात के खोरिया शफीक निवासी बबलू पर साथियों के साथ मिलकर सरिया चोरी का आरोप लगाया। इसके बाद रिसिया पुलिस ने छानबीन शुरू की।

थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि रविवार को रिसिया थाना क्षेत्र के देवीपुरा निवासी फिरोज, मटेरा क्षेत्र के बिबियापुर निवासी साहिल उर्फ सूफियान व रामगांव क्षेत्र के भगवानपुर माफी निवासी फरहान को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से ट्रैक्टर-ट्राली में लदी 45 क्विंटल सरिया भी बरामद की गई। उनके दो फरार साथियों कमलेश गुप्ता व बबलू की तलाश की जा रही है।

पकड़े गए आरोपियों में दो प्रसिद्ध इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर, दोनों के इंस्टाग्राम पर हैं लाखों फॉलोअर्स

जल जीवन मिशन योजना के गोदाम से चोरी की थी सरिया

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। स्रोत पुलिस

इंस्टाग्राम पर 5.7 लाख फॉलोअर्स, करोड़ में आते हैं व्यू

- सरिया चोरी के आरोप में पकड़े गए बिबियापुर निवासी साहिल उर्फ सूफियान व भगवानपुर माफी निवासी फरहान अपने दो अन्य दोस्तों के साथ मिलकर इंस्टाग्राम पर रील बनाते हैं। उनकी रील को दर्शकों पसंद भी करते हैं। यही नहीं, चोरों के चैनल पर 5.7 लाख फॉलोअर्स हैं। उनकी कई रील ऐसी हैं, जिन्हें करोड़ के करीब व्यू मिले हैं। ऐसे में रील बनाते-बनाते ये चोरी के दलदल में भी फंसते गए।

छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

रुपईडीहा। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि निधिनगर पोखरा निवासी भुरऊ उर्फ दिलीप पर पॉक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज था, जिसे उपनिरीक्षक जंगली प्रसाद ने शनिवार की रात चकिया चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेज दिया गया। (संवाद)

मंदिर से घंटे व नकदी चोरी

बौंडी। थाना क्षेत्र के कौड़हा स्थित मरीमाता मंदिर से शनिवार की रात चोर मंदिर के दो घंटे व दानपात्र से नकदी उठा ले गए। व्यवस्थापक लवकुश वर्मा ने थाने पर शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी अंजनी कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। (संवाद)

स्कूल का ताला तोड़ उड़ाया सामान

चित्तौरा। कोतवाली देहात स्थित संविलियन विद्यालय धरसवां में शनिवार की रात चोरों ने कमरों का ताला तोड़ कर उसमें रखी तीन बैटरी, यूपीएस, कंप्यूटर, कुकर समेत हजारों के बर्तन पार कर दिए। शिक्षामित्र रमेश कुमार ने बताया कि पूर्व 26 फरवरी को भी विद्यालय के रसोईघर से चोर दो सिलिंडर उठा ले गए थे। कोतवाल बृजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जांच की जा रही है। (संवाद)

11 वारंटी गिरफ्तार

बहराइच। एसपी वृंदा शुक्ला के सख्त निर्देश के बाद विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा अभियान चलाकर वारंटियों की धरपकड़ की गई। इस दौरान मटेरा पुलिस ने चार, मोतीपुर पुलिस ने तीन, विशेश्वरगंज पुलिस ने दो, खैरीघाट पुलिस ने एक व हरदी पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। (संवाद)

उर्रा में मेडिकल स्टोर में लगी आग, लाखों का नुकसान

उर्रा (बहराइच)। मोतीपुर थाना क्षेत्र के कबेलपुर स्थित मेडिकल स्टोर में शनिवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। मेडिकल स्टोर से धुआं उठता देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना संचालक को दी। इसके बाद कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। आग से लाखों के नुकसान की बात कही जा रही है।

मिहींपुरवा के उर्रा में मेडिकल स्टोर में लगी आग से जला सामान। -स्रोत ग्रामीण

मोतीपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत उर्रा के मजरा कबेलपुर निवासी प्रमोद मौर्य गांव में ही मेडिकल स्टोर चलाते हैं। शनिवार की रात वह मेडिकल स्टोर बंद कर घर चले गए थे। इस दौरान अज्ञात कारणों से स्टोर में आग लग गई। धुआं उठता देख लोगों ने इसकी सूचना प्रमोद को दी। इसके बाद प्रमोद ने ग्रामीणों के साथ कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। प्रमोद ने बताया कि आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। तहसीलदार अंबिका चौधरी ने बताया कि लेखपाल लाल बहादुर शुक्ला को मौके पर भेजा गया है। हरसंभव मदद की जाएगी। (संवाद)

एसएसबी व पुलिस ने सीमा पर किया गश्त

रुपईडीहा में गश्त करते एसएसबी व पुलिस के जवान। -स्रोत पुलिस

रुपईडीहा। लोकसभा चुनाव व त्योहारों को लेकर रविवार को एसएसबी व पुलिस टीम ने सीमावर्ती क्षेत्र में संयुक्त गश्त किया। थाना प्रभारी रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि एसएसबी 66वीं वाहिनी की ड्यूटी निर्वाचन में लगाई गई है, जिनका हेड क्वार्टर रिसिया में बनाया गया है। इनके साथ सीमाक्षेत्र में गश्त किया गया। इस दौरान एसएसबी के सहायक कमांडेंट परमात्मा सिंह, पुलिस उपनिरीक्षक विजय कुमार, अनिल सिंह आदि शामिल रहे। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-03-2024

पीएम ने किया श्रावस्ती एयरपोर्ट का लोकार्पण

विकास को गति

- आजमगढ़ से प्रधानमंत्री ने किया श्रावस्ती एयरपोर्ट का लोकार्पण
- 12 मार्च से नियमित शुरू होगी उड़ान, लोगों ने की कराई बुकिंग

श्रावस्ती एयरपोर्ट पर दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

प्रधानमंत्री का वर्चुअल कार्यक्रम बड़ी स्क्रीन पर देखते लोग।

श्रावस्ती कटरा। संवाददाता। बहु प्रतीक्षित श्रावस्ती एयरपोर्ट का आखिर लोकार्पण हो गया। प्रधानमंत्री ने आजमगढ़ से बटन दबा कर श्रावस्ती एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। बटन दबाते ही शिलापट खुल गया और पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। लोगों ने भारत माता के जयकारे लगाए और प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ जिले के नवनिर्मित हवाई अड्डा परिसर से श्रावस्ती एयरपोर्ट का आम लोगों के लिए शुभारंभ किया। इसके साथ ही प्रदेश के पांच जनपदों आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ के हवाई अड्डा तथा चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री के बटन दबाते ही शिलापट हट गया और श्रावस्ती एयरपोर्ट का नाम आते ही लोगों में उत्साह फैल गया।

श्रावस्ती एयरपोर्ट पर कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री राकेश कुमार राठौर गुरू, सदस्य विधान परिषद व श्रावस्ती लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्र, सदस्य विधान परिषद पदमसेन चौधरी व डाक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष उदयप्रकाश त्रिपाठी, देवीपाटन मण्डल के अपर आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के उप सचिव कुमार सौरभ राज (आईएएस), पुलिस उप महानिरीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जिन जिलों में एयरपोर्ट का संचालन शुरू किया गया है। उनमें एक लाख यात्रियों को फायदा होगा। इससे स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही जिले का आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है। इसलिए अपने मिशन पर तेजी से चल रहा हूं। देश के लोग देख रहे हैं कि मोदी किस मिट्टी का बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रावस्ती एयरपोर्ट चालू होने से श्रावस्ती जिला बाकी शहरों से सीधे जुड़ गया है। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों के लिए गन्ना मूल्य 315 से बढ़ा कर 340 रुपए कर दिया है। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एयरपोर्ट का विकास देश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

18 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री ने दो बार लिया श्रावस्ती का नाम: प्रधानमंत्री का संबोधन 12 बजकर 17 मिनट पर शुरू हुआ और 12 बजकर 35 मिनट पर समाप्त हुआ।

डीएम कृतिका शर्मा ने अतिथियों के स्वागत के दौरान कहा कि खलीलाबाद से बहराइच को जोड़ने वाली रेल लाइन बलरामपुर व श्रावस्ती से होकर गुजरेगी। इसके बिछाने का काम जल्द शुरू होगा। श्रावस्ती में बिछने वाली यह पहली रेल लाइन होगी। बिना जांच के अंदर नहीं जाने दिए गए लोग : श्रावस्ती एयरपोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में सीमित लोगों को आमंत्रित किया गया था। इसके बाद भी कुर्सियां खचाखच भरी थीं। लोग बाहर खड़े भी थे। प्रवेश द्वार पर जांच करके अंदर जाने दिया गया। इसके बाद दोबारा जांच करके कार्यक्रम स्थल पर जाने दिया गया।

12 मार्च से शुरू होंगी नियमित उड़ानें

एयरपोर्ट का निरीक्षण करते कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा

डीएम कृतिका शर्मा ने बताया कि श्रावस्ती एयरपोर्ट से 19 सीटर विमान का संचालन लखनऊ के लिए प्रारम्भ किया जा रहा है। 12 मार्च से नियमित उड़ान शुरू होगी। इसके साथ ही जल्दी ही अन्य जिलों के लिए भी श्रावस्ती से हवाई सेवा शुरू होगी। उन्होंने बताया कि श्रावस्ती एयरपोर्ट चालू होने से देश विदेश के यात्रियों को सुविधा होगी। कारण है कि बौद्ध स्थली का दर्शन करने के लिए प्रतिवर्ष करीब तीन लाख लोग आते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राजकुमार त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर जिलाधिकारी बलरामपुर अरविन्द सिंह, पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार, एयरपोर्ट अथॉरिटी के महाप्रबन्धक केशल अग्रवाल, निदेशक एयरपोर्ट अथॉरिटी श्रावस्ती कुमार ज्ञानु, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, उपजिलाधिकारी इकौना ओम प्रकाश, पुलिस क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर के प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम आदि मौजूद रहे।

पोलिंग बूथ का गहनता से निरीक्षण करें कर्मचारी : एसपी

संवाद न्यूज एजेंसी

मासिक सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी में दिए निर्देश

श्रावस्ती। पुलिस कार्यालय सभागार में रविवार को मासिक सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ। समीक्षा के दौरान एसपी ने आगामी त्योहार व चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को गहनता से पोलिंग बूथ का निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

बैठक में एसपी घनश्याम चौरसिया ने पुलिस कर्मचारियों के वेलफेयर के लिए सभी थाना प्रभारियों व प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिया कि पुलिस कर्मचारियों के लिए बने आवासीय परिसर व बैरकों की सफाई, बिजली पानी की व्यवस्था करें। साथ ही उन्हें पौष्टिक भोजन दिलाएं। साथ ही ऑपरेशन त्रिनेत्र को गंभीरता से लेने व ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए न्यायालय में चिन्हित अभियोगों में साक्ष्य प्राथमिकता के आधार पर कराने को कहा।

इस दौरान भिनगा के आरक्षी संजीव भारती व राजू सिंह ने क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों तथा क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्रों के बारे में जानकारी दिया। इस मौके पर एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे, इकौना संतोष कुमार, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

श्रावस्ती में पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते एसपी। स्रोत पुलिस

बूथों पर पढ़कर सुनाई गई मतदाता सूची

प्राथमिक विद्यालय टंडवा में मतदाता सूची पढ़कर सुनाते बीएलओ। -संवाद

श्रावस्ती। मैं हूं न थीम पर बूथ लेवल ऑफिसर जिले के सभी बूथों पर रविवार को मौजूद रहे। बीएलओ ने ग्रामीणों को मतदाता सूची पढ़ कर सुनाई। इस दौरान बीएलओ ने लोगों से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर अपना नाम बढ़वाने की अपील की। प्राथमिक विद्यालय टड़वा बूथ पर मौजूद बीएलओ प्रीती सिंह व हितेंद्र नंदन पांडेय ने कहा कि नया वोटर कार्ड या मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए एक रंगीन फोटो, आधार कार्ड की फोटोकॉपी व मोबाइल नंबर जरूरी है। इसके साथ ही जो लोग एक जनवरी 2024 को 18 साल की आयु पूरी कर चुके हैं। वह हर हाल में अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा लें। अन्य पोलिंग बूथों पर मौजूद बीएलओ ने जहां ग्रामीणों के समक्ष मतदाता सूची पढ़ा। लोगों से मतदाता सूची में नाम बढ़वाने व मृतकों के नाम हटाने के लिए संबंधित फार्म भरकर बीएलओ को देने की अपील की। (संवाद)

'चोरी और लूट की घटनाओं पर लगाएं अंकुश'

संवाद सूत्र, श्रावस्ती : पुलिस कार्यालय सभागार में रविवार को सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एसपी घनश्याम चौरसिया ने की। उन्होंने कहा कि अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन व बिक्री और चोरी व लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाएं। इसके लिए रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण तेज करें।

पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी में मौजूद एसपी घनश्याम चौरसिया (बाएं) व एएसपी प्रवीण कुमार यादव (बाएं से दूसरे) ● जागरण

एसपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारी व कर्मचारी क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदान केंद्र के अलावा सभी केंद्रों का निरीक्षण करें। लंबित जनशिकायतों व आइजीआरएस प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध निस्तारित कराएं। बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतें। सांप्रदायिक भावना भड़काने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। इंटरनेट मीडिया पर निगरानी रखें। डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट करें। लंबित विवेचनाओं, विशेषकर अनावरित अभियोगों के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करें। सड़क हादसों को रोकें। सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाया जाए। बालिकाओं व महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध पर अंकुश लगाएं। वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करें। बीट प्रणाली को मजबूत करें। बीट प्रभारी गांव में जाकर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रेरित करें। इंडो नेपाल बार्डर सुरक्षा के लिए एसएसबी व पुलिस समन्वय स्थापित कर सीमा की गतिविधियों पर नजर रखें। एएसपी प्रवीण यादव, सीओ भिनगा एके चौबे, इकौना संतोष कुमार, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार मौजूद रहे।

आरोपी गिरफ्तार

गिरंटबाजार। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हरदत्त नगर गिरंट थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस जांच कर रही थी।

पुलिस ने 27 वाहनों का चालान काटा

श्रावस्ती। यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एसपी के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न स्थानों पर स्थित बैरियर व चेक पोस्ट पर चेकिंग लगाकर वाहनों के कागजात, तीन सवारी, हेलमेट आदि की जांच की गई। इस दौरान 27 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। जिनका मोटर अधिनियम के तहत ई-चालान कर 34 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

महाराष्ट्र कमाने गए युवक की लटकी लाश मिली

श्रावस्ती। मल्हीपुर थाने के बरगदहा निवासी फूलचंद्र मौर्य उम्र करीब 18 वर्ष पुत्र शोभाराम तीन माह पहले मजदूरी करने के लिए महाराष्ट्र के अहमदनगर गया था। वहीं मेराज गांव में एक होटल में काम करता था। लेकिन शुक्रवार रात उसकी लाश होटल के एक कमरे में लटकी मिली। इसकी सूचना गांव में पहुंची तो हाहाकार मच गया। परिजनों ने आरोप लगाया फूल चंद्र से शुक्रवार शिव रात्रि को शाम चार बजे बात हुई और मोटरसाइकिल का किस्त 14 हजार रुपये भेजा था। इसके बाद रात 10 बजे फूल चंद्र मौर्य के फांसी लगाने की सूचना मिली।

एसपी ने दिए क्रिटिकल बूथों के निरीक्षण के निर्देश

- त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयोजित हुआ सम्मेलन
- एसपी की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय में हुआ कार्यक्रम

श्रावस्ती। कानून व्यवस्था बनाए रखने और लोकसभा चुनाव व त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को सैनिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में एसपी ने पहले पुलिस कर्मचारियों से उनकी समस्या की जानकारी ली और अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

सैनिक सम्मेलन का आयोजन पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय सभागार में हुआ। इस दौरान एसपी ने बीट पुलिस आरक्षियों से चुनाव की तैयारियों को लेकर बीट क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। थाना भिनगा क्षेत्र से आरक्षी संजीव भारती, आरक्षी राजू सिंह की ओर से क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों तथा क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई। एसपी ने आगामी त्योहारों पर शांति बनाए रखने के लिए निरीक्षण करने का निर्देश दिया। चुनाव व त्योहार को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर बैरियर लगाकर चेकिंग करने, मादक पदार्थ की तस्करी करने वालो विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ-साथ कच्ची शराब पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। लम्बित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण करने को निर्देशित किया।

पानी टंकी से बैटरी चोरी

जमुनहा (श्रावस्ती)। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गंगाभागड़ में पानी टंकी स्थित है, जहां सोलर लगा हुआ है, जिसकी बैटरी शुक्रवार की रात चोर खोल ले गए। पानी टंकी पर तैनात चौकीदार सीताराम उर्फ पाटनदीन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। (संवाद)

शांतिभंग में छह गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने शनिवार रात अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्रों से पांच लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। (संवाद)

27 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। पुलिस ने रविवार को वाहन जांच अभियान चलाया। विभिन्न बैरियर पर जांच के दौरान पुलिस ने 27 वाहनों का ई चालान किया। साथ ही पुलिस ने 34500 रुपये शमन भी किया। (संवाद)

अपहृत युवती मिली, आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र निवासी एक युवती का कुछ दिन पूर्व बहला फुसला कर अपहरण कर लिया गया था। इस मामले में युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने बहराइच के थाना मटेरा अंतर्गत ग्राम मोहरवा के मजरा लखैया निवासी बदरे आलम उर्फ शहजाद के विरुद्ध अपहरण व दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। रविवार को उसे इमिलिया चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। जिसके बताए पते से पुलिस ने युवती को खोज निकाला। गिरफ्तार आरोपी को संबंधित रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। (संवाद)

महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

श्रावस्ती में महिलाओं को जागरुक करतीं महिला आरक्षी। स्रोत पुलिस

पुलिस की ओर से चलाया गया विशेष अभियान

श्रावस्ती। महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, योजनाओं व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने के लिए जिला पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत रविवार को शक्ति मोबाइल टीम ने खुरुहुरी, बरदेहरा, सेमगढा, नासिरगंज कला गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद महिलाओं व युवतियों को सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई। जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। शक्ति दीदी ने छह से आठ वर्ष तक के बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में बताया। साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दिया। इस दौरान महिला आरक्षी अर्जिता यादव, पूजा, मायावती, सुषमा सिंह, सोनी देवी, पम्मी साहू, काजल आदि मौजूद रहीं। (संवाद)